दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 330 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, गुरूवार 25 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# 70 साल से कांग्रेस वालों ने शेखावाटी के साथ ठगी की, ठगने वालों को सबक सिखाना जरूरी : भजनलाल शर्मा

**सीकर और झुंझुनू के 539 करोड रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया मुख्यमंत्री ने, कार्यक्रम में मंत्री झाबर सिंह खर्रा, प्रतिपक्ष के नेता राजेंद्र सिंह राठौड़, सैनिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजोर, विधायक गोवर्धन वर्मा, विधायक हरलाल सहारण, विधायक सुभाष मील, विधायक राजेंद्र भांभू, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, मुकेश दाधीच सहित सीकर और झुंझुनू में पार्टी के संगठन से जुड़े सभी बड़े नेता और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को रामगढ़ शेखावाटी में आयोजित एक शानदार और यादगार कार्यक्रम में सीकर और झुंझुनू जिले से संबंधित 539 करोड रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक शेखावाटी क्षेत्र के लोगों के साथ धोखा किया है। यमुना के पानी का वादा करके वोट तो लिए लेकिन सरकार बनने के बाद वादे को भूल गए। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि आप हर बार कांग्रेस को बड़ा बनाते रहे कांग्रेस की राजस्थान में और दिल्ली में सरकार बनती रही लेकिन आपके साथ उन्होंने जो वादे किया उन वादों को कभी पूरा नहीं किया अब समय आ गया है जिन्होंने आपके साथ ठगी की है धोखा किया है उनको सबक सिखाने का उन्होंने कहा कि आज हम 21वीं शताब्दी में जी रहे हैं इसलिए कांग्रेस जो जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति के आधार पर अपनी राजनीति की रोटी सेकती रही लेकिन अब विकास का दौर पूरे देश में चल पड़ा है इसलिए जो लोग जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं उन्हें सबक सिखाने का यही सही समय है।

## कांग्रेस का नेतृत्व तो सिर्फ आलू से सोना बनाना जानता है, कौन सी फसल कब उगेगी इसकी उन्हें जानकारी नहीं

कार्यक्रम में भजनलाल शर्मा ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी का नाम तो नहीं लिया लेकिन उनके पुराने चर्चित बयान पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व को यह नहीं पता कि कौन सी फसल कब उगती है वह आलू से सोना बनाने की बात कहते हैं और हम शेखावाटी के लोगों को समुचित पानी उपलब्ध करवा कर और खेत में हल जोतकर किसान से समृद्धि खेती के माध्यम से सोना पैदा करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं । उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि शेखावाटी की धरती सोना उगलती है यहां की धरती और यहां के लोगों में मां सरस्वती मां दुर्गा और मां लक्ष्मी का सीधा वास है जिसके फल स्वरुप शेखावाटी के लोग एक तरफ मिलिट्री में बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति सालों से दिख रहे हैं तो दूसरी तरफ देश और दुनिया में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न व्यवसाय में शेखावाटी के लोग अपना और राजस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं इसके अलावा शेखावाटी के लोग दान और चंदा देने में भी हमेशा सबसे आगे रहते हैं इसीलिए शेखावाटी के लोगों और यहां के इलाकों के विकास और कल्याण के लिए उनके दिल में एक अलग सा भाव है जिसको वे शब्दों में बयां नहीं कर सकते



## शेखावाटी वह पर्यटन होगा जिसे दुनिया देखने आएगी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने पिछले दो साल में शेखावाटी क्षेत्र की विरासत कला संस्कृति के प्रचार प्रसार और यहां के प्राचीन भवन हवेलियां इत्यादि के संरक्षण और विकास के लिए व्यापक कदम उठाए हैं । उन्होंने कहा कि शेखावाटी को पर्यटक टूरिस्ट के रूप में विकसित करने के लिए सरकार तेजी से कार्य कर रही है उन्होंने कहा कि यहां की हवेलियां कला और संस्कृति की जीवंत उदाहरण है। जिन्हें दोबारा नहीं बनाया जा सकता इनका संरक्षण जरूरी है सरकार इसी दिशा में यहां कार्य कर रही है आने वाले दिनों में शेखावाटी को पर्यटन के क्षेत्र में इस तरह से विकसित किया जाएगा की दुनिया भर के लोग यहां देखने आएंगे ।उन्होंने कहा कि इसके लिए सख्त कानून भी बनाएंगे जिनके माध्यम से हवेलियों का संरक्षण होता रहेगा उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग के लिए राजस्थान जैसी जगह पूरे भारत और दुनिया में नहीं है यहां पर महल हैं रेगिस्तान हैं पहाड़ हैं झील सब कुछ है इसीलिए दुनिया भर के लोगों में राजस्थान को देखने की ललक रहती है ।

## विकास की कोई चिंता करने की जरूरत नहीं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किया है। बड़े-बड़े निर्णय और बड़े-बड़े फैसले लिए हैं जिनकी पूरे हिंदुस्तान में चर्चा हो रही है उन्होंने कहा कि राजस्थान में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं है राजस्थान सरकार लगातार विकास के कार्यों को आगे तेजी से बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हमने सीकर झुंझुनू सहित पूरे प्रदेश में रोजगार देने का भी काम किया है और अगर मैं पिछले 2 साल में सरकार के विकास कार्यों के बारे में आपको बताऊं तो लिस्ट बहुत लंबी हो जाएगी । उन्होंने कहा कि बस हम यही चाहते हैं कि राजस्थान का किसान खुशहाल और आर्थिक रूप से मजबूत हो। सरकार जानती है कि जब तक किसान आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगा तब तक राजस्थान क्या कोई भी प्रदेश तरक्की नहीं कर सकता इसलिए हमने किसान युवा महिला मजदूर इनके कल्याण और विकास को सबसे पहले प्राथमिकता दी है और इस दिशा में हमारी सरकार रोड मैप तैयार करके तेजी से विकास कार्य करवा रही है ।

## हमें भाइयों, बहनों और माता की चिंता है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन और मार्गदर्शन में तथा मोदी सरकार के सहयोग से प्रदेश में महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए तेजी से कार्य किया जा रहे हैं । कई तरह की योजनाएं डबल इंजन सरकार की ओर से लागू की गई है जिनका महिलाएं भरपूर फायदा उठा रही हैं और महिलाएं तेजी से स्वावलंबन और आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं । उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केदो पर तमाम तरह की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं । पौष्टिक आहार दूध तमाम तरह के प्रबंध किए गए हैं जिसकी वजह से आंगनबाड़ी केंद्र की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल रही हैं महिलाओं को रोजगार के लिए अनुदान दिया जा रहा है राजीविका योजना के माध्यम से प्रदेश में लाखों महिलाओं के जीवन में और उनके परिवार में खुशियां आ गई हैं हमारी बहनें अब लखपति दीदी बन रही हैं और लखपति बनने के बाद मिलेनियम दीदी बनने की ओर तेजी से बढ़ रही हैं यही कमाल है हमारी सरकार का ।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने फिर विपक्ष को विकास कार्यों की चर्चा के लिए ललकार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर जोरदार हमला बोला और कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जितने विकास कार्य किए हैं इतने विकास कार्य प्रदेश में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में भी नहीं किए थे । उन्होंने कहा कि कई बार कांग्रेस पार्टी के नेताओं को दोनों सरकारों के विकास कार्यों की तुलना करने के लिए मैं खुले मंच से आमंत्रित किया लेकिन उनके सवालों का कांग्रेस पार्टी के नेताओं के पास कोई जवाब नहीं है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेता खुद जानते हैं कि हमारी सरकार के 2 साल के विकास कार्यों की तुलना में उनके 5 साल के विकास कार्य कहीं भी नहीं टिकते । इसलिए कांग्रेस पार्टी के नेता उनके इस सवाल पर हमेशा गोल-गोल जवाब देते रहते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादे किए उस संकल्प पत्र के 70 प्रतिशत वादे या तो पूरे हो गए या फिर प्रक्रिया में है उन्हें विश्वास है कि निर्धारित समय से बहुत पहले संकल्प पत्र के सभी वादे पूरे हो जाएंगे इसी तरह से अब तक हमारी सरकार ने जितने भी बजट प्रस्तुत किए हैं उन बजट में जितने भी घोषणाएं हैं उन घोषणाओं में 73 प्रतिशत घोषणाएं या तो पूरी हो गई हैं या फिर प्रक्रिया में चल रही हैं ।

## राइजिंग राजस्थान और प्रवासी राजस्थान दिवस के आयोजन से प्रदेश के युवाओं को मिलेगा बड़े स्तर पर रोजगार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हम प्रदेश के युवाओं के भविष्य को चमकाने के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए हर साल जहां 100000 सरकारी नौकरी उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं तो निजी क्षेत्र की कंपनियों से भी बराबर सरकार संपर्क में रहकर उन्हें प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के लिए निर्देशित कर रही है। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम के माध्यम से भी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार चाहती है कि राजस्थान का युवा रोजगार लेने वाला नहीं बल्कि रोजगार देने वाला बने उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ के जो समझौते हुए थे । उनमें एक चौथाई समझौते धरातल पर आ गए हैं। जमीन आवंटन का काम नए उद्योगपतियों को तेजी से किया जा रहा है आने वाले दिनों में प्रदेश में उद्योगों का एक शानदार और नया माहौल बनेगा जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं को बड़े स्तर पर रोजगार मिल सकेगा। प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह के तहत भी प्रवासी राजस्थानियों ने यहां ज्यादा से ज्यादा इकाइयां स्थापित करने में रुचि दिखाई थी इसलिए आने वाले सालों में राजस्थान उद्योगों के क्षेत्र में एक नया स्थान हासिल करने वाला है जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि विपक्ष के नेता यमुना जल समझौते और ईआरसीपी योजना को लेकर प्रदेश के लोगों में गलत जानकारी देकर गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा कि इन दोनों ही योजनाओं को लेकर हमारी सरकार सतत कार्य कर रही है ।एक तरफ जहां ईआरसीपी योजना को कागजों से निकलकर हमारी सरकार धरातल पर लाई और इस पर तेजी से कार्य हो रहा है तो दूसरी तरफ हरियाणा से यमुना जल समझौता करके सरकार इस प्रोजेक्ट की डीपीआर तैयार कर रही है उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि आपको चिंता करने की बिल्कुल भी जरूरत नहीं है सरकार आपके लिए चिंतित है और यमुना का पानी हर हाल में शेखावाटी के लोगों को मिलेगा जरूर मिलेगा ।

# मोदी कैबिनेट की दिल्ली को नए साल से पहले बड़ी सौगात, तीन नए मेट्रो कॉरिडोर को मिली हरी झंडी






जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** केंद्र की मोदी सरकार ने नए साल से पहले दिल्ली वासियों को बड़ी राहत दे दी है बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई कैबिनेट की बैठक में दिल्ली मेट्रो फेज-V (A) के तहत 3 नई मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दे दी गई है। इस फैसले की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में दी केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने कुल किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन के निर्माण को स्वीकृति दी है इस परियोजना पर अनुमानित रूप से 12014.91 करोड रुपए की लागत आएगी जिसे केंद्र सरकार दिल्ली सरकार और अंतरराष्ट्रीय फंडिंग एजेंसी के सहयोग से पूरा किया जाएगा इन कॉरिडोर का निर्माण 3 वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने बताया कि जिन तीन मेट्रो कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है उनमें आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक 9.913 किलोमीटर एयरोसिटी से आईजीडी एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक 2.263 किलोमीटर तक और तुगलकाबाद से कालिंदी कुंज तक 3.9 किलोमीटर लंबा गलियारा शामिल है। इन तीनों मार्गों पर कुल 13 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे जिनमें 10 भूमिगत और तीन एलिवेटेड स्टेशन होंगे । अश्वनी वैष्णव ने बताया कि आरके आश्रम मार्ग से इंद्रप्रस्थ तक कॉरिडोर बोटैनिकल गार्डन- आरके आश्रम मार्ग तक लाइन का विस्तार होगा इससे पुनर विकसित हो रहे सेंट्रल विस्टा क्षेत्र को सीधी मेट्रो सुविधा मिलेगी कर्तव्य भवन में काम करने वाले कर्मचारियों और यहां आने वाले आगंतुकों को इसका बड़ा लाभ होगा अनुमान है कि इस रूट से रोजाना लगभग 60000 कर्मचारियों और करीब 2 लाख आगंतुकों को सुविधा मिलेगी । अश्विनी वैष्णव ने बताया कि एयरोसिटी से एयरपोर्ट टर्मिनल -1 पुर्तगालकाबाद से कालिंदी कुंज तक के कॉरिडोर एयरोसिटी तुगलकाबाद लाइन का विस्तार होंगे इससे साकेत तुगलकाबाद कालिंदी कुंज और दक्षिणी दिल्ली के अन्य इलाकों की घरेलू हवाई अड्डे से कनेक्टिविटी और बेहतर होगी उन्होंने बताया कि आरके आश्रम-इंद्रप्रस्थ क्षेत्र पर प्रस्तावित स्टेशनों में आरके आश्रम मार्ग शिवाजी स्टेडियम सेंट्रल सेक्रेटेरिएट कर्तव्य भवन इंडिया गेट वॉर मेमोरियल हाई कोर्ट बडौदा हाउस भारत मंडपम और इंद्रप्रस्थ शामिल हैं। वही तुगलकाबाद कालिंदी कुंज क्षेत्र पर सरिता विहार डिपो मदनपुर खादर और कालिंदी कुंज स्टेशन प्रस्तावित है । असली वैष्णव का कहना है कि इन मेट्रो विस्तार परियोजनाओं से सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव घटेगा और प्रदूषण में भी कमी आएगी अनुमान है कि इसे हर साल लगभग 33000 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन कम होगा फिलहाल दिल्ली मेट्रो ढ्ढङ्क के तहत 111 किलोमीटर लंबाई और 83 स्टेशनों का निर्माण कार्य जारी है प्राथमिकता वाले तीन कॉरिडोर में से करीब प्रतिशत सिविल कार्य पूरा हो चुका है जिन्हें दिसंबर 2026 तक चरणबद्ध रूप से शुरू करने की योजना है वर्तमान में दिल्ली मेट्रो रोजाना औसतन 65 लाख यात्रियों को सेवा दे रहा है जबकि 8 अगस्त 2025 को 81.87 लाख यात्रियों का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज किया गया है दिल्ली एनसीआर में इस समय डीएमआरसी 12 मेट्रो लाइनों लगभग 395 किलोमीटर नेटवर्क और 289 स्टेशनों का संचालन कर रही है ।

# एक्टिव रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक्टिव प्रयासः घने कोहरे से रेल दुर्घटना रोकने के पुख्ता प्र्रबंध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक तरफ जहां देश में रेल यात्रियों के सफर को आसान और आरामदायक बनाने के लिए लगातार नए-नए कदम उठा रहे हैं तो दूसरी तरफ रेल दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर भी नए-नए नवाचार और नए-नए प्रबंध रेल प्रशासन की ओर से सुनिश्चित किया जाना निश्चित कर रहे हैं । इसी क्रम में उत्तर भारत में सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के कारण मुख्यत: रेल यातायात भी प्रभावित होता है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल के रेलखण्ड प्रमुखत: कोहरे की अधिकता से प्रभावित रहते है। कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डो में रेलसेवाओं के सुरक्षित संचालन के लिये रेलवे ने विशेष अतिरिक्त प्रबन्ध किये है। जिसमें सम्बंधित विभाग इंजीनियरिंग, सिगनल एंव दूरसंचार विद्युत यांत्रिक परिचालन व संरक्षा विभाग द्वारा



किसी भी प्रकार की परिस्थिति में संरक्षित रेल संचालन हेतु दिशानिर्देश जारी किये गए है। उत्तर पश्चिम रेल कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सर्दियों के मौसम में कोहरे की अधिकता के दौरान गाडी संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को देखते उत्तर पश्चिम रेलवे पर विशेष प्रंबध किये गए है। संरक्षित रेल संचालन को सुनिश्चित करने के लिये अमिताभ महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे ने सभी विभागाध्यक्षों को सर्दियों के मौसम में विशेष सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए समीक्षा बैठक में भी निर्देशित किया। उत्तर पश्चिम रेलवे पर कोहरे की अधिकता वाले रेलखण्डों में चलने वाली समस्त रेलसेवाओं के लोको पायलट को फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध करवाये गए है। सम्पूर्ण उत्तर पश्चिम रेलवे पर लगभग 1500 फोग सेफ्टी डिवाईस उपलब्ध है एवं इन सभी में धुन्ध कोहरे वाले रेलखण्ड की जीपीएस मैपिंग कर दी गई है। इस रेलवे के जयपुर एवं बीकानेर मण्डल पर प्राय: धुन्ध एवं कोहरे की अधिकता रहती है। इस कारण इन मण्डलों पर अधिक संख्या में फोग सेफ्टी डिवाईस का प्रयोग किया जाता है। फोग सेफ्टी डिवाईस को इंजन पर लगा दिया जाता है यह डिवाईस ऑन होने के बाद जीपीएस प्रणाली द्वारा उस खण्ड में स्थित सभी सिग्नलों की दूरी के बारे में लोको पायलट को पूर्व में ही अवगत कराता रहता है। जिससे लोको पायलट अपनी गाडी की स्पीड की नियंत्रित कर संरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके अतिरिक्त कोहरे वाले रेलखण्डों में सभी स्तर के कर्मचारियों के लिए सेफ्टी सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है तथा कम तापमान के दौरान रेल/वेल्डिंग फेलियर की पहचान कर उनको रिपेयर किया जा रहा है तथा फिश प्लेटों का अनुरक्षण ट्रेक रिन्यूअल जैसे कार्य पूरे किए जा रहे है। कोहरे वाले रेलखण्ड के स्टेशनों समपार फाटकों एवं पूर्व चिन्हित जगहों पर डेटोनेटर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। लोको पायलट को सिगनल एवं अन्य संकेतको की दृश्यता ठीक प्रकार से दिखे इसके लिए संकेतको पर पुन: पेटिंग एवं चमकीले साईन बोर्ड तथा संकेतको के पास गिट्टियों को चुने से रंगा गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे खण्ड में पेट्रोलिंग की आवृति को बढाकर रेलपथ की निगरानी को बढाया गया है। कोहरे के मौसम में संरक्षा को सुदृढ करने के लिए रेलकर्मियों के विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था निरीक्षकोंअधिकारियों द्वारा रेलवे स्टॉफ की सजगता को लगातार चैक किया जा रहा है।

# ख्वाजा साहब की दरगाह पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन की ओर से चादर पेश, डोटासरा और जूली भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स के अवसर पर अजमेर स्थित उनकी दरगाह पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे का संदेश पढ़कर सुनाया। इस मौके पर देश में अमन,चैन,शांति और भाईचारा बना रहे को लेकर दुआ की गई। जूली बोले ख्वाजा साहब ने दुनिया को आपसी भेदभाव भुलाकर



सौहार्दपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उर्स में सभी धर्म एवं संप्रदाय के लोग श्रद्धा भाव से शामिल हो रहे है भारत की एकता का प्रतीक है। उन्होंने 814वें उर्स के पावन अवसर पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए ख्वाजा साहब के दरगाह पर अकीदत के फूल एवं चादर भेंट की। इस दौरान विधायक रफीक खान अमीन कागजी जाकिर गैसावत विकास चौधरी अल्पसंख्यक के विभाग प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार आरटीडीसी के पूर्व चैयरमेन धर्मेन्द्र राठौड़अमीन पठान इमरान खान आर्यन जुबेर खान शहर जिलाध्यक्ष राजकुमार जयपाल देहात जिलाध्यक्ष विकास चौधरी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, गुरूवार
25 दिसम्बर, 2025


## प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के गौरवशाली 25 वर्षों में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किए गए ऐतिहासिक कार्य

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)** प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना (पीएमजीएसवाई) के गौरवशाली 25 वर्षों में अलवर जिले में 661 ग्रामीण बस्तियों को बारहमासी सडकों से जोडा गया एवं 1961 किसी लम्बाई की सडकों का नव निर्माण एवं सुदृडीकरण का कार्य किया गया। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह ने बताया कि योजना के तहत विगत 25 वर्ष में जिले में 540 गांवों के लिए करीब 207.74 करोड रूपये की लागत से 881.93 किमी लम्बाई का नव निर्माण कर 661 गांव, बस्तियों, ढाणियों एवं बसावटों को जोडा गया है। इसी प्रकार योजना के भारत निर्माण फेज के तहत 58 कार्यों के लिए 138.58 करोड की लागत से 518.30 किमी लम्बाई की सडकों का सुदृढीकरण, नवीनीकरण एवं चौडाईकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि द्वितीय फेज के तहत जिले में 22 थ्रू-रूट (मुख्य रास्तें) 177.14 किमी लम्बाई के चौडाईकरण, सुदृढीकरण का कार्य 65.80 करोड की लागत से किया गया है। उन्होंने बताया कि योजना के तृतीय चरण में जिले में 32 सडक कार्य 139.99 करोड की लागत से 256.13 किमी लम्बाई की सडकों का विकास एवं उन्नयन किया गया। पीएमजीएसवाई एफआई में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत पूर्व में निर्मित सडकों के प्राथमिकता के आधार पर पुनः नवीनीकरण हेतु विभिन्न चरणों में 110 सडकों 236.52 किमी लम्बाई में नवीनीकरण किया गया है। योजना के चौथे चरण में प्राथमिकता के आधार पर 2 गांव/बस्तियां जग्गू का बास एवं कुम्हारों काबास ब्लॉक रामगढ में योग्य पाई गई है जिन्हें चौथे चरण के लिए चिन्हित किया जाकर स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तीन फेज पूर्ण हो चुके हैं, चौथे फेज का आगाज होने जा रहा है। चौथे चरण का मुख्य लक्ष्य जनगणना 2011 के अनुसार ऐसे बस्तियों को हर मौसम में सडक कनेक्टिविटी देना है जो अभी तक नहीं जुडी है। इसमें मैदानी इलाकों में 500 से अधिक आबादी की असंबद्ध बस्तियों को बारहमासी सडक संपर्क प्रदान करना है।

## हेल्प ऑल फाउंडेशन को RIFA Rajasthan Award में 'Best NGO Award' से किया सम्मानित


जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर, निःस्वार्थ एवं प्रभावी योगदान के लिए Help All Foundation को जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित RIFA Rajasthan Award समारोह में 'Best NGO Award' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान SP Jodha, बॉलीवुड गायिका आकांक्षा शर्मा, हास्य कलाकार विकल्प मेहता तथा पद्मश्री अली गनी द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में पद्मश्री अली गनी ने संस्था के मानवीय कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उल्लेखनीय है कि संस्था जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन, कपड़े-कंबल वितरण तथा घायल व बेसहारा पशुओं की देखभाल जैसे सेवा कार्य निरंतर कर रही है। इस उपलब्धि पर संस्था के सदस्यों व स्वयंसेवकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

## विकास रथ यात्रा का ग्रामों में भव्य स्वागत

### पेपर-लीक रोककर भजनलाल सरकार ने युवाओं का विश्वास जीता : बस्तीराम यादव



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर राजस्थान सरकार का विकास रथ पंचायत समिति बहरोड़ के ग्राम खोहरी, नांगल खोड़िया, माचल, रिवाली व दहमी पहुंचा, जहां ग्रामीणों, महिलाओं व युवाओं ने भव्य स्वागत किया। जनसभाओं की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रशांत यादव ने की, जबकि मुख्य अतिथि एडवोकेट बस्तीराम यादव, प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ रहे। बस्तीराम यादव ने कहा कि भजनलाल सरकार के कुशल प्रबंधन में 200 से अधिक निष्पक्ष परीक्षाएं आयोजित हुईं, जिससे युवाओं का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली, पेयजल, महिला सशक्तिकरण व कानून व्यवस्था में सरकार की उपलब्धियों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर जिला स्तरीय उपभोक्ता जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा(निसं.)।।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में उपभोक्ता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने अपने संबोधन में उपस्थित व्यापारीगण, समाजसेवी, किसान एवं विद्यार्थियों को बदलती परिस्थितियों में उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजग रहने और अपने अधिकारों की जानकारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही स्वस्थ बाजार व्यवस्था की आधारशिला है। कार्यक्रम में जिला रसद अधिकारी राकेश सोनी, राशन डीलर एसोसिएशन कोटकासिम के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव सिंह चौहान, मुंडावर ब्लॉक अध्यक्ष अतर सिंह, शिक्षाविद् गुरुदत्त शर्मा, दुली चन्द, गोकुल राम, कविता कुमारी, प्रियंका मातोरिया एवं मनीष वर्मा एचपी गैस एवं इंडेन गैस कंपनियों के संचालक, पेट्रोल पंप एसोसिएशन तथा व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन हरवीर सिंह राणा द्वारा किया गया।

# जिला कलक्टर ने ली जिला निष्पादन समिति एवं मिड-डे मील की समीक्षा बैठक

### स्कूलों के टॉयलेट की मांगी मौका स्थिति रिपोर्ट इनमें होगा सुधार, खेल मैदानों से हटेंगे अतिक्रमण

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति एवं मिड-डे मील की समीक्षा बैठक लेकर प्रोजेक्ट ई-विद्या पोर्टल, ई-लाइब्रेरी, एवं मिड-डे मील योजना समेत शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा कर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष फोकस करते हुए विद्यार्थियों का लर्निंग आउटकम बढ़ाने का प्रयास करें। उन्होंने मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान फ्लैगशिप योजना की रैंकिंग में राज्य स्तर पर पहली बार में ही जिले को विद्यार्थियों की उपस्थिति में तीसरी रैंक प्राप्त शिक्षा विभाग के कार्मिकों की सराहना की। साथ ही निर्देश दिये कि बोर्ड परीक्षा परिणामों में सुधार हेतु रिमेडियल कक्षाएं, मेंटरशिप प्रोग्राम, प्री बोर्ड इत्यादि के माध्यम से विशेष प्रयास करें।

### एक वर्ष में तैयार हुई 212 ई-लाइब्रेरी, अब डिजिटल शिक्षा पर जोर

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी 291 पीईईओ विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने हेतु एक व्यापक और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट अलवर ई-विद्या का शुभारम्भ 23 जनवरी 2024 में किया गया, जिसके तहत एक वर्ष में 212 ई-लाइब्रेरी क्रियाशील हो चुकी है, इनमें गोविन्दगढ ब्लॉक में 16, कठूमर में 26, लक्ष्मणगढ में 17, मालाखेडा में 26, रैणी में 19, राजगढ में 25, रामगढ में 28, थानागाजी में 28 एवं उमरैण ब्लॉक में 27 ई-लाइब्रेरी क्रियाशील है तथा 39 ई-लाइब्रेरी का कार्य प्रगति पर है। साथ ही सीएसआर मद सहित सरकारी योजनाओं से 79 पीईईओ विद्यालयों में और इ-लाइब्रेरी बनाए जाने के प्रस्ताव लिए गए हैं, जिसमें मेवात योजना के तहत 10, गुरू गोलवरकर योजना के तहत 2, सीएसआर के तहत 2, प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत 24, डीएमएफटी के तहत 30, सांसद निधि के तहत 11 डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जानी है।

### सरकारी स्कूल के टॉयलेट की सूची मांगी, खेल मैदानों से अतिक्रमण हटेगा

जिला कलक्टर ने सीडीईओ को निर्देश दिये कि जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के शौचालयों की वर्तमान स्थिति की सूची 1 जनवरी तक भिजवाए। उन्होंने कहा कि सरकारी मद या सीएसआर के माध्यम से नए शौचालय बनवाने एवं उनका जीर्णोद्धार आदि कार्य कराया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिये कि सरकारी स्कूल के खेल मैदानों पर अतिक्रमण हटाने के संबंध में समस्त सीबीईओ उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई करावे।

### शिक्षा की गुणवत्ता व डिजिटल शिक्षा पर दिया जोर

उन्होंने ई-लाइब्रेरी और स्मार्ट टीवी के उपयोग की समीक्षा कर निर्देश दिये कि क्रमबद्ध रूप से ई-लाइब्रेरी बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही स्मार्ट टीवी की संख्या में आवश्यकता के अनुरूप इजाफा किया जाएगा। उन्होंने सभी सीबीईओ को निर्देशित किया कि प्रोजेक्ट ई-विद्या के तहत तैयार कराए गए ई-विद्या लाइव पोर्टल पर 281 स्कूलों के बच्चों द्वारा कंटेंट डाले जा रहे हैं। इसे और वाइब्रेंट बनाने के लिए कार्य करें। बच्चे इससे जुडकर डिजिटल शिक्षा प्राप्त कर सके। इसी प्रकार उन्होंने निर्देश दिए कि डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों की सहभागिता से प्रत्येक विद्यालय की ई -मैगज़ीन एवं ब्लॉग क्रिएशन कर बच्चों से रचनात्मक लेखन करवाएं जाएं।

### मिड-डे मील योजना की समीक्षा की

जिला कलक्टर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्ता युक्त खाना उपलब्ध हो इसके लिए खाद्य सामग्री एवं दुध की आपूर्ति समयबद्ध हो तथा कुक कम हेल्पर का समयबद्ध भुगतान व खाद्य सामग्री का उचित रखरखाव कराया जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि आपूर्तिकर्ता फर्म का भी भुगतान समयबद्ध कराया जावे। बैठक में एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार गुप्ता, एडीपीसी मनोज शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक महेश मेहता, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेश बैरवा सहित समस्त सीबीईओ एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 151 बच्चों को जर्सियां, जूते, मफलर और टोपी किए वितरित

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से फिडिंग हैंडस के सहयोग से दिवाकरी के शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल में 151 बच्चों को जर्सियां, जूते और मफलर वितरित किए गए। यह सामान नेक कमाई की ओर से संचालित दो शिक्षा संस्कार वृक्ष स्कूल तथा विमंदित विद्यालय के बच्चों को दिए। जयपुर की संस्था फिडिंग हैंडस की ओर से पंकज जैन व अमरदीप सोनी तथा नेक कमाई के संरक्षक दौलत राम हजरती ने मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीपक प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों का स्वागत मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, युवा समाजसेवी गुरप्रीत सिंह, शिक्षा संस्कार वृक्ष प्रभारी प्रतिभा सिंह, जागृति, विमंदित स्कूल प्रभारी पायल प्रधान ने किया। यह गर्म सामान श्री कृष्णा ऊर्जा लिमिटेड ओर जूते बैरानी बिन्नी परिवार ने दिए जिनका बच्चों ने आभार जताया। संरक्षक दौलत राम हजरती ने नेक कमाई के कार्यक्रमों की जानकारी दी। समाजसेवी अमरदीप सिंह ने कहा कि अलवर में जरूरतमंद बच्चों के लिए वे शिक्षण सामग्री और अन्य उपयोगी सामान की सहायता में कोई कमी नहीं आने देंगे। फिडिंग हैंडस की ओर से अलवर में चल रहे नारी सृजन कार्यक्रम को स्वरोजगार से जोडने के लिए संसाधन दिए जाएंगे। कार्यकम का संचालन जागृति सिंह ने किया। अंत में मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने आभार जताया। नेक कमाई की ओर से फिडिंग हैंडस के सहयोग से राजगढ़ के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 में भी गर्म कपड़े तथा जूते दिए गए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की पहल पर चला ज्ञान वाहन में बच्चों ने किताबों का अध्ययन किया और यहां अभिभावकों ने इसकी सराहना की।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर की संगोष्ठी आयोजित

### उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के संबंध में दी गई जानकारी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** कलक्ट्रेट सभागार, अलवर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस की थीम Efficient and Speedy disposal through Digital Justice थी, जिस पर कलक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी / कार्यशाला आयोजित की गई। उक्त गोष्ठी में विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला ग्राहक पंचायत, उपभोक्ता संरक्षण समिति, जिला बार एसोसिएशन, उपभोक्ता क्लबों के सदस्य, विभिन्न उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि, जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन के सदस्य, जिला गैस एजेंसी एसोसिएशन के सदस्य, जिला उचित मूल्य दुकानदार एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में जिला रसद कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। राजेश कृष्ण सिद्ध, प्रदेश उपभोक्ता संरक्षण समिति राजस्थान ने बताया ही जागरूक उपभोक्ता ही सुरक्षित उपभोक्ता है। नरेन्द्र, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, अलवर ने ग्राहकों के अधिकारों के बारे में अवगत कराया। सुनील जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने उपभोक्ताओं / ग्राहकों को अपनी शिकायतें ई-जागृति एप के माध्यम से अवगत कराया। अभिमन्यु सिंह चौहान, अध्यक्ष, जिला बार एसोसिएशन, अलवर एवं महेश गोठवाल, अधिवक्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण, अलवर ने उपभोक्ताओं के उनके अधिकारों के बारे में जन जागृति कैम्पों के माध्यम से कराये जाने का सुझाव दिया गया। सुरेन्द्र यादव, प्राचार्य, श्री कृष्ण लॉ कॉलेज, अलवर ने उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा पर प्रकाश डाला। पंकज शर्मा, सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, अलवर एवं सरोज शर्मा, सदस्य जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, अलवर ने ग्राहकों को कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में दर्ज कराने के बारे में अवगत कराया गया। रचना गोयल, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने उपभोक्ताओं को जन जागरण के माध्यम से डिजीटलाईजेशन से त्वरित न्याय की प्रक्रिया के बारे में अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में जिला रसद अधिकारी विनोद कुमार जुनेजा ने सभी उपस्थित सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन बनवारी लाल शर्मा, प्रवर्तन अधिकारी द्वारा किया गया।

## आयुर्वेद एवं योग सम्पूर्ण विश्व के लिए सिद्ध वरदान - डॉ शेखावत

### महिला योग शक्ति दिवस मनाया धूमधाम से

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भारतीय योग संस्थान की तरफ से महिला योग शक्ति दिवस बड़ी धूमधाम से लॉर्ड सिटी होम सोसाइटी 200 फीट रोड में मनाया गया। कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के जिले भर के सैकड़ों से अधिक योग साधकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती वंदना के साथ प्रारंभ किया गया आसान और प्राणायाम कराए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्यवक्ता डॉ. पवन सिंह शेखावत ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में संपूर्ण विश्व को आरोग्य लाभ प्रदान करने में आयुर्वेद एवं योग की भूमिका किसी वरदान से कम नहीं है। आयुर्वेद शरीर, मन और आत्मा के संतुलन, रोगों के मूल कारण का उपचार और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में आयुर्वेद की भूमिका अतिमहत्वपूर्ण है, जो जड़ी-बूटियों, आहार और दिनचर्या के माध्यम से प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर दीर्घायु और आरोग्य प्रदान करता है, जिससे सिर्फ लक्षणों का नहीं, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य का लाभ मिलता है। आयुर्वेद एक संपूर्ण जीवन-पद्धति है जो व्यक्ति को प्रकृति के अनुरूप एक स्वस्थ, संतुलित और दीर्घायु जीवन जीने का मार्ग दिखाती है। डॉ शेखावत ने बताया कि आयुर्वेद का अभिन्न अंग योग एक प्राकृतिक और सुगम तरीका है जो व्यक्ति के सभी पहलुओं (शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, आध्यात्मिक) पर काम करता है, जिससे व्यक्ति स्वस्थ, संतुलित, ऊर्जावान और तनाव-मुक्त जीवन जी सकता है, जो आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों का सामना करने में सहायक है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. एस.सी. मित्तल द्वारा बताया गया कि हमारे भोजन से एस को दूर रखें एस का अभिप्राय शुगर से, एस का अभिप्राय साल्ट से, एस का अभिप्राय स्ट्रेस से इन सब चीजों को दूर रखें तो हमारा जीवन सुखमय होगा। कार्यक्रम में दीक्षा खंडेलवाल ने एक बहुत सुंदर लोकगीत सुनाया, पुष्पा विनायक व उनकी टीम द्वारा भी एक बहुत ही सुंदर योग संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में रमेश चंद्र गुप्ता, मंजू अग्रवाल, रति यादव, अनीता अग्रवाल एवं अंजू यादव का बहुत सहयोग रहा।

## संगठित प्रयासों से सरिस्का पर्यटन को मिली नई पहचान

### बेहतर प्रबंधन, सुविधाओं और टाइगर साइटिंग से बढ़ी पर्यटकों की संख्या

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** सरिस्का टाइगर रिज़र्व में पर्यटन गतिविधियों में निरंतर वृद्धि दर्ज की जा रही है। यह उपलब्धि सरिस्का प्रशासन द्वारा किए गए सुनियोजित प्रयासों और प्रभावी प्रबंधन का परिणाम है। फील्ड डायरेक्टर संग्राम सिंह कटियार एवं डीएफओ अभिमन्यु शरण के मार्गदर्शन में तथा टूरिज्म रेंजर हेमेन्द्र सिंह की सक्रिय भूमिका से सरिस्का पर्यटन को एक नई दिशा मिली है। पर्यटकों के लिए बेहतर टिकटिंग व्यवस्था, सुव्यवस्थित गाइडेंस सिस्टम और आवश्यक पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही फोटोग्राफी को प्रोत्साहन देने, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग और सरिस्का की सकारात्मक छवि को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने से देश-विदेश के पर्यटकों का आकर्षण लगातार बढ़ा है। गाइड और ड्राइवरों का बेहतर समन्वय, ट्रैक मैनेजमेंट तथा पर्यटकों की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित समाधान करने की कार्यप्रणाली से पर्यटक स्वयं को अधिक संतुष्ट और सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बेहतर टाइगर साइटिंग के चलते सरिस्का टाइगर सफारी आज पर्यटकों की सबसे पसंदीदा जगहों में शुमार हो चुकी है। बढ़ती पर्यटक संख्या यह दर्शाती है कि सकारात्मक सोच, पारदर्शी व्यवस्था और समर्पित प्रयासों से वन पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

## एन.एस.एस के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन साइबर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय अलवर में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के छठे दिन प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय तंवर के निर्देशन में सेवार्थियों ने योग एवं व्यायाम किया। द्वितीय बौध्दिक सत्र में साइबर जागरुकता कार्यक्रम पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईपीएस गोपीनाथ शरण कांबले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अलवर, प्रो. अशोक आर्य, प्राचार्य राजकीय कला महाविद्यालय, डॉ. रणसिंह यादव, डॉ. सुन्दर यादव और डॉ. कुलदीप यादव रहे। कांबले ने स्वयंसेवकों को साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा तथा डिजिटल सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सत्य भान यादव के द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने कहा कि साइबर जागरूकता आज के समय की प्रमुख आवश्यकता है और ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। मंच संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय तंवर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन रेणुका ने किया। 'कार्यक्रम के तृतीय सत्र में श्रमदान गतिविधि का आयोजन किया गया। इस सत्र के अंतर्गत स्वयंसेवकों द्वारा परिसर की व्यापक स्वच्छता की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे एन.एस.एस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पुलिस और बदमाशों में 35 राउंड फायरिंग, पांच कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के धौलपुर जिले में बसई डांग इलाके में पुलिस और बदमाशों के बीच आपस में हुई जोरदार मुठभेड़ में पुलिस ने सफलता प्राप्त करते हुए पांच कुख्यात बदमाश गिरफ्तार किए हैं इन गिरफ्तार बदमाशों में दो बदमाश ऐसे हैं जिन पर 50000-50000 रुपए के इनाम घोषित थे तथा एक अपराधी पर 10000 रुपए का इनाम घोषित था धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने खुद इस संवाददाता सम्मेलन आयोजित करके बदमाशों के गिरफ्तार किए जाने की पुष्टि की है पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि बसई डांग थाना इलाके के जंगल में वांटेड बदमाश छुपे हुए हैं इसके बाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से



जंगल में छिपे बदमाशों की घेराबंदीकी इस दौरान बदमाशों को पता चल गया कि पुलिस ने उनके चारों तरफ से घेराबंदी कर दी है तो उन्होंने पुलिस पर फायर करने शुरू किया जवाब में पुलिस ने भी फायर किए काफी देर तक दोनों तरफ से फायरिंग होती रही इस दौरान पुलिस की गोली लगने से 50000 रुपए का इनामी बदमाश अजीत घायल हो गया अजीत के पांव में गोली लगी जिसकी वजह से वह चल नहीं पा रहा था इस दौरान पुलिस ने जोरदार तरीके से बदमाशों पर दबाव बनाए रखा और जवाबी कार्रवाई जारी रखी इसके बाद बदमाश घबरा गए और आखिरकार पुलिस ने जंगल में छिपे पांच बदमाश अजीत कल्याण धीरज विष्णु और शाह को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया अजीत और कल्याण पर 50000 रुपए का इनाम तथा धीरज पर 10000 रुपए का इनाम घोषित था पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए बदमाशों में अजीत और कल्याण के खिलाफ धौलपुर और आसपास के जिलों के विभिन्न स्थानों में बड़ी संख्या में गंभीर अपराध के मामले दर्ज हैं धीरज के खिलाफ भी कई थानों में गंभीर मामले दर्ज हैं यह तीनों अपराधी पुलिस के लिए बड़ी सिर दर्द और चुनौती बने हुए थे पुलिस ने इन्हें कई बार पकड़ने के लिए विशेष प्लानिंग भी तैयार की लेकिन यह पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए अपने ठिकाने बदलते रहे चंबल के भीड़ में छुपकर अपने दिन बिताते रहे इसलिए पुलिस इनको पकड़ नहीं पा रही थी हालांकि पुलिस की टीम लगातार इनके परिजनों मित्रों दोस्तों और जानकार लोगों के गतिविधियों पर गुपचुप में नजर रखे हुए थी कई बार पुलिस को इन अपराधियों की लोकेशन का पता भी चल पाया लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही यह अपराधी बचकर निकल जाते थे लेकिन इस बार पुलिस ने इनकी जोरदार घेराबंदी करके और कड़ा मुकाबला करके इन्हें पकड़ ही लिया जानकारी के अनुसार पुलिस ने गिरफ्तार बदमाशों से 35 जिंदा कारतूस और 15 का तो उसके खोल तीन देसी कट्टा और दो बंदूक भी बरामद किए हैं पुलिस अब गिरफ्तार बदमाशों से पूछताछ कर पता लग रही है कि बरामद किए गए हथियार और कारतूस इन्हें कैसे और किस तरह से और कहां से हासिल होते हैं इसके अलावा पुलिस गिरफ्तार बदमाशों से उनके लोकल संपर्क सूत्रों का भी पता लग रही है ।

## प्रेमी प्रेमिका के शव पेड़ से लटके मिले, नाबालिक प्रेमी जोड़े ने भी खाया जहर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जयपुर जिले के गोविंदगढ़ थाना इलाके में धोबिलाई नदी में युवक और युवती केशव एक ही पेड़ से लटके मिले सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों लाशों को कब्जे में किया और मौका मुआयना करके मामले की जांच शुरू की मृतक के कपड़े से सुसाइड नोट भी मिला है जिसके आधार पर पुलिस का कहना है कि मृतक युवक और यूटी सुसाइड नोट भी मिला है जिसके आधार पर पुलिस का कहना है कि मृतक युवक और युवती के बीच आपस में प्रेम संबंध थे पुलिस की जांच पड़ताल में मृतक युवक का नाम नरेंद्र और मृतका का नाम नीलम होना सामने आया है पुलिस ने मृतक नरेंद्र और नीलम के परिजनों को सूचित भी कर दिया है दोनों ने अलग-अलग फंदा बनाया और फिर दोनों एक ही पेड़ से लटक गए पुलिस को संदेह है कि कहीं ना कहीं दोनों एक दूसरे को बहुत प्यार करते थे और शादी करना चाहते थे लेकिन शायद दोनों के परिजन इसके लिए तैयार नहीं हुए होंगे जिसकी वजह से दोनों ने एक साथ जीवन लीला समाप्त करने की सोची पुलिस नरेंद्र और नीलम के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ कर रही है द्य एक अन्य घटना में प्रदेश के झालावाड़ जिले में भालता थाना इलाके में एक नाबालिक प्रेमी जोड़े ने जहर का सेवन कर लिया जिसकी वजह से दोनों की तबीयत बिगड़ गई जिसके बाद दोनों के परिजनों ने दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भी भर्ती करवाया लेकिन इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई द्य जयपुर के नजदीक कालाडेरा थाना इलाके में अगरियावास गांव में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक की लाश को कब्जे में कर घटना स्थल से आवश्यकता जुटाए और मृतक के परिजनों से भी आवश्यक पूछताछ की है मृतक शैतान सिंह बावरिया है जिसने फांसी लगाकर आत्महत्या की खबर लिखे जाने तक आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया था ।

## प्रदेश में 5 जिलों की मिलिट्री भर्ती 29 जनवरी से 18 फरवरी तक, बाहर के लोगों पर पाबंदी




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में बीकानेर में 29 से 18 फरवरी तक पांच जिलों में मिलिट्री भर्ती का आयोजन किया जाएगा इस भर्ती परीक्षा के ठीक तरह से संपादन के लिए मिलिट्री प्रशासन जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने सभी तरह की तैयारी पूरी कर ली है इसके अलावा इस भर्ती में बाहर के युवाओं पर पाबंदी रहेगी जानकारी के अनुसार 29 जनवरी से शुरू होने जा रही इस भर्ती के लिए संबंधित पांच जिलों के युवाओं में गजब का उत्साह छाया हुआ है इस भर्ती से पहले इसी साल प्रदेश के पांच अन्य जिलों के युवाओं के लिए मिलिट्री में भर्ती का आयोजन किया जा चुका है अब 29 जनवरी से 18 फरवरी तक बीकानेर के केशवानंद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में इस मिलिट्री भर्ती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बीकानेर श्रीगंगानगर हनुमानगढ़ चूरू और झुंझुनू जिलों के युवाओं को अवसर दिया जा रहा है जानकारी के अनुसार बीकानेर की केशवानंद एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में इस भर्ती के लिए इच्छुक युवाओं के लिए दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा इसलिए दौड़ प्रतियोगिता के लिए समुचित ट्रैक बनाने की तैयारी चल रही है इसके अलावा इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले युवाओं के लिए भोजन चिकित्सा पानी बिजली छाया इत्यादि की व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए भी अच्छी व्यवस्था की गई है जानकारी के अनुसार मिलिट्री में शेखावाटी अंचल के युवा विगत कई सालों से बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिख रहे हैं और शेखावाटी के सैनिक हर साल बड़ी संख्या में शहिद भी होते रहे हैं इस भर्ती परीक्षा में चूरू और झुंझुनू जिले के युवाओं को भी शामिल किया गया है इसलिए चूरू और झुंझुनू जिले के युवाओं में इस भर्ती परीक्षा को लेकर जोरदार उत्साह छाया हुआ है हालांकि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले से भी बड़ी संख्या में युवा मिलिट्री में अपना करियर बनाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं इसलिए इस बार इस भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में युवाओं के शामिल होने की बात कही जा रही है ।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में भामाशाह प्रदीप सर्राफ कोलकाता रतनगढ़ की ओर से प्रदान किए गए इंटरएक्टिव स्मार्ट बोर्ड का उद्घाटन पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रिणवां ने अपने जीवन के संस्मरण साझा करते हुए छात्राओं को संस्कारवान बनकर समाज एवं राष्ट्र की उन्नति के लिए प्रयास करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि एसबीडी राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कविता शर्मा थी। राजकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन सह आचार्य नवीन कुमार पारीक ने किया।

## पेंशन का सत्यापन नहीं कराया तो रुक सकती है पेंशन

**धौलपुर(निस)।** सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लिए लाभार्थियों का वार्षिक भौतिक सत्यापन 1 नवम्बर से 2026 के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। योजनान्तर्गत जिले के सभी पेंशनर्स को आवश्यक रूप से 31 दिसम्बर तक स्वयं की वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना है। जिले के लगभग 1 लाख 68 हजार 70 सामाजिक पेंशन योजना के लाभार्थियों में से अब तक केवल 65.43 प्रतिशत पेंशनर्स का ही सत्यापन हुआ है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी देवेन्द्र सिंह जांगल ने बताया कि लाभार्थी पेंशन का वार्षिक सत्यापन ई-मित्र कियोस्क, ई-मित्र प्लस आदि केन्द्रों पर अंगुली की छाप एवं एन्ड्रॉयड मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लाभाथी योजनान्तर्गत अपना वार्षिक सत्यापन जल्दी से जल्दी करवाएं जिससे उनको पेंशन योजना लाभ सुचारू रूप से मिलता रहेगा अन्यथा सत्यापन नहीं कराने के स्थिति में उनको पेंशन का लाभ मिलना बंद हो सकता है।

## विधायक शंकर सिंह रावत की आर. ए. एस. बेटी कंचन चौहान एपीओ

### फर्जी सर्टिफिकेट से नौकरी हासिल करने का आरोप





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने के लिए बिल्कुल अटल दिख रही है इसका ताजा उदाहरण यह है कि ब्यावर से भारतीय जनता पार्टी के विधायक शंकर सिंह रावत की बेटी कंचन चौहान जो वर्तमान में नायब तहसीलदार पद पर नियुक्त हैं उन्हें पद मुक्त कर एपीओ किया गया है राजस्व मंडल की ओर से मंगलवार की रात यह कार्रवाई की गई है राजस्व मंडल ने प्रशासनिक करण का हवाला देते हुए यह आदेश जारी करने की बात कही है वर्तमान में कंचन चौहान भीलवाड़ा जिले के करेड़ा में नायब तहसीलदार के पद पर तैनात थी जानकारी के अनुसार कंचन सिंह चौहान राजस्थान प्रशासन सेवा 2018 बैच की अधिकारी हैं उनकी नियुक्ति के बाद से ही उनके चयन की वैधता पर सवाल उठने लगे थे उन पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र का सहारा लेकर भारत राजस्थान प्रशासनिक सेवा में प्रवेश पाया है इस मामले में तब तूल पकड़ा था जब ब्यावर निवासी एक व्यक्ति ने 12 अगस्त 2025 को मुख्यमंत्री और स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के समक्ष औपचारिक शिकायत दर्ज करवाई शिकायत में कहा गया कि कंचन ने अपनी शैक्षणिक यात्रा के दौरान चाहे वह नवोदय स्कूल हो या फिर उदयपुर विश्वविद्यालय कहीं भी दिव्यांग श्रेणी का लाभ नहीं लिया था शिकायत में मांग की गई है कि किसी रिटायर्ड न्यायाधीश की निगरानी में एक विशेष मेडिकल बोर्ड का गठन कर कंचन का पुनः परीक्षण कराया जाए ताकि दिव्यंका की वास्तविकता स्पष्ट हो सके । राज्य सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप को दी थी हालांकि स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने अभी तक अपनी अंतिम रिपोर्ट राजस्व मंडल को पेश नहीं की है लेकिन प्रशासनिक वजह हवाला देते हुए उन्हें हटाना इस ओर संकेत करता है कि विभाग इस मामले में कोई जोखिम लेना नहीं चाहता एपीओ की अवधि के दौरान कंचन चौहान को अपनी उपस्थिति राजस्व मंडल अजमेर के मुख्यालय में देनी होगी उल्लेखनीय है कि इस शिकायत के बाद राजस्व मंडल ने पिछले 5 वर्षों में दिव्यांग कोटे से नियुक्त हुए सभी अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की पुनः जांच शुरू कर दी है इस व्यापक जांच में कई अन्य अभ्यर्थियों के दस्तावेज भी संदिग्ध पाए गए जिससे प्रदेश की सबसे प्रतिष्ठित सेवा की चयन प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं ।

## विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी मामले की जांच करने बयाना पहुंचे भास्कर ए सावंत

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** विधायक निधि फंड में कथित कमीशन खोरी के आरोप में फंसी हुई बयाना विधायक रितु की मुश्किलें काफी बढ़ गई हैं इस मामले की जांच पड़ताल करने के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव भास्कर ए सामंत बुधवार को बयान पहुंचे यहां भास्कर सामंत ने विधायक निधि फंड से किए गए कार्य के बारे में जांच पड़ताल कर रहे हैं पिछले 2 साल में बयाना की निर्दलीय विधायक रितु की ओर से विधायक निधि फंड के मार्फत अब तक जो जो कार्य करवाए गए हैं उन सभी कार्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है अब तक कितने कार्य हुए हैं यह कार्य कहां-कहां हुए हैं इन कार्यों में कितना कितना पैसा खर्च हुआ है इन कार्यों का ठेकेदार कौन है कार्यों की गुणवत्ता के बारे में भी मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रहे हैं इसके अलावा विधायक निधि फंड के माध्यम से जिन-जिन स्कूलों में विकास कार्य करवाए गए और स्कूलों के लिए विधायक निधि फंड से खरीदी गई सामग्री इन सब के बारे में जांच पड़ताल की जा रही है भास्कर सामंत खुद एक-एक स्कूल जाकर मामले की गंभीरता से जांच कर रहे हैं भास्कर सामंत के साथ एसडीएम दीपक मित्तल भी साथ थे इससे पहले भरतपुर आईजी कैलाश बिश्नोई जिला कलेक्टर और जिले के पुलिस और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों ने भास्कर सामंत की अगवानी की इसके बाद भास्कर सामंत बयाना विधानसभा क्षेत्र में उन सभी जगह पर गए जहां पर विधायक निधि फंड से विकास कार्य संपादित किए गए थे कई जगहों पर जाकर भास्कर सामंत में खुद विकास कार्य और निर्माण कार्यों का जायजा लिया और आवश्यक जानकारी जुटा तमाम तरह की जानकारियां और तथ्य जताने के बाद भास्कर सावंत सर्किट हाउस आए यहां पर उन्होंने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से काफी देर तक बातचीतकी । उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों एक दैनिक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन में विधायक निधि फंड में कमीशन के आरोप में तीन विधायकों के नाम सामने आए थे जिसमें बयान विधायक रितु भी शामिल है इसके अलावा भाजपा के विधायक रेवंत राम और कांग्रेस पार्टी के विधायक अनीता जाटव भी शामिल है एक तरफ जहां राजस्थान विधानसभा के सदाचार कमेटी इस पूरे मामले की जांच कर रही है तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर एक उच्च स्तरीय समिति की ओर से भी इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है इसी मामले की जांच के लिए भास्कर सामंत बुधवार को भरतपुर जिले के बयान में आए थे ।

## वसुंधरा राजे अपने निर्वाचन क्षेत्र को लेकर सजग और गंभीर, क्षेत्र का नियमित रूप से कर रही दौरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों प्रदेश की अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को मिली पराजय के बाद पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अब अपने निर्वाचन क्षेत्र झालरापाटन को लेकर पहले की तुलना में ज्यादा गंभीर और सजग नजर आ रही है वसुंधरा राजे और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह पिछले कुछ दिनों से लगातार झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र का दौरा करके लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने का प्रयास कर रहे हैं तो दूसरी तरफ झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को भी तेजी से गति देने के प्रयास में जुटे हुए हैं बुधवार को वसुंधरा राजे अपने निर्वाचन क्षेत्र झालरापाटन के दौरे पर रही यहां पर वसुंधरा राजे ने लव कुश वाटिका का बारीकी से अवलोकन किया इस दौरान जिला कलेक्टर और वानिकी और अन्य विभागों के अधिकारी उनके साथ थे वसुंधरा राजे ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को लव कुश वाटिका को जयपुर के झालाना डूंगरी के तर्ज पर विकसित करने के निर्देश दिए वसुंधरा राजे वर्तमान में झालरापाटन से विधायक हैं और उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़ लोकसभा सीट से चौथी बार के सांसद हैं दुष्यंत सिंह ने लगातार चौथी बार पिछला लोकसभा चुनाव जीता था वैसे तो वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह झालावाड़ के काफी लोकप्रिय नेता माने जाते हैं क्योंकि प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री रहने के दौरान वसुंधरा राजे ने अपने निर्वाचन क्षेत्र और झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकास कार्य करवाए थे इसलिए झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र में वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह की जोरदार पकड़ है लेकिन पिछले दिनों अंत विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को



पराजय मिलने के बाद कहीं ना कहीं वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह को चिंता में जरूर डाला है इसीलिए वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह उपचुनाव के नतीजे आने के बाद लगातार नियमित रूप से झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं जानकारों का कहना है कि अंता विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन की पराजय को वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह अब तक नहीं भूल पाए हैं क्योंकि मोरपाल सुमन वसुंधरा राजे की पसंद के ही उम्मीदवार थे और दुष्यंत सिंह ने मोरपाल सुमन के चुनाव प्रचार की कमान अपने हाथों में ली हुई थी लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन ने भाजपा प्रत्याशी मोरपाल सुमन को हरा दिया इसलिए वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह अपने गढ़ को बचाने के लिए युद्ध स्तर पर अभी से जुटे हुए दिख रहे हैं ।

## यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को मिलेगा एवरग्रीन अवॉर्ड

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** परहित सरिस धर्म नहीं भाई..। इस कहावत को चरितार्थ करने वाले लोग काफी कम होते हैं। क्योंकि परहित के लिए स्वयं का समय और उर्जा दोनों खर्च करने पड़ते हैं। ऐसे में अगर कोई सख्श व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के बाद अगर समाज और जरूरतमंदों के लिए समय निकालकर सेवा प्रकल्पों को अंजाम दे, तो यह समाज के लिए अनुकरणीय कार्य है। द यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा का सेवा से सम्मान तक का सफर काफी प्रेरणास्पद है। सुजानगढ़ की एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की ओर से जाने वाला एवरग्रीन अवार्ड इस बार यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा को दिया जाएगा, जो पिछले कई दशकों से समाज सेवा के क्षेत्र में एक्टिव हैं। गंगागनगर में 26 सितम्बर 1956 को जन्मे गिरधर शर्मा छतीस साल की बैंककर्मी सेवा से सेवानिवृत हैं और अपने सरकारी नौकरी के कार्यकाल के दौरान ही उन्होंने यंग्स क्लब के सेवा प्रकल्पों के जरिये आम जन की सेवा को अपना मिशन बनाया। यंग्स क्लब के अध्यक्ष निर्मल कुमार भुतोड़िया के साथ मिलकर गिरधर शर्मा ने सुजानगढ़ और इसके आस-पास क्षेत्र से बॉलीवुड और संगीत, कला, साहित्य, व्यापार क्षेत्र में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का स्मारिका के माध्यम से लगातार जनता से परिचय करवाया। दूसरी ओर सालों से चर्म रोग चिकित्सा शिविर, नैत्र जांच शिविर, सैंकड़ों लोगों के लैंस प्रत्यारोपण नयन तारा योजना के तहत किए गए। इसी प्रकार उनके सानिध्य में ही क्लब परिवार विद्यार्थी के द्वार योजना कई दशकों से संचालित कर हजारों बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, स्वेटर, जूते, जुर्राब आदि भी मुहैया करवाए जाते रहे हैं। खास बात तो ये है कि ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों की सेवा करना काफी आश्चर्यजनक है। दूसरी ओर सांस्कृतिक आयोजनों में यंग्स क्लब की अपनी अलग पहचान रही है। देश में एक



भी ऐसा नामी कवि ऐसा नहीं, जो यंग्स क्लब के कवि सम्मेलन में न आया हो। इस प्रकार अगर देखें तो क्लब की सारी गतिविधियों और भामाशाहों से लगातार सम्पर्क कर उनकी प्रेरणा को कायम रखने का काम गिरधर शर्मा ने किया। चाहे जरूरतमंदों तक रजाईयां पहुंचाने काम हो या गर्मी के मौसम में मोहल्लों में पानी पहुंचाने का काम हो। सारे काम क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुए। गुरूवार को स्थानीय एवरग्रीन पब्लिक स्कूल की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में गिरधर शर्मा को एवरग्रीन अवार्ड -2025 दिया जाएगा। स्कूल के निदेशक रतन सैन और कार्यक्रम संयोजक सुमनेश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि स्कूल प्रांगण में आयोजित समारोह की अध्यक्षता दी यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ के अध्यक्ष निर्मल भूतोड़िया करेंगे जबकि मुख्य अतिथि विधायक मनोज मेघवाल होंगे। आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति निलोफर गौरी, गोपालपुरा की प्रशासक सविता राठी, पूर्व एसडीओटी महेश भोजक आदि उपस्थित रहेंगे।

## तीन दिन में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, सगा भाई ही निकला हत्यारा

### 200 तीसरी आंख खंगाली तो खुला राज

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रतननगर थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात युवक के शव के मामले में चूरू पुलिस ने महज तीन दिन में ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए सगे भाई को ही हत्यारा गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बुधवार को प्रेस वार्ता में पूरे मामले का खुलासा किया। एसपी जय यादव ने बताया कि 21 दिसंबर को रतननगर थाना क्षेत्र में एनएच-52 के पास एक अज्ञात युवक की संदिग्ध हालत में लाश मिली थी। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए हत्या की आशंका जताई गई, जिस पर रतननगर पुलिस ने 22 दिसंबर को बीएनएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अज्ञात मृतक की पहचान और आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल से लेकर आसपास के क्षेत्रों के करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान के प्रयास किए। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को बिसाउ क्षेत्र में एक अहम सुराग मिला, जहां मृतक को उसका भाई बाइक पर बैठाकर घटनास्थल की ओर ले जाता हुआ दिखाई दिया। पुलिस जांच में मृतक की पहचान विकास पुत्र विनोद मेघवाल (25) निवासी धीरासर गांव, थाना बिसाउ, जिला झुंझुनूं के रूप में हुई। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने मृतक के सगे छोटे भाई अंकित पुत्र विनोद मेघवाल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी अंकित ने खुलासा किया कि उसने एक बाल अपचारी की मदद से रस्सी से गला घोंटकर अपने बड़े भाई विकास की हत्या की। एसपी यादव ने बताया कि आरोपी, उसकी दिव्यांग मां और मंदबुद्धि बड़ा भाई विकास एक ही घर में रहते थे। आरोपी अपनी मां और भाई की देखभाल करता था, लेकिन बड़े भाई की हरकतों से वह लंबे समय से परेशान था। उसने पहले भी कई बार विकास को अन्य स्थानों पर छोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह वापस घर लौट आता था। आरोपी ने 13 दिसंबर की रात पहले बिसाउ में और फिर घटनास्थल के पास अपने भाई को शराब पिलाई। इसके बाद सुनसान जगह पर रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी ने शव पर मिट्टी डाल दी और वहां से फरार हो गया। वारदात में आरोपी अपने ताऊ के लड़के की बाइक से एक नाबालिग के साथ विकास को घटनास्थल पर लेकर आया था।

## भारतीय शिक्षा प्रणाली 2026: एक परिवर्तन गाइड



डॉ विजय गर्ग

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 एक व्यापक ब्लूप्रिंट है जिसे उच्च गुणवत्ता, लचीले और बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करके भारत को जीवंत ज्ञान समाज में बदलने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 2026 तक, भारतीय शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण संरचनात्मक और शैक्षणिक परिवर्तन होने की उम्मीद है, जो 2030 और 2050 तक नीति के दीर्घकालिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मंच तैयार करता है। ? नई स्कूल संरचना: द 5+3+3+4 डिजाइन सबसे क्रांतिकारी परिवर्तन एक नए 5 +3 +3 +4 पाठ्यक्रम और शैक्षणिक ढांचे के साथ कठोर 10+2 संरचना का प्रतिस्थापन है। 2026 तक, अधिकांश राज्यों और शैक्षिक बोर्डों को इस नए मॉडल के संक्रमण चरण में अच्छी तरह से होने की उम्मीद है। फाउंडेशन स्टेज (आयु 3-8): आंगनवाड़ी/प्री-स्कूल + ग्रेड 1-2 के 3 वर्ष। ध्यान प्रारंभिक बचपन की देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) पर है, जो मजबूत संज्ञानात्मक और सामाजिक-भावनात्मक नींव बनाने के लिए खेल आधारित और गतिविधि-आधारित सीखने पर जोर देता है। **तैयारी चरण (आयु 8-11): ग्रेड 3-5। यह चरण अधिक संरचित सीखने का परिचय देता है, जो आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता (एफएलएन) को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करता है, जो कि निपुन भारत मिशन (समझ और अंकगणित के साथ पढ़ने में प्रवीणता के लिए राष्ट्रीय पहल) के तहत एक शीर्ष प्राथमिकता है। **मध्य चरण (आयु 11-14): ग्रेड 6-8। विज्ञान, गणित, कला, सामाजिक विज्ञान और मानविकी में विषय-उन्मुख शिक्षण की शुरूआत के साथ यहां एक महत्वपूर्ण बदलाव होता है। महत्वपूर्ण रूप से, व्यावसायिक शिक्षा एकीकृत है, जिसमें व्यावहारिक कौशल और इंटर्नशिप शामिल हैं। माध्यमिक चरण (उम्र 14-18): ग्रेड 9-12। यह चरण विषय चयन में अधिक लचीलापन प्रदान करता है, विज्ञान, वाणिज्य और कला धाराओं की कठोर बाधाओं को तोड़ता है। छात्र संगीत के साथ भौतिकी जैसे विषयों का चयन करते हुए एक बहु-विषयक दृष्टिकोण चुन सकते हैं। 2026 तक मुख्य शैक्षणिक और मूल्यांकन शिफ्ट एनईपी 2020 का मुख्य उद्देश्य महत्वपूर्ण सोच और अनुभवात्मक सीखने की ओर रूटीन लर्निंग से दूर जाना है। समग्र और एकीकृत शिक्षा: पाठ्यक्रम, सह-पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच या व्यावसायिक और शैक्षणिक धाराओं के बीच कोई कठोर पृथक्करण नहीं होगा। यह छात्रों के लिए अधिक अच्छी तरह से गोल विकास को बढ़ावा देता है। सुधारित मूल्यांकन (पाराख): बोर्ड परीक्षाएं उच्च-स्टेक, एक बार के परीक्षणों से अधिक लचीली और रचनात्मक प्रणाली में बदल जाएंगी जो वैचारिक समझ, आलोचनात्मक सोच और ज्ञान के अनुप्रयोग का परीक्षण करती हैं। सभी स्कूल बोर्डों में छात्र मूल्यांकन के लिए मानदंड, मानक और दिशानिर्देश निर्धारित करने के लिए नया राष्ट्रीय मूल्यांकन केंद्र, PARAKH (पूर्ण विकास के लिए प्रदर्शन आकलन, समीक्षा और ज्ञान विश्लेषण) स्थापित किया जा रहा है। बहुभाषावाद: नीति ग्रेड 5 तक, और अधिमानतः ग्रेड 8 तक निर्देश के माध्यम के रूप में मातृ भाषा/स्थानीय भाषा के उपयोग पर जोर देती है, जिससे संज्ञानात्मक विकास और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा मिलता है। उच्च शिक्षा परिवर्तन मील के पत्थर 2026 तक, उच्च शिक्षा में प्रमुख सुधार केंद्रीय और कई राज्य विश्वविद्यालयों में परिचालन होने की उम्मीद है बहुआयामी संस्थान: बड़े बहु-विषयक विश्वविद्यालयों और क्लस्टर में स्टैंडअलोन संस्थाओं का क्रमिक रूपांतरण। लचीला स्नातक कार्यक्रम: चार साल के स्नातक कार्यक्रम (एफवाईयूपी), कई प्रवेश और निकास विकल्पों के साथ व्यापक रूप से रोल आउट किया जा रहा है। 1 वर्ष: प्रमाण पत्र 2 वर्ष: डिप्लोमा 3 साल: स्नातक की डिग्री 4 वर्ष: स्नातक की डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च) अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी): यह डिजिटल रिपॉजिटरी, जो एक छात्र द्वारा अर्जित शैक्षणिक क्रेडिट को संग्रहीत करती है, पूरी तरह से कार्यात्मक होने की उम्मीद है, जिससे छात्रों को एकाधिक प्रवेश/निकास प्रणाली में सुविधा प्रदान करने के लिए क्रेडिट स्थानांतरित और भुनाया जा सकता है। टेक इंटीग्रेशन और टीचर एम्पावरमेंट डिजिटल लर्निंग: डिक्शा (ज्ञान साझा करने के लिए डिजिटल बुनियादी ढांचा) जैसे प्लेटफार्मों को उच्च गुणवत्ता वाली डिजिटल सामग्री के साथ लगातार विस्तारित किया जा रहा है। निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित करने के लिए डिजिटल विभाजन को पाटने पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। शिक्षक प्रशिक्षण: शिक्षण के लिए न्यूनतम डिग्री योग्यता एक 4-वर्षीय एकीकृत बी.एड बनने के लिए सेट है। 2030 तक डिग्री। 2026 तक, व्यापक, निरंतर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम (एनआईएसएचटीएचए) तेज हो रहे हैं, जो शिक्षकों को एनईपी ढांचे के लिए आवश्यक नए शैक्षणिक कौशल से लैस कर रहे हैं। चुनौतियां और आगे का रास्ता जबकि दृष्टि परिवर्तनकारी है, कार्यान्वयन 2026 तक महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करता है बुनियादी ढांचे के अंतराल: कई क्षेत्रों, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ लोगों को एनईपी के लक्ष्यों का पूरी तरह से समर्थन करने के लिए भौतिक बुनियादी ढांचे (कक्षाओं, प्रयोगशालाओं) और डिजिटल बुनियादी ढांचे - इंटरनेट कनेक्टिविटी, उपकरणों में काफी निवेश की आवश्यकता होती है। शिक्षक क्षमता: नए बहुभाषी, बहु-विषयक और व्यावसायिक केंद्रित पाठ्यक्रम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ाना और योग्य शिक्षकों की भर्ती करना एक प्रमुख कार्य बना हुआ है। वित्त पोषण और आम सहमति: शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय को सकल घरेलू उत्पाद के 6' तक बढ़ाने का लक्ष्य प्राप्त करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, सफल कार्यान्वयन के लिए संरचनात्मक परिवर्तनों के प्रतिरोध को दूर करने और विभिन्न राज्य और केंद्रीय शैक्षिक निकायों के बीच आम सहमति बनाने की आवश्यकता है।

# अरावली बनाम तथाकथित विकास: प्रकृति के शोषण की कीमत



सुनील कुमार महला, फ्रीलांस राइटर, कॉलमिस्ट व युवा साहित्यकार, उत्तराखंड।

*मौसम और जलवायु का संतुलन आज बिगड़ चुका है-कहीं असमय बारिश, कहीं भीषण सूखा, तो कहीं विनाशकारी बाढ़ और चक्रवात सामान्य होते जा रहे हैं।इस तथाकथित विकास का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इससे केवल प्रकृति ही नहीं, बल्कि असंख्य जीव-जंतुओं, वनस्पतियों तथा चरागाहों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। जंगल कटने से जानवरों के प्राकृतिक आवास(अधिवास) छिन रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है। कई प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर पहुँच चुकी हैं, और जैव- विविधता को अपूरणीय क्षति हो रही है।अब यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि क्या ऐसा विकास टिकाऊ है? क्या वह विकास, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण न छोड़ सके, सच में विकास कहलाएगा? वास्तव में, आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विकास की परिभाषा पर पुनर्विचार करें। प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर, पर्यावरण-संरक्षण को केंद्र में रखकर ही सच्चा और स्थायी विकास संभव है।आज मनुष्य को यह समझना*

मनुष्य के स्वार्थ और लालच की कोई सीमा नहीं है और आज मनुष्य को विकास के सिवाय जैसे कुछ नज़र ही नहीं आता है, लेकिन विकास के बीच प्रकृति को नजरंदाज करने को क्या ठीक या जायज ठहराया जा सकता है ? अरावली पर्वत श्रृंखला केवल पहाड़ ही नहीं है, बल्कि यह तो उत्तर भारत की प्राकृतिक जीवन-रेखा है। जहां एक ओर यह मरूस्थल रोकने में ढ़ाल है,जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए वरदान है, वहीं पर दूसरी ओर यह वनस्पतियों, वन्यजीवों, पक्षियों और औषधीय पौधों का प्राकृतिक घर भी है, जो पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखते हैं। इतना ही नहीं, जलवायु और वर्षा संतुलन,भूमि क्षरण और बाढ़ नियंत्रण,वायु प्रदूषण से सुरक्षा के साथ ही अरावली कृषि और मानव जीवन का भी प्रमुख आधार है। वास्तव में, यह भारत की सबसे प्राचीन पर्वत श्रृंखला है, जो हमारी सांस्कृतिक विरासत और सभ्यता के विकास की साक्षी रही है,जिसके संरक्षण में ही मानव, पर्यावरण और भविष्य की सुरक्षा निहित है। इसे बचाना केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व का भी प्रश्न है। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज का मनुष्य स्वयं को विकास की दौड़ में सबसे आगे समझने लगा है, पर यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के नाम पर जंगलों का सफाया, पहाड़ों का कटाव और नदियों का दोहन लगातार बढ़ता जा रहा है। हर ओर कंक्रीट की ऊँची-ऊँची दीवारें खड़ी कर दी गई हैं। सड़कें, पुल, बांध, सुरंगें और बड़े-बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स इस तरह बनाए जा रहे हैं, मानो प्रकृति केवल उपयोग की वस्तु हो, संवेदनशील जीवन-तंत्र नहीं। पिछले कुछ समय से देश में खनन के औचित्य और इसके पर्यावरण पारिस्थितिकी पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर कई सवाल उठे हैं, लेकिन यह पूरा मसला विकास बनाम प्रकृति के संरक्षण के द्वंद्व में उलझ कर रह जाता है। आज आदमी को केवल विकास चाहिए, प्रकृति से उसे कोई खास सरोकार नज़र नहीं आता है। विकास की इस अंधी दौड़ में आज वृक्षों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है, जबकि वृक्ष ही धरती के फेफड़े हैं। इनके कटने से वातावरण में ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा लगातार बढ़ रही है, जिसका सीधा असर वैश्विक तापमान और जलवायु परिवर्तन पर पड़ रहा है। मौसम और जलवायु का संतुलन आज बिगड़ चुका है-कहीं असमय बारिश, कहीं भीषण सूखा, तो कहीं विनाशकारी बाढ़ और चक्रवात सामान्य होते जा रहे हैं।इस तथाकथित विकास का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि इससे केवल प्रकृति ही नहीं, बल्कि असंख्य जीव-जंतुओं, वनस्पतियों तथा चरागाहों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। जंगल कटने से जानवरों के प्राकृतिक आवास(अधिवास) छिन रहे हैं, जिससे मानव-वन्यजीव संघर्ष बढ़ रहा है। कई प्रजातियाँ विलुप्ति के कगार पर पहुँच चुकी हैं, और जैव- विविधता को अपूरणीय क्षति हो रही है।अब यहां यक्ष प्रश्न यह उठता है कि क्या ऐसा विकास टिकाऊ है? क्या वह विकास, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, शुद्ध जल और सुरक्षित पर्यावरण न छोड़ सके, सच में विकास कहलाएगा? वास्तव में, आज आवश्यकता इस बात की है कि हम विकास की परिभाषा पर पुनर्विचार करें। प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर, पर्यावरण-संरक्षण को केंद्र में रखकर ही सच्चा और स्थायी विकास संभव है।आज मनुष्य को यह समझना होगा कि प्रकृति का शोषण करके वह स्वयं अपने भविष्य को संकट में डाल रहा है। यदि अभी भी चेतना नहीं जागी, तो विकास की यह दौड़ अंततः विनाश की दिशा में ही ले जाएगी। यह बात ठीक है कि आज विकास बहुत जरूरी है, लेकिन अगर विकास के नाम पर प्रकृति को बेधड़क नुकसान पहुँचाया जाए, तो अंत में उसका फायदा किसी को नहीं होगा। जैसा कि इस आलेख में ऊपर भी चर्चा कर चुका हूं कि अरावली पर्वत श्रृंखला केवल पहाड़ नहीं है, बल्कि यह बड़े इलाके और लाखों लोगों के लिए ढाल की तरह काम करती है।मसलन, यह रेगिस्तान को रोकती है, पानी बचाती है(जल संरक्षण और जल पुनर्भरण) और हमारे पर्यावरण व पारिस्थितिकी तंत्र को संतुलित रखती है। इसलिए यहां सवाल यह उठता है कि ऐसी जीवन-रेखा को नुकसान पहुँचाने पर समाज को चुप रहना चाहिए या उसके संरक्षण के लिए खड़ा होना चाहिए ? पाठक जानते होंगे कि हाल ही में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने यह बात कही है कि अरावली पहाड़ी वही मानी जाएगी, जो आसपास की जमीन से कम से कम 100 मीटर ऊँची हो। इसका सीधा अर्थ यह निकाला जा रहा है कि इससे कम ऊँचाई वाले कई क्षेत्र कानूनी तौर पर अरावली के दायरे से बाहर हो सकते हैं। इसी वजह से यह चिंता और बहस तेज हो गई है कि कहीं इस परिभाषा के कारण अरावली के संरक्षण को कमजोर न कर दिया जाए। वास्तव में, अदालत की नई परिभाषा(अरावली) के बाद यह डर पैदा हो गया है कि अगर 100 मीटर से कम ऊँचाई वाली अरावली की पहाड़ियों में खनन, निर्माण और व्यावसायिक गतिविधियों की अनुमति मिलती है, तो इसका असर सिर्फ उन्हीं पहाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे अरावली क्षेत्र के पर्यावरण और यहां के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को भारी नुकसान हो सकता है। गौरतलब है कि अरावली को उत्तर भारत के पर्यावरण की प्राकृतिक ढाल माना जाता है, जो मरुस्थलीकरण, जल संकट और जलवायु असंतुलन को रोकती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में अरावली क्षेत्र में जिस तरह खनन गतिविधियां बढ़ीं हैं, उससे इसके दुष्परिणाम पहले ही दिखने लगे हैं। हालाँकि, सरकार कह रही है कि खनन केवल 0.19' क्षेत्र तक सीमित रहेगा, पर चिंता यह है कि एक बार खनन की अनुमति मिल गई तो भविष्य में इसका दायरा बढ़ने से कौन रोकेगा? यही इस पूरे कथन की मूल चिंता और संदेश है। बहरहाल, यदि हम यहां इसे सरल शब्दों में समझें तो अरावली पर्वत श्रृंखला को जो नुकसान हुआ है, उसके पीछे मानव स्वार्थ, अव्यवस्थित विकास और सरकारी प्राथमिकताओं की कमी जैसे कई कारण हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दशकों में अरावली क्षेत्र में खनन, निर्माण, सड़कें, कॉलोनियां और उद्योग तेजी से बढ़े हैं। लोगों ने अपनी सुविधा और तात्कालिक लाभ के लिए पहाड़ियों को काटा, जंगल साफ किए और बड़े पैमाने पर पत्थर व खनिज निकाले। कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे अरावली की प्राकृतिक बनावट टूट गई। जब पहाड़ और जंगल खत्म होते हैं तो वे वर्षा जल को रोक नहीं पाते, न ही जमीन के भीतर पानी को जमा कर पाते हैं। शायद इसी का नतीजा है कि आज आसपास के शहरों में, यहां तक कि गांवों तथा ढ़ाणियों तक में भी भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है, गर्मी बढ़ रही है और हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती चली जा रही है। अब यहां प्रश्न यह उठता है कि आखिर अरावली का संरक्षण क्या इसलिए महत्वपूर्ण नहीं दिखता है,क्योंकि इसके खनन और निर्माण से तुरंत राजस्व, रोजगार और विकास का भ्रम पैदा होता है। वास्तव में सच तो यह है कि दीर्घकालीन पर्यावरणीय नुकसान धीरे-धीरे सामने आता है, इसलिए उसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसके अलावा, अलग-अलग राज्यों की नीतियां, कानूनी उलझनें और शक्तिशाली कारोबारी हित भी संरक्षण के रास्ते में बाधा बनते हैं। अंत में यही कहूंगा कि अरावली सिर्फ पहाड़ों की एक श्रृंखला नहीं है। यह थार रेगिस्तान को फैलने से रोकती है, वर्षा जल को जमीन में उतारकर भूजल को रिचार्ज करती है, जंगलों और वन्यजीवों को आश्रय देती है और करोड़ों लोगों की रोजी-रोटी और जीवन सुरक्षा से जुड़ी है। पर्यावरण विशेषज्ञों का यह मानना है कि अरावली को आर्थिक लाभ की नजर से नहीं, बल्कि पर्यावरण, जलवायु और भविष्य की पीढ़ियों की सुरक्षा के नजरिये से देखा जाना चाहिए। आज के इस आधुनिक दौर में दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण की बातें हो रही हैं, लेकिन जमीन पर विकास के नाम पर जो गतिविधियां चल रही हैं, वे कई बार प्रकृति के खिलाफ जाती हैं। वास्तव में,अरावली के मामले में जो भी फैसले या नीतियाँ बनें, उनमें तुरंत मिलने वाला आर्थिक या व्यावसायिक लाभ (जैसे खनन, निर्माण, रियल एस्टेट) को प्राथमिकता नहीं दी जानी चाहिए। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि हम लंबे समय के पर्यावरणीय नुकसान- जैसे जल संकट, मरुस्थलीकरण, जैव-विविधता का नाश और जलवायु असंतुलन आदि को नजरअंदाज नहीं करके पर्यावरण संरक्षण पर समुचित ध्यान दें।यानी आज का छोटा लाभ भविष्य की बड़ी कीमत पर यदि हासिल किया जा रहा है, तो यह ठीक नहीं है। वास्तव में अरावली के क्रम में यदि समय रहते संतुलित और जिम्मेदार फैसले नहीं लिए गए, तो इसका असर सिर्फ अरावली तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे उत्तर-पश्चिम भारत की जलवायु और जीवन व्यवस्था पर पड़ेगा।इसलिए पर्यावरण और पारिस्थितिकी के प्रति संवेदनशील सोच, जिम्मेदार नीतियाँ और प्रकृति के प्रति गहरा सम्मान आज समय की मांग है।तभी वास्तव में यह धरती(यह नीला ग्रह) और मानव दोनों का अस्तित्व सुरक्षित रह पाएगा।

# यीशु मसीह- शक्ति के युग में विनम्रता का घोष



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत ', बड़वानी (मप्र)

*उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन से प्रमाणित किया कि आध्यात्मिकता का असली रूप बाहरी दिखावे में नहीं, अपितु जरूरतमंदों की सेवा और पीड़ितों के प्रति करुणा में है। उनके उपदेशों ने समाज को यह संदेश दिया कि धर्म का सच्चा अर्थ मानव-कल्याण में है, न कि केवल रीति-रिवाजों में। क्रिसमस की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सर्वव्यापी एकता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और राष्ट्रों को एक सूत्र में पिरोती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह पर्व अपार उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। रात्रि की मध्य प्रार्थनाएँ, घरों की रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री की चमक, उपहारों का आदान-प्रदान और बच्चों की सांता क्लॉज की*

जगमगाती रोशनी, मधुर गीतों और हृदयों में उमड़ते प्रेम के साथ मनाया जाने वाला क्रिसमस केवल एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि मानवता के लिए करुणा और आशा का दिव्य संदेश है। यह वह पावन अवसर है जब ईश्वर ने मानव रूप में अवतरित होकर अंधकार से आच्छादित संसार को प्रेम और दया की ज्योति से आलोकित किया। प्रभु यीशु मसीह का जन्म न केवल ईसाई समाज के लिए, बल्कि समस्त मानव जाति के लिए यह शाश्वत संदेश देता है कि प्रेम सबसे बड़ा धर्म है और सेवा से श्रेष्ठ कोई मार्ग नहीं। यह पर्व हमें यह भी स्मरण कराता है कि सच्ची प्रसन्नता अपने सुख में नहीं, बल्कि दूसरों के चेहरों पर मुस्कान लाने में निहित है। क्रिसमस की उजास भरी यह लौ हर हृदय में क्षमा, दया और समर्पण की भावना जगाने का आह्वान करती है। यह उत्सव हमें प्रेरित करता है कि हम अपने भीतर की स्वार्थ की दीवारें गिराकर मानवता के विशाल आँगन में एक-दूसरे के लिए जीने का संकल्प लें।

लगभग दो हजार वर्ष पहले, जब दुनिया अन्याय, भेदभाव और अज्ञानता के गहन अंधेरे में डूबी थी, बेथलहम की एक साधारण गौशाला में एक असाधारण शिशु का जन्म हुआ। वह शिशु था प्रभु यीशु मसीह—ईश्वर का अवतार, मानवता का मुक्तिदाता। पवित्र मरियम को स्वर्गदूत द्वारा दी गई सूचना साकार हुई और उस विनम्र स्थान ने विश्व को वह प्रकाश दिया जो आज भी मार्ग दिखाता है। यीशु का जन्म सिद्ध करता है कि सच्ची महानता भव्य महलों में नहीं, बल्कि नम्र हृदयों में निवास करती है। उन्होंने अपने संपूर्ण जीवन से प्रमाणित किया कि आध्यात्मिकता का असली रूप बाहरी दिखावे में नहीं, अपितु जरूरतमंदों की सेवा और पीड़ितों के प्रति करुणा में है। उनके उपदेशों ने समाज को यह संदेश दिया कि धर्म का सच्चा अर्थ मानव-कल्याण में है, न कि केवल रीति-रिवाजों में। क्रिसमस की सबसे बड़ी विशेषता उसकी सर्वव्यापी एकता है जो विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और राष्ट्रों को एक सूत्र में पिरोती है। भारत जैसे बहुलतावादी देश में यह पर्व अपार उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। रात्रि की मध्य प्रार्थनाएँ, घरों की रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री की चमक, उपहारों का आदान-प्रदान और बच्चों की सांता क्लॉज की प्रतीक्षा—ये सभी इस उत्सव को अविस्मरणीय बनाते हैं। भारतीय घरों में लाल पॉइन्सेत्तिया के फूल, तारों से जगमगाते क्रिसमस ट्री और मोमबत्तियों की मधुर रोशनी विशेष आकर्षण का केंद्र होते हैं। चर्चों में गूँजते भजन और केक काटने की खुशी हर दिल को छू लेती है। यह पर्व यहाँ की विविधता में भी एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत करता है। विश्व के कोने-कोने में क्रिसमस अपने अनोखे रंगों में रंगा हुआ दिखाई देता है, जो इसकी वैश्विक अपील को और गहरा करता है। यूरोपीय देशों में सदाबहार क्रिसमस ट्री जीवन के निरंतर चक्र और आशा का प्रतीक माना जाता है। पोलैंड में मकड़ी के जाल जैसी सजावट की कथा, जापान में क्रिसमस पर केएफसी का विशेष भोजन, ब्रिटेन में क्रिसमस क्रैकर्स फोड़ने की परंपरा, स्वीडन में डोनाल्ड डक कार्टून देखने का रिवाज और जर्मनी में एडवेंट कैलेंडर की प्रतीक्षा—ये सभी परंपराएँ क्रिसमस को सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उत्सव बनाती हैं। इन भिन्न रीति-रिवाजों के बीच एक समान धागा है—प्रेम, क्षमा और सद्भाव का संदेश जो सीमाओं से परे हर हृदय तक पहुँचता है। क्रिसमस का गहनतम सार करुणा और निष्काम सेवा में छिपा है। यह पर्व हमें आत्मचिंतन का अवसर देता है कि सच्चा सुख भौतिक वस्तुओं में नहीं, अपितु दूसरों की सहायता में निहित है। प्रभु यीशु ने सिखाया कि सबसे छोटे भाई-बहन की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। गरीबों, अनाथों, बीमारों और वंचितों की मदद करना इस उत्सव का मूल उद्देश्य है। यह दिन हमें अहंकार और स्वार्थ त्यागकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है। चाहे कोई किसी भी धर्म या संस्कृति से हो, क्रिसमस उसे मानवता के प्रति अपने कर्तव्य की याद दिलाता है। यही इस पर्व की सार्वभौमिकता है जो इसे विशेष बनाती है। आधुनिक युग में जबकि पर्यावरण संकट गंभीर चुनौती बन चुका है, क्रिसमस को भी पर्यावरण-संवेदनशील दृष्टि से मनाने की आवश्यकता है। असली पेड़ काटने की बजाय कृत्रिम ट्री का बार-बार उपयोग अधिक पर्यावरण-अनुकूल माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मत है कि दीर्घकालिक उपयोग में कृत्रिम पेड़ कम कार्बन उत्सर्जन करते हैं। यह सोच हमें सिखाती है कि हमारे त्योहार केवल आध्यात्मिक और सांस्कृतिक ही नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति भी जिम्मेदार होने चाहिए। सच्ची उत्सव भावना तभी पूर्ण होती है जब हम प्रकृति और मानवता के बीच संतुलन बनाए रखें। इस दृष्टिकोण से क्रिसमस और भी प्रासंगिक हो जाता है। क्रिसमस कोई साधारण उत्सव नहीं, अपितु प्रेम, करुणा और शांति का शाश्वत दिव्य संदेश है। यह हमें सिखाता है कि जब हम अपने हृदय से द्वेष, ईर्ष्या और स्वार्थ को निकालकर दूसरों के लिए जीते हैं, तभी जीवन का वास्तविक अर्थ प्रकट होता है। प्रभु यीशु का जीवन और उनके आदर्श हमें निरंतर प्रेरित करते हैं कि धर्म का सच्चा स्वरूप मानव-सेवा और निष्काम परोपकार में है। क्रिसमस का असली प्रकाश न तो चमचमाते दीपकों में है, न ही उपहारों की चमक में, बल्कि हमारे हृदयों में बसी दया, प्रेम और सहानुभूति की कोमल ज्योति में है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि हम मानवता की सेवा द्वारा ही एक समतामूलक, सहिष्णु और शांतिपूर्ण समाज का निर्माण कर सकते हैं। क्रिसमस का अमर संदेश यही है—अपने अंतर्मन की ज्योति जगाओ और दूसरों के जीवन में आनंद का संचार करो। यही इस पावन उत्सव की सार्वभौमिक महत्ता है

## बैठक में रतनगढ़ की रेल सुविधाओं पर मंथन



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पर डीआरयूसीसी की तृतीय बैठक आयोजित मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय (बीकानेर) के सभागार में इस कार्यकाल (16.08.24 से15.08.26) की तृतीय डीआयूसीसी ( मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति) का आयोजन किया गया। इस तृतीय मंडल रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति मीटिंग की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने की। मंडल रेल प्रबंधक ने समिति के सदस्यों का स्वागत सत्कार किया व मंडल की उपलब्धियों से अवगत कराया। डीआरयूसीसी मीटिंग में रतनगढ़ से अनिरुद्ध दायमा ने भी भाग लिया। दायमा ने बैठक में रतनगढ़ जक्शन पर रेल यात्रियों की सुविधार्थ कई प्रस्ताव रखे जिनमें प्लेटफॉर्म 1 से 4 तक लिफ्ट लगवाने, चारों प्लेटफार्म पर पूर्ण टीन शेड की व्यवस्था करवाने, छोटी लाइन के समय रतनगढ़ में स्थपित वाशिंग लाइन ओर क्यूडब्ल्यूएस को पुनः शुरू किया जाए। साथ ही दायमा ने बताया कि आगामी जैन मुनि आचार्या महाश्रमण के लाडनूं प्रवास को देखते हुए सरदारशहर से जयपुर वाया रतनगढ़ चूरू, फतेहपुर सरदारशहर से जोधपुर वाया रतनगढ़ लाडनूं नई रेल सुविधा शुरू करने और वर्तमान में रतनगढ़ डेगाना सेक्शन पर संचालित गाड़ी स ं ख य ा 19027/19028,22915/22916,12323/12324,15623/15624 के फेरे बढ़ाने गाड़ी संख्या 14891/14892 का विस्तार सिरसा तक करने की। इससे न केवल यात्रियों को सुविधा होगी, साथ ही रेल का राजस्व भी बढ़ेगा। इसके अलावा दायमा ने होली डे स्पेशल के रूप में चलने वाली जोधपुर गोरखपुर, बीकानेर गोहाटी 04723/ 04724 वाया रतनगढ़ चूरू फतेहपुर, सीकर के रास्ते नियमित करने और 14717/14718 बीकानेर हरिद्वार के समय में परिवर्तन सहित कई मांग की। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। दायमा की ओर से दिए गए सुझावों पर समिति अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने सकारात्मक आश्वासन दिया। अंत में डीआरयूसीसी मीटिंग के सचिव वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक भूपेश यादव ने समिति के सदस्यों की ओर से दिए गए रचनात्मक सुझावों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। भविष्य में इसी प्रकार से रेलवे विकास में सकारात्मक सहयोग करने अपेक्षा की। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक जयप्रकाश, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, सीनियर डीएसटीई रणसिंह गोदारा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर सामान्य आदित्य लेघा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी शैलेष चौधरी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक वीरेंद्र जोशी, वरिष्ठ मंडल इंजीनीयर ( पूर्व ) विष्णु चौधरी सहित रेलवे के अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अरावली मुद्दा गहराया: लगाए आरोप, गहलोत व राजे को ठहराया जिम्मेदार

## अरावली नहीं बची तो पूरा राजस्थान बनेगा रेगिस्तान - पूर्व विधायक आहूजा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अरावली पर्वतमाला के मुद्दे पर इन दिनों नेताओं की बयानबाजी का दौर गर्माया हुआ है। बीजेपी से निष्कासित पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा ने बुधवार को अरावली के कथित विनाश को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को निशाना बनाते हुए गंभीर आरोप लगाए ओर सियासी बयान दिया। आहूजा ने पत्रकारो से बात करते हुए कहा कि यदि अरावली की 'हत्या' का दोष तय किया जाए, तो उसमें 75' जिम्मेदारी अशोक गहलोत और 25' वसुंधरा राजे की है। आहूजा ने कहा कि वसुंधरा राजे भाजपा की वरिष्ठ नेता जरूर हैं, लेकिन उनके दोनों कार्यकाल में अवैध खनन, पट्टे और लीज देने में कोई कमी नहीं छोड़ी गई। उनका आरोप था कि जयपुर सहित कई शहरों में अवैध निर्माण को मान्यता देना भी उसी नीति का हिस्सा रहा। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी से कोई भी राजनीतिक दल या नेता बच नहीं सकता।



### अलवर में कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना

पूर्व विधायक आहूजा ने अलवर जिले में अरावली के कथित विनाश के लिए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और उन्हें संरक्षण देने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया। आहूजा का आरोप है कि इनके संरक्षण में सिलीसेढ़ झील, जयसमंद और जिले के अन्य जल स्रोतों पर अवैध होटल, निर्माण और कब्जे किए गए। उन्होंने दावा किया कि जिले का शायद ही कोई सरोवर या बावड़ी बची हो, जिस पर अतिक्रमण न हुआ हो। उन्होंने कहा कि अरावली नहीं बची तो पूरा राजस्थान बनेगा

### रेगिस्तान दी चेतावनी

आहूजा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अरावली पर्वतमाला को नहीं बचाया गया, तो आने वाले 10 वर्षों में राजस्थान के हर जिले में रेगिस्तान फैल जाएगा। इसका असर केवल राजस्थान तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि दिल्ली, हरियाणा और पंजाब तक इसके दुष्परिणाम पहुंचेंगे। उन्होंने इसे जल, पर्यावरण और आने वाली पीढियों से जुड़ा मुद्दा बताया।

### भाजपा नेताओं की चुप्पी पर सवाल

आहूजा ने भाजपा नेताओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अलवर जिले का कोई भी भाजपा नेता अरावली के मुद्दे पर खुलकर क्यों नहीं बोल रहा। उन्होंने तीखा तंज कसते हुए पूछा कि क्या किसी को अरावली के विनाश से पीड़ा नहीं है या फिर कहीं ऐसा तो नहीं कि वे खुद ही इसमें शामिल हो ?

### आंदोलन का ऐलान, सियासत से ऊपर बताया मुद्दा

ज्ञानदेव आहूजा ने घोषणा की कि स्वयं सरकार के खिलाफ ओर अरावली को बचाने के लिए आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि यह मुद्दा जाति, धर्म या हिंदू रह मुस्लिम से ऊपर है और सीधे तौर पर प्रकृति, जल, जीव-जंतुओं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा हुआ है।

# टॉप-10 अपराधी इनामी बदमाश अजीत ठाकुर व कल्याण ठाकुर सहित 5 बदमाश गिरफ्तार

### बसई डांग थाना इलाका बिहार से आगे बीहड़ में दुर्गम सात क्यारी क्षेत्र में छिपे होने की सूचना पर घेराबंदी कर ऑपरेशन को दिया अंजाम

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई आईपीएस के निर्देशन में धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार के सुपरविजन में जिला पुलिस अपराधियों, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के नेतृत्व में जिले में लगातार अपराधियों एवं अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसा गया है। जिले में इनामी बदमाशों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 24 दिसम्बर 2025 को अल-सुबह थाना बसईडांग पुलिस, डीएसटी टीम, थाना निहालगंज, जिला स्पेशल टीम एवं सायबर टीम द्वारा थाना बसई डांग इलाके के सात क्वारी के बीहड़ में हार्डकोर एवं जिले के टॉप-10 इनामी बदमाशों में शामिल अजीत ठाकुर एवं कल्याण गैंग के छिपे होने एवं जिले में किसी बडी वारदात के अंजाम देने की सूचना पर सभी टीमों पर संयुक्त रूप से घेराबंदी की गई। इस दौरान बदमाशों द्वारा पुलिस टीमों पर फायरिंग की गई। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गई और घेराबंदी कर अदम्य साहस के साथ पुलिस टीमों द्वारा 50-50 हजार के इनामी बदमाशों अजीत व कल्याण एवं 10 हजार के इनामी बदमाश धीरज एवं इनके 02 अन्य साथियों शिवा व विष्णु को धर दबोचने में सफलता हासिल की गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश अजीत ठाकुर के पैर में गोली लगने के बाद घायल होने पर इलाज के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों तरफ से करीब 35 राउंड फायर हुए है। हार्डकोर इनामी बदमाशों के कब्जे से 02 सिंगल शॉट 315 बोर रायफल 03 कट्टा देशी 315 बोर, 75 कारतूस जिन्दा व 15 कारतूस खाली खोखा जब्त किये गये है। उक्त ऑपरेशन में नरेन्द्र सिंह कांस्टेबल सायबर सेल धौलपुर व श्रीपाल कांस्टेबल पुलिस लाइन धौलपुर की विशेष भूमिका रही है। गिरफ्तार बदमाशों का विवरण अजीत पुत्र राजकुमार जाति ठाकुर निवासी रतनपुर थाना बसेड़ी जिला धौलपुर, कल्ला उर्फ कल्याण सिंह पुत्र शिब्बू उर्फ शिवचरन जाति ठाकुर निवासी मुरावली थाना कंचनपुर जिला धौलपुर, धीरज पुत्र रामविलास जाति धोबी निवासी खरगपुरा थाना नादनपुर जिला धौलपुर, विष्णु पुत्र रामवीर जाति कोली निवासी जारगा थाना बसेडी जिला धौलपुर, शिवा पुत्र अरविन्द्र सिंह जाति ठाकुर निवासी गुमानपुर थाना नादनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार किया। हार्डकोर इनामी बदमाशों पर घोषित इनाम विवरण हार्डकोर इनामी बदमाश अजीत ठाकुर एवं कल्याण ठाकुर की गिरफ्तारी पर कार्यालय महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज भरतपुर द्वारा 50-50 हजार रूपये की इनाम घोषित है एवं इनामी बदमाश धीरज की गिरफ्तारी पर धौलपुर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार रूपये का इनाम घोषित है। उक्त बदमाशों द्वारा पिछले 4-5 वर्षों में जिले में हत्या का प्रयास, फायरिंग अवैध हथियार, डकैती, रंगदारी, संगठित अपराध, पुलिस से मुठभेड़, डकैती की योजना, लूट जैसे अपराधों को अंजाम दिया है। हार्डकोर अन्तर्राज्जीय इनामी बदमाशों द्वारा की गई आपराधिक घटनाओं का विवरण 05 अक्टूबर 2025 को हार्डकोर इनामी बदमाश अजीत एवं कल्याण के थाना कंचनपुर इलाके के मुरावली के पास जाटवों के पुरा के पास छिपे होने की सूचना पर सायबर सेल, डीएसटी टीम, स्पेशल टीम ने दबिश दी थी। इस दौरान उक्त बदमाश एक झौंपडी में छिपे थे और पुलिस टीमों पर जान से मारने की नीयत से अंधाधुंध फायरिंग की और पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। लेकिन उक्त बदमाश आस-पास खड़ी बाजरा की फसल का फायदा उठाकर खेतों में छिपते हुए भागने में सफल हो गये थे। पुलिस टीमों ने बाजरा के खेतों की सघन तलाशी एवं आस-पास नाकाबंदी भी कराई गई। इस घटना पर थाना कंचनपुर में मामला दर्ज किया जाकर तलाश की जा रही थी। हार्डकोर इनामी बदमाश अजीत एवं कल्याण जिले के थाना बसेड़ी एवं कंचनपुर इलाकों में फाइनेंस कर्मियों के साथ लूट की विभिन्न वारदातों को अंजाम दिया है। इस सम्बंध में थाना कंचनपुर एवं थाना बसेड़ी पर मामले दर्ज है। 15 नवम्बर 2025 को जिले के थाना नादनपुर इलाके में स्थित धोबी की तिवरिया पर अपनी दुकान पर बैठे एक व्यक्ति पर एक कार में सवार होकर आये गिरफ्तार बदमाश शिवा, धीरज, विष्णु कोली आदि ने घेरकर फायरिंग की। जिसमें महेश के पैर में गोली लगी थी। इस वारदात के बाद आरोपी धीरज की गिरफ्तारी पर 10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया।

## गोनेर के राजकीय विद्यालय में बच्चों को ऊनी कपड़े वितरित



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** सांगानेर पंचायत समिति के क्षेत्र गोनेर मे ईशावी फाउण्डेशन और भारत विकास परिषद की ओर से गोनेर के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में निःशुल्क दांतों की जांच और सामग्री वितरण का शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. गुंजन गुप्ता और डॉ. ख्याति अग्रवाल ने 95 बालक- बालिकाओं के दांतों की जांच कर सुरक्षा व सफाई के उपाय की जानकारी दी। इसके साथ ही बच्चों को निःशुल्क टूथब्रश व टूथपेस्ट बांटे गए। ईशावी फाउण्डेशन के अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद ने बताया कि इसी विद्यालय में जरूरतमंद 51 बालक-बालिकाओं को गर्म कपड़े भी वितरित किए गए। भारत विकास परिषद के अध्यक्ष की ओर से प्रार्थना सभा में परिषद के 5 सूत्र संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के आधार पर किए जा रहे सेवा कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई।

## नगर पालिका बोर्ड का कार्यकाल पूरा, एसडीएम ऋषि राज कपिल ने संभाली व्यवस्था



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** नगर पालिका फुलेरा में प्रशासनिक बदलाव के तहत उपखंड अधिकारी ऋषि राज कपिल ने बुधवार को पालिका प्रशासक का कार्यभार औपचारिक रूप से ग्रहण कर लिया। नगर पालिका अध्यक्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद राज्य सरकार के आदेशानुसार उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यभार ग्रहण अवसर पर अधिशाषी अधिकारीसुरेश कुमार शर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। प्रशासक बनने के बाद एसडीएम ऋषि राज कपिल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करना, मुख्य सड़कों से अतिक्रमण हटाना, विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं आने देना और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए और प्रशासन पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करे। इस मौके पर अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा ने भरोसा दिलाया कि नगर पालिका प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा तथा जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी।

## शुभी माथुर अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** आर. ए. पोद्दार इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट के स्थापना के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित एलुमनाई मीट बंधन-25 में मेधावी छात्रा शुभी माथुर को एमबीए (एस.एम.) पाठ्यक्रम में संस्थान के समस्त छात्रों में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के लिए अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अनुराग शर्मा की ओर से विशिष्ट अतिथियों, शिक्षाविदों व पूर्व छात्रों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्थान की शैक्षणिक उपलब्धियों और छात्रों की उत्कृष्टता पर प्रकाश डाला गया।

## सहायक आचार्यों को रोजगार गारंटी देने की मांग

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** चिड़ावा, कॉलेज शिक्षा में विद्या संबल योजना के तहत कार्यरत समस्त सहायक आचार्यों को रोजगार गारंटी व सेवा की सुनिश्चितता प्रदान करने को लेकर मास्टर हजारी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय चिड़ावा में कार्यरत सहायक आचार्यों डॉ परमानंद शर्मा, डॉ सोमवीर,, डॉ अंजू कटेवा,बाबूलाल वर्मा ने एसडीएम चिड़ावा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्थान की 374 राजसेस राजकीय महाविद्यालय व राजसेस के अन्य पदों पर लगभग 2700 सहायक आचार्य विद्या संबल योजना के तहत कार्यरत हैं जिनका चयन यूजीसी एक्ट 2018 के तहत टेबल नंबर 3 B में वर्णित सहायक आचार्य की चयन प्रक्रिया से हुआ है। ज्ञापन में बताया कि हरियाणा में भी इस तरह से कार्यरत सहायक आचार्यों को नवंबर 2024 में हरियाणा विस्तार प्राध्यापक तथा अतिथि प्राध्यापक सेवा की सुनिश्चितता विधायक 2024 की ओर से रोजगार गारंटी प्रदान की गई है। राजस्थान प्रदेश में भी हरियाणा व अन्य प्रदेशों की तरह ही विद्या संबल सहायक आचार्य को मासिक वेतन सेवा व रोजगार की सुनिश्चितता प्रदान करने की मांग की गई है। जिससे योग्यता धारी शिक्षकों को भी सामाजिक आर्थिक रूप से संबल प्राप्त हो सके और ये समाज में ससम्मान जीवन यापन कर सकें।

## कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** ग्रामीण सड़के गांवों की जीवन रेखा होती है। इनके माध्यम से जनमानस की पहुँच आवश्यक सुविधाओं शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, रोजगार और बाजार तक सुनिश्चित होती है। सड़क से सुसंबद्ध गांव समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक प्रगति का आधार है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत हमारा मिशन है निर्माण की गुणवत्ता, पारदर्शिता व जनसेवा के उच्चतम मानकों का पालन करते हुए देश के हर कोने तक बारहमासी सड़को का निर्माण करना। ये सड़के ग्रामीण भारत को उचित अवसर प्रदान करने वाली, उनकी गरिमा बढ़ाने वाली और उनकी प्रगति की सेतु है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग ने कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को शपथ दिलाई।

## अंतरराज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, शातिर आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** रात्रिकालीन गश्त के दौरान नावां पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई पिक-अप गाड़ी व ट्रॉली बरामद की गई है। इस कार्रवाई से सक्रिय अंतरराज्यीय चोर गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश हुआ है। यह कार्रवाई ऋचा तोमर (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक, डीडवाना-कुचामन के निर्देशन और विमल सिंह नेहरा (आरपीएस) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामनसिटी व मुकेश चौधरी वृताधिकारी कुचामनसिटी के सुपरविजन में की गई। थाना नावां शहर के थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक नन्दलाल चौधरी के नेतृत्व में रात्रिकालीन गश्त के दौरान यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार मिठड़ी बाईपास पर गश्त के दौरान एक संदिग्ध पिक-अप वाहन को रोककर जांच की गई। चालक सुरेश कुमार कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका, जिस पर वाहन को धारा 207 एमवी एक्ट में जब्त कर चालक को धारा 126, 170 बीएनएसएस 2023 में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ व रिकॉर्ड जांच में आरोपी के विरुद्ध चोरी, नकबजनी, लूट व आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज होना पाया गया। गहन पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ सांभर, बोरावड़, बगरू, किशनगढ़, बांदरसिंदरी, सीकर व परबतसर क्षेत्रों में पिक-अप, ट्रॉली, मोटरसाइकिल, कृषि उपज, लोहे का सामान, टायर-ट्यूब व अन्य सामग्री की कई चोरी की वारदातें करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ़ 9 प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने सुरेश कुमार पुत्र लादूराम जाट, उम्र 32 वर्ष, निवासी जेतपुरा, थाना नेछवा, जिला सीकर को गिरफ्तार किया है जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी में पुलिस निरीक्षक नन्दलाल चौधरी, हैड कांस्टेबल नरेश कुमार, कांस्टेबल मुकेश कुमार, विजेन्द्र, महेन्द्र और चालक पायलट का विशेष योगदान रहा।

## बाल मेले के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास

### कला, खान-पान और खेलों से सजा बाल मेला

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** कस्बे में संचालित रैनबो इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उद्यमशीलता और मनोरंजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बाल मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी शहनाज खान ने बताया कि इस अवसर पर नगर पालिका मंडल नावां के नेता प्रतिपक्ष अवधेश पारीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत समारोह से हुई, जिसमें आरआईएस किड्स की छात्राएं तनु कुमावत और कृतिका कुमावत ने मुख्य अतिथि महोदय का तिलक लगाकर व मोली बांधकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। बाल मेले में विद्यार्थियों की ओर से लगाई गई विभिन्न प्रकार की स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहीं। छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट, छोले-भटूरे, गोलगप्पे, कचोरी, समोसे, मोमोज, गजक, तिल के लड्डू, पॉपकॉर्न, स्टेशनरी, ड्राई फ्रूट्स और मनोरंजक गेम्स की स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अवधेश पारीक ने विद्यार्थियों के उत्साह और उनकी सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, टीमवर्क और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अध्ययन के साथ-साथ मनोरंजनात्मक और रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के निदेशक प्रताप बेनीवाल, सह-निदेशक महेंद्र पारीक सहित विद्यालय परिवार के सदस्य विधि शर्मा, सरोज देवी, प्रियंका रिठोदिया, निशा योगी, चंचल लखन, शबाना खान, हेमलता, रितिका, यास्मिन खान व अंकिता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और अभिभावकों ने बाल मेले का भरपूर आनंद लिया।

### जिला स्तरीय राज्य युवा महोत्सव का आगाज

## प्रतिभाशाली युवा कलाकारों को राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की पहलः कलेक्टर

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा के सफल व समयबद्ध क्रियान्वयन एवं युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव के तहत सांस्कृतिक लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, साहित्यिक कहानी लेखन, कविता, वक्तृत्व, चित्रकला और बौद्धिक-तकनीकी क्विज, विकसित भारत चैलेंज, युवा संसद जैसी विधाओं का उद्देश्य युवाओं की प्रतिभा को मंच देना और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। जिले के प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज कर उन्हें प्रोत्साहन, सुविधा व मार्गदर्शन प्रदान करते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैयार कर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से राजस्थान युवा बोर्ड की ओर से शिक्षा विभाग के माध्यम से जिला स्तरीय राज्य युवा महोत्सव 2025-26 का आयोजन जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी की अध्यक्षता में नगर परिषद टाउन हॉल मचकुण्ड रोड़ में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, अतिरिक्त जिला कलेक्टर हरिराम मीणा, जिला अध्यक्ष भाजपा राजवीर सिंह राजावत, नीरजा शर्मा, अनुराग शर्मा, विशंभर दयाल शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, जिला संगठन मंत्री एबीवीपी ओझा सहित अन्य मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल युवाओं की प्रतिभा को मंच देगा, बल्कि जिले एवं राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने का भी प्रभावी माध्यम सिद्ध होगा। उन्होंने युवा महोत्सव में भाग लेने वाले कलाकारों का हौंसला बढ़ाया और बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय राज्य युवा महोत्सव का आयोजन से चयनित प्रतिभागियों को संभाग स्तरीय युवा राज्य महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि जिला महोत्सव में राज्य की दुर्लभ, पारंपरिक एवं लुप्तप्राय लोक कला एवं संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन के उद्देश्य से स्थानीय युवा कलाकारों द्वारा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी सुक्खो देवी रावत ने बताया कि युवा महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जिला एवं प्रदेश की उभरती हुई प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी कला को पहचान मिल सके और वे भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जिले एवं राज्य का नाम रोशन कर सकें।

## चोरी की मोटरसाइकिल सहित युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**सांगानेर(निस)।** पुलिस थाना रेनवाल मांजी को सायंकालीन गश्त के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी की मोटरसाइकिल लेकर भाग रहे एक युवक को पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए दबोच लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान नींबू ऊर्फ गोलू के रूप में हुई है, जिससे पूछताछ जारी है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशि डोगरा डूडी आईपीएस ने जानकारी देते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के लिए 23 दिसंबर 2025 को विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिव लाल बैरवा व वृत्ताधिकारी फागी अनिल डोरिया के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी रेनवाल मांजी पुलिस निरीक्षक कमलेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम कस्बा रेनवाल मांजी क्षेत्र में सायंकालीन गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान एक युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर पुलिस जाप्ते को देखकर अचानक तेज गति से भागने लगा। पुलिस को उस पर संदेह हुआ, जिस पर पीछा कर युवक को डिटेन किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम नींबू ऊर्फ गोलू पुत्र जयसिंह बागरिया, निवासी एलएनटी रोड काग्या, पुलिस थाना फागी बताया। जब उससे मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। तकनीकी सहायता से मोटरसाइकिल की जांच की गई, जिसमें पता चला कि हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल नंबर RJ 43 SD 6392 पुलिस थाना फलौदी, जिला फलौदी के प्रकरण संख्या 257/2024 में चोरी की दर्ज है और वांछित थी। इस पर पुलिस ने मोटरसाइकिल को धारा 207 मोटर व्हीकल एक्ट में जब्त कर लिया तथा आरोपी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। जप्तशुदा मोटरसाइकिल के संबंध में पुलिस थाना फलौदी को सूचित कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार युवक से मोटरसाइकिल चोरी की अन्य वारदातों व उसके साथियों के बारे में पूछताछ की जा रही है। संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में अन्य चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है।

## विकसित जयपुर@2047 विजन दस्तावेज का जोगाराम पटेल ने किया विमोचन

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कास)।** विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से प्रारंभ की गई विकसित राजस्थान@2047 विजन की पहल के अनुरूप जिला प्रशासन जयपुर की ओर से जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने विकसित जयपुर@2047 विजन दस्तावेज का विमोचन किया। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि इस विजन दस्तावेज का उद्देश्य जिले को गतिशील, समावेशी व सक्षम बनाते हुए प्रत्येक नागरिक के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। दस्तावेज में विकसित राजस्थान@2047 के अनुरूप जिला स्तरीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समग्र एवं दीर्घकालिक रणनीति प्रस्तुत की गई है, जिसमें गरीब, युवा, किसान व महिला सशक्तिकरण को केन्द्र में रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी व सतत विकास का स्पष्ट रोडमैप निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 'विकसित जयपुर @ 2047' विजन चार प्रमुख थीम– जनकल्याण एवं सामाजिक सशक्तिकरण, त्वरित विकास, समृद्धि व रोजगार सृजन, भविष्य उन्मुख जयपुर के अंतर्गत आधारभूत अवसंरचना एवं सतत विकास तथा संवर्धक के रूप में नीति, वित्त व सुशासन–पर आधारित है। डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि जिला प्रशासन जयपुर विजन दस्तावेज के अनुरूप जिले के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ राज्य के विकास में प्रभावी योगदान देने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि 2047 की विकास यात्रा में कोई भी नागरिक पीछे न रहे और जयपुर प्रगति, स्थिरता एवं समृद्धि का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरे।'विकसित जयपुर @2047' विजन दस्तावेज तैयार किया गया है। जिसका विमोचन जिला प्रभारी मंत्री जोगाराम पटेल ने किया। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि इस विजन दस्तावेज का उद्देश्य जिले को गतिशील, समावेशी व सक्षम बनाते हुए प्रत्येक नागरिक के सामाजिक व आर्थिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना है। दस्तावेज में विकसित राजस्थान@2047 के अनुरूप जिला स्तरीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समग्र व दीर्घकालिक रणनीति प्रस्तुत की गई है, जिसमें गरीब, युवा, किसान व महिला सशक्तिकरण को केन्द्र में रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के समावेशी व सतत विकास का स्पष्ट रोडमैप निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 'विकसित जयपुर@ 2047' विजन चार प्रमुख थीम– जनकल्याण एवं सामाजिक सशक्तिकरण, त्वरित विकास, समृद्धि व रोजगार सृजन, भविष्य उन्मुख जयपुर के अंतर्गत आधारभूत अवसंरचना एवं सतत विकास और संवर्धक के रूप में नीति, वित्त व सुशासन पर आधारित है। डॉ सुदीप कुमावत ने बताया कि जिला प्रशासन जयपुर विजन दस्तावेज के अनुरूप जिले के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ राज्य के विकास में प्रभावी योगदान देने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि 2047 की विकास यात्रा में कोई भी नागरिक पीछे न रहे और जयपुर प्रगति, स्थिरता एवं समृद्धि का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरे।



# सबको प्रेम और शांति का पाठ पढ़ाने के लिए आए

# प्रभु यीशु

**प्रेम से अपने इकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया - संत योहन अपने सुसमाचार में कहते हैं- ईश्वर ने संसार को इतना प्यार किया कि उसके लिए उसने अपने इकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो उसमें विश्वास करता है, उसका सर्वनाश न हो, बल्कि अनन्त जीवन प्राप्त करें। अतः हमारे पाप और दुष्कर्मों के कारण नहीं, बल्कि हमारे प्रति ईश्वर के अपूर्व प्रेम के कारण ही येशु को मानव बनकर जन्म लेना पड़ा।**

बाइबिल, कुरआन, गुरुग्रंथ साहिब और रामायण-गीता आदि का सार एक है। सभी का निष्कर्ष यह है कि अच्छे कर्म करो और फल की प्राप्ति करो। धर्म का मूल आधार भी यही है। धर्म किसी को बैरी नहीं बनाता और न बैरी बनाने की सलाह देता है। धर्म कहता है कि उस आदि अनंत सत्ता को स्वीकार करो, जिसने तुमको बनाया और जो पूरी दुनिया को चलाने और पालने वाला है। प्रभु यीशु ने अपने शिष्यों से कहा था कि पाप से घृणा करो, पापी से नहीं। वास्तव में खीस्त के जन्म की अद्वितीयता इसी में है कि वह मानव जाति के प्रति ईश्वर के प्रेम का प्रत्यक्ष चिह्न है। उसका उद्देश्य है सबका उद्धार करना। यीशु के व्यक्तित्व में ईश्वर का मानव बनकर आने का उद्देश्य है- सब मनुष्यों को जीवन प्रदान करना।

### ईश्वरीय शक्ति सभी में है

जिस किसी ने इस सत्ता को नकराने की कोशिश की, उसका पतन हो गया। हर धर्म में ही बहुत से ऐसे अत्याचारी शासकों की कहानी को जोड़ा गया है, जिन्होंने ईश्वर की सत्ता से टकराने की कोशिश की। लेकिन किसी एक दिव्य पुरुष के आगमन पर उनका अंत हो गया। इससे एक बात साफ होती है कि ईश्वरीय शक्ति हर प्राणी में होती है। यही ईश्वरीय शकि किसी को आम लोगों से अलग कर देती है और इसी ईश्वरीय शक्ति में हम किसी देवता या फरिश्ते की तलाश करते हैं।

अहंकार में मानव अपने कर्म भूल जाता - परमात्मा के आदेश को ठुकरा कर मानव पाप की ओर भागता है। वह ईश्वर की परीक्षा लेता है और स्वयं ही ब्रह्म होने का गुमान पालता है। यहूदियों के राजा ऑगस्टस सीजर ने भी यही किया। अपनी सत्ता से इतराकर वह जनगणना का आदेश कर बैठा। दिसंबर की रात थी। ईसा मसीह के



माता-पिता को भी नाम दर्ज कराने के लिए येरूसलम जाना पड़ा। वहीं पर पास के ही एक गांव बेथलहम में प्रभु यीशु का जन्म हुआ।

प्रेम से अपने इकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया - संत योहन अपने सुसमाचार में कहते हैं- ईश्वर ने संसार को इतना प्यार किया कि उसके लिए उसने अपने इकलौते पुत्र को अर्पित कर दिया, जिससे जो उसमें विश्वास करता है, उसका सर्वनाश न हो, बल्कि अनन्त जीवन प्राप्त करें। अतः हमारे पाप और दुष्कर्मों के कारण नहीं, बल्कि हमारे प्रति ईश्वर के अपूर्व प्रेम के कारण ही येशु को मानव बनकर जन्म लेना पड़ा। मानव जाति के प्रति पिता ईश्वर के प्रेम ने स्वयं उन्हें पृथ्वी पर आने को प्रेरित किया, ताकि वह हमारी रक्षा कर सके। क्रिसमस के अवसर पर चरनी में लेटा येशु हमें यह जानकारी देता है कि ईश्वर का असीम प्रेम हर मानव के प्रति है। यीशु ईश्वर का पुत्र मानव बन जाता है, जिससे मानवों के पुत्र ईश्वर के पुत्र बन जाएँ। मत्ती के पहले अध्याय में हम पढ़ते हैं- एक कुँआरी गर्भवती होगी और पुत्र प्रसव करेगी और उसका नाम इम्मानुएल रखा जाएगा जिसका अर्थ है- ईश्वर हमारे साथ है क्रिसमस के बारे में दिए गए इन दोनों उदाहरणों में यह दिया गया है कि क्रिसमस के समय ईश्वर, मनुष्य बन गया और मनुष्य जाति के लिए ईश्वर के पुत्र बनने की संभावना उत्पन्न हो गई। मानव येशु ही इम्मानुएल हैं और वे ही ईश्वर हमारे साथ हैं। हममें से कई यह प्रश्न पूछते हैं- ईश्वर कहाँ है? क्रिसमस हमसे कहता है- ईश्वर मानव बन गया है। अतः ईश्वर को कहीं और खोजने के बदले हम सबको अपने भाई-बहनों में उसकी खोज करनी चाहिए। इसलिए हम अपने पड़ोसियों की सेवा, आदर और प्रेम करने में अपने जीवन का सारा समय व्यतीत करें। यीशु कहते हैं- भ्रातृ-प्रेम ही सबसे श्रेष्ठ प्रेम है।

# ईश्वर के प्रति प्रेम का पर्व


# क्रिसमस

**क्रिसमस हमसे कहता है कि ईश्वर ने हमारे इतिहास में इसलिए प्रवेश किया कि वह संसार को, भीतर से परिवर्तित कर सके। संत आइरीनियस कहते हैं- ईश्वर की महिमा पूर्ण मनुष्य होकर जीने में है। इसलिए सच्ची आध्यात्मिकता का अर्थ है इस संसार में पूर्ण मनुष्य होकर रहना। येशु खीस्त इसलिए मनुष्य बन गए, ताकि वे हमारे शरीर और आत्मा दोनों की रक्षा करें। हम सोचते हैं कि पाप का कारण शरीर है, इसलिए शरीर को त्यागना चाहिए।**

क्रिसमस का पर्व हमसे भ्रातृ-प्रेम द्वारा हमारे प्रति ईश्वर के प्रेम की कृतज्ञता प्रकट करने को कहता है। सच्चे आनंद की अनुभूति तभी होगी जब हम अपने भाई-बहनों से प्रेम करेंगे। हमारा आनंद दूना हो जाता है जब हम अपना आनंद, अपना जीवन और अपना प्रेम दूसरों के साथ बाँटते हैं। यह आनंद तभी मिलेगा जब हम अपने प्रेम को तथा अपने को दूसरों के साथ बाँटते हैं, किंतु खीस्त जयंती हमारी इस मूल्य-प्रणाली को उलट-पुलट कर देती है। इस पर्व पर हम अवतार के रहस्य को मानते हैं। अवतार का अर्थ है शरीर धारण करना। ईश्वर, येशु में मनुष्य बन गया। उसने स्वयं मानव जाति के साथ तादात्म्य स्थापित किया और पृथ्वी पर आकर पृथ्वी का एक अंग बन गया।

### संत योहन के अनुसार

शब्द ने शरीर धारण कर हमारे बीच निवास किया। इसका अर्थ हुआ कि भौतिक तत्व, संसार और शरीर में कुछ अच्छाई और सौन्दर्य है। सृष्टि का रहस्य



हममें कहता है कि ईश्वर ने संसार की सृष्टि की और उसे अपनी सृष्टि अच्छी लगी। अवतार का रहस्य अर्थात्त क्रिसमस हमसे कहता है कि ईश्वर संसार का एक अंग बनकर संसार में संसार का होकर और संसार के लिए बना रहा। शब्द ने देह धारण किया और हमारे साथ मनुष्य बनकर मनुष्यों के बीच रहा।

क्रिसमस हमसे कहता है कि ईश्वर ने हमारे इतिहास में इसलिए प्रवेश किया कि वह संसार को, भीतर से परिवर्तित कर सके। संत आइरीनियस कहते हैं- ईश्वर की महिमा पूर्ण मनुष्य होकर जीने में है। इसलिए सच्ची आध्यात्मिकता का अर्थ है इस संसार में पूर्ण मनुष्य होकर रहना। येशु खीस्त इसलिए मनुष्य बन गए, ताकि वे हमारे शरीर और आत्मा दोनों की रक्षा करें। हम सोचते हैं कि पाप का कारण शरीर है, इसलिए शरीर को त्यागना चाहिए। लेकिन वास्तव में मुक्ति के मार्ग की बाधा पाप है, और इस पाप का कारण शरीर नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। हमारा अहंकार। अतः हमें पलायन करना है तो अपने अहंभाव से और स्वार्थ से पलायन करना चाहिए, न कि शरीर से या संसार से। क्रिसमस हमसे कहता है कि संसार जैसा है वैसा ही उसे स्वीकार करें। उसका आदर करें। और प्रेम सहित उसमें परिवर्तन लाएँ। अतः यीशु के समान हमें भी इस संसार में रहकर उसकी भलाई के लिए काम करते रहना चाहिए। संक्षेप में कहा जा सकता है कि क्रिसमस हमें मानव के प्रति ईश्वर में प्रेम की याद दिलाना मात्र नहीं, प्रत्युत अपने शरीर का महत्व समझने, संसार को प्यार करने, पूर्णता के साथ उसमें रहने एवं उसके सुधार के लिए काम करने को कहता है। हमसे फिर कहता है कि अपने अहंकार और स्वार्थ को त्याग दें, संसार को नहीं।

क्रिसमस कार्ड डे का महत्व

क्रिसमस का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आता जाता है, वैसे-वैसे दुनिया भर के लोगों में इसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। इस त्योहार पर सबके चहेते सांता क्लॉज बच्चों को उनके मनपसंद तोहफे देकर लुभाते हैं और लोग अपने मित्रों और परिजनों को कार्ड अथवा कोई सौगात देकर उन तक अपनी शुभकामनाएँ पहुँचाते हैं। भारत में वैसे तो हर त्योहार पर कार्डों की बिक्री बढ़ जाती है, लेकिन यह एक खास वर्ग तक सीमित रहती है। मगर क्रिसमस के आते ही समाज के हर वर्ग में कार्ड और उपहारों के प्रति रुझान बढ़ जाता है। पिछले कुछ अर्सों में ई-कार्ड्स का चलन काफी बढ़ा हुआ है। ये कार्ड कम्प्यूटर पर आसानी से उपलब्ध रहते तो हैं साथ ही इनको पलक झपकते ही दुनिया में कहीं भी आसानी से भेजा जा सकता है। इनके चलते कार्ड्स की बिक्री में थोड़ी कमी देखी जा रही है। फिर भी देशभर में बिक्री होने वाले कार्डों की कीमतों के बारे में अनुमान लगाना मुश्किल है, लेकिन निश्चित तौर पर दुनिया भर में मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व पर होने वाला कारोबार करोड़ों रुपए का आँका जा सकता है।





## निर्माणाधीन सड़क से विद्युत पोल व डीपी हटाने की मांग



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बेवासियों ने उपखण्ड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ को ज्ञापन सौंप कर तेजाजी चौक से बस स्टैंड तक चल रहे सड़क निर्माण के बीच आ रहे विद्युत पोल व डीपी को हटवाने की मांग की। ज्ञापन में बताया कि बिजौलियाँ नगर पालिका की ओर से वर्तमान में तेजाजी चौक से रोडवेज बस स्टैंड तक सीसी रोड बनाया रहा हैं। साथ ही रोड की चौड़ाई भी बढाई जा रही हैं। निर्माणाधीन रोड के बीच में कुछ विद्युत पोल व डीपी आ रहे हैं जिनके तार नीचे तक झूल रहे हैं, जिससे खतरा बना हुआ हैं। साथ ही डीपी व विद्युत पोल सौंदर्यीकरण व डिवाइडर निर्माण में बाधक बन रहे हैं। यदि समय रहते इनको सही नहीं किया गया तो जन हानि होने की आशंका हैं। सीसी रोड बनने के बाद यदि पुनः सही किया जाता है तो रोड क्षतिग्रस्त होने की आशंका हैं। वहीं तेजाजी चौक से लेकर आगे तक रोड पर आए दिन ट्रैफिक जाम लगा रहता हैं, इसलिए ट्रांसफार्मर का हटाना आवश्यक हैं। यशवंत सिंह पुगलिया, संजय सिंह चौहान, बजरंग सिंह सांखला, शंभू सिंह शक्तावत, शशांक टाक, देवी लाल कोली, लक्ष्मण सिंह, परमेश्वर पाराशर, अजय देवानी मौजूद रहे

## श्मशान भूमि को राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज करवाने को लेकर ग्रामीणों से समझाइश



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सतकुड़िया के ग्रामीणों की ओर से शमशान भूमि में हो रहे अवैध खनन को बंद करवाने, अवैध कब्जा हटाने व श्मशान के लिए भूमि आवंटित कर रेकॉर्ड में दर्ज करवाने की मांग को लेकर उपखण्ड अधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन पर तहसीलदार ललित डिडवानिया के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए राजस्व व खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंची। गिरदावर संजय पाराशर ने बताया कि सतकुड़िया के आराजी नम्बर 389 में ग्राम पंचायत की ओर से शमशान के लिए चारदीवारी करवाई हुई हैं।लेकिन ग्रामवासी इसे ज्यादा क्षेत्रफल में बढाना चाहते हैं। इसे लेकर भूमि की नपती कर ग्राम पंचायत से प्रस्ताव लेकर श्मशान भूमि को राजस्व रेकॉर्ड में दर्ज करवाने की सहमति जताई गई। वहीं मौके पर अवैध खनन भी नहीं पाया गया।

## गायत्री परिवार के समयदानी कार्यकर्ताओं को मिला विशेष सम्मान



जयपुर टाइम्स

**बिजौलिया(निस)।** हरिद्वार स्थित शांतिकुंज में अखण्ड दीप शताब्दी वर्ष के अंतर्गत 19 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले बैरागी दीप कार्यक्रम में ऊपरमाल क्षेत्र के गायत्री परिजनों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए 9 दिन का समयदान देने पर अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार की ओर से सेवा, समर्पण व अनुशासन के लिए क्षेत्र के गायत्री परिजनों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।सम्मानित टोली में भगवान लाल धाकड़, मोहन लाल धाकड़, शंभू लाल धाकड़, देवीलाल धाकड़, लटूर लाल धाकड़, नानालाल धाकड़, रमेश चंद्र धाकड़, प्रभु लाल धाकड़, मुकुल धाकड़, कुशल धाकड़, हर्षित धाकड़, शंकर लाल धाकड़, महेंद्र बागड़ी व हरिशंकर बागड़ी शामिल रहे।

## मनियां ईओ एक्शन मोड में, नालों से हटवाया अतिक्रमण




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के मनियां क्षेत्र में नगरपालिका ने अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया। मांगरोल रोड चौराहे पर स्थित दुकानों के आगे बनी नालियों पर लगी पत्थर की पट्टियों को हटवाया गया। अधिशासी अधिकारी विष्णु कुमार परमार ने अतिक्रमणकारी दुकानदारों को हिदायत देते हुए कहा अगर दुबारा इस प्रकार का अतिक्रमण हुआ तो नगर पालिका की ओर से सख्ती बरती जाएगी व जुर्माना भी बसूला जाएगा। जमादार व अन्य पालिका कर्मचारियों ने बुधवार सुबह कार्यवाही प्रारम्भ की,तो कई दुकानदारों ने नालों की सफाई ठीक तरीके से कराने के लिए विरोध किया। स्थानीय दुकानदार अशोक कुमार, मनोज, लज्जाराम, राजेंद्र कुशवाह, रहमत खान ने बताया में बाजार की पुलिया से लेकर मांगरोल चौराहे तक बने नालों की सफाई लगभग 3 साल से नहीं हुई है नालियों में कचरा इस प्रकार भरा हुआ है अगर कचरे पर 50 किलो वजन रखा जाए तो उस वजन से कचरा बिल्कुल भी नहीं दब रहा, तो पानी कैसे निकले। नाली का सारा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर बह रहा है जिसके कारण सड़क पर जगह जगह गहरे गड्ढे भी हो गए हैं। नालियों की सफाई ठीक प्रकार से होने पर सभी दुकानदारों को लाभ मिलेगा रोजगार व्यापार अच्छा चलेगा और समस्या से छुटकारा भी मिल जाएगा।

### रसद विभाग ने मनाया उपभोक्ता दिवस

# वर्चुअल सुनवाई व उपभोक्ता न्याय के लिए डिजिटल पहुंच विषय पर संगोष्ठी आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** रसद विभाग की ओर से बुधवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का आयोजन वर्चुअल सुनवाई व उपभोक्ता न्याय के लिए डिजिटल पहुंच विषय पर मनाया गया। सहायक निदेशक लोक सेवाएं बंशीधर योगी ने कहा कि ई-कॉमर्स परिवेश में, नकली ब्रांडों के जोखिम विशेष रूप से अधिक हैं। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में उपभोक्ता संरक्षण दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बोल रहे थे। उन्होंने उपभोक्ताओं को ऑनलाइन शॉपिंग में सजगता और सावधानी बरतने का आह्वान किया। उपभोक्ता अपने हितों के लिए व उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के लिए 18001806030 हेल्पलाइन नंबर पर




शिकायत कर सकते हैं। जिला रसद अधिकारी गजेन्द्र बाबू शर्मा ने स्वागत संबोधन से संगोष्ठी की औपचारिक शुरुआत की। संगोष्ठी में उपभोक्ताओं के अधिकार और डिजिटल शॉपिंग में बरती जाने वाली सावधानी के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर ग्राहक पंचायत के वक्ताओं ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम संशोधन के बारे में जानकारी दी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी के साथ उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान दी गई। इस मौके पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा ने कहा कि अगर उपभोक्ता के साथ किसी भी प्रकार की ठगी होती है तो उसको लेकर खामोश नहीं रहना है, बल्कि आवाज उठाते हुए उपभोक्ता मंच में उसकी शिकायत करनी है। इस मौके पर व्यापार संघ प्रतिनिधि समेत अन्य प्रबुद्धजन मौजूद रहे। इस अवसर पर बलबीर सिंह राना ने कहा कि बदलते परिवेश में सरकार की ओर से उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए प्रभावी कानून बनाये गए हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार उपभोक्ताओं के अधिकारों को बढ़ावा देने, संरक्षण करने के लिए केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण का गठन करेगी। अरविन्द शर्मा ने कहा कि किसी भी चीज को प्राप्त करने के लिए उसके पात्रा होना जरूरी है। इस अधिनियम का फायदा लेना चाहते हैं तो इसके लिए अच्छा उपभोक्ता बनना पडेगा तभी इसका लाभ ले सकते हैं। आपको अच्छा सामान लेने का अधिकार है लेकिन इसके लिए दुकानदार से बिल लेना चाहिये। जयन्त मोदी ने कहा कि हर आदमी किसी न किसी रूप में उपभोक्ता है। उपभोक्ता जब जागरूक होगा तो शोषण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि नए कानून में उपभोक्ताओं के हितो में कई कदम उठाए गए है। पुराने नियमों की खामियां दूर की गई है। गीता चौधरी, भगवती प्रसाद, राकेश परमार, युदनाथ शर्मा, विनोद अग्रवाल एवं संगोष्ठी में अपने विचार रखें। संगोष्ठी का संचालन गोंविन्द गुरू ने किया।

## राधा बिहारी मंदिर में भागवत कथा में उमड़ा जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** स्थानीय पैलेस रोड स्थित प्राचीन राधा बिहारी मंदिर में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य योगेश कृष्ण महाराज ने सती चरित्र और ध्रुव चरित्र के प्रसंगों का मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय भजनों और जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास ने बच्चों के संस्कारों पर जोर देते हुए कहा कि 'बच्चों में संस्कार जन्म से ही आते हैं, क्योंकि बालक की पहली गुरु उसकी माँ होती है। उन्होंने बताया कि एक माँ ही अपनी संतान को भक्ति और नैतिकता के मार्ग पर अग्रसर कर सकती है। महाराज ने कहा कि जो व्यक्ति श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन करता है या उसे श्रद्धापूर्वक श्रवण करता है, उसे इस भवसागर के कष्टों में भटकना नहीं पड़ता और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। तृतीय दिवस की कथा में आचार्य ने सती चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए भगवान शिव और माता सती के भक्ति भाव की व्याख्या की। इसके पश्चात उन्होंने राजा उत्तानपाद, रानी सुनीति और सुरुचि की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार रानी सुरुचि के कटु व्यवहार के कारण रानी सुनीति को वन जाना पड़ा। इसी कठिन समय में रानी सुनीति की कोख से भक्त ध्रुव का जन्म हुआ। माता के दिए संस्कारों के बल पर ही नन्हे बालक ध्रुव ने अपनी अडिग तपस्या से भगवान को प्रसन्न किया और ब्रह्मांड में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कथा के दौरान बीच-बीच में गाये गए भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। कथा की आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर धौलपुर भक्त मंडल समिति के सदस्य भोला गुप्ता , संगीता गुप्ता, रेखा शर्मा, विजय शर्मा, सुनील जगरिया, उपेन्द्र दीक्षित, बिज्जी पुजारी, रामकिशोर पाठक, राजेंद्र राणा, मीरा चौहान, मनोज चौहान, नीलम शर्मा, हेमलता, अभिषेक, विक्की गुप्ता, पारस मुद्गल, दिनेश गुर्जर, पुष्पा चौधरी, सेक्रेटरी रामगोपाल चौधरी, प्रांजल बिंदल, स्नेहा, ललिता गुर्जर, किशन यादव, और साधु संत सहित भारी तादाद में श्रोतागण और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय माताएं-बहनें व नागरिक उपस्थित रहे।

## खीवणसर बिजली जीएसएस पर उदासर बीदावतान के किसानों ने बिजली की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** उपखंड इलाके में रबी और खरीब की दोनों फसलों में कृषि कनेक्शनों पर बिजली का संकट छाया रहता है। जिसके कारण किसानों को एसडीएम, तहसीलदार, बिजली विभाग के अधिकारियों के कार्यालयों के आगे विरोध प्रदर्शन करना पड़ता है। फिर भी कोई स्थाई समाधान नहीं हो पाता है। ऐसे में बुधवार को खींवणसर बिजली के 33 केवी जीएसएस के आगे उदासर बीदावतान के किसानों ने राकेश देहडू के नैतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए उदासर बीदावतान बिजली फीडर में छह घंटे बिजली सप्लाई नियमित देने की मांग की। किसानों ने कहा कि इस फीडर में 175 से अधिक कृषि कनेक्शन जुड़े हुए है। लेकिन वर्तमान में 250 से 300 वोल्टेज ही आ रहे है। जिसके कारण मोटर जलने की संभावना रहती है। वो भी बार-बार बिजली कटौती कर रहे है। जिसके कारण किसानों को रबी की फसल जो, गेंहू, सरसों, इश्बगौल, मैथी,जीरा आदि फसलों में सिंचाई करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह से अन्य फीडरों में भी यही समस्या है। जिसकों लेकर अन्य गांवों के किसानों की ओर से आंदोलन किया जाएगा। उदासर गांव के किसान दौलतराम पूनियां और ओमप्रकाश स्वामी ने बताया कि बार-बार बिजली विभाग के अधिकारियों को अगवत करवाने के बाद भी कोई सुनवाई तक नहीं हो पाती है। जिसके कारण मजबूर होकर किसानों को आंदोलन करना पड़ा है। ऐसे में किसानों ने बताया कि इस जीएसएस के सारे बिजली के फीडर के तार और इन्सूलेंटर टूटे हुए है। जिसके कारण यह किसानों के समस्या नियमित बनी रहती है। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते हुए ध्यान नहीं दिया गया तो मजबूर होकर सरदारशहर चूरू जाने वाली मुख्य सड़क को जाम कर दिया जायेगा। इधर बिजली विभाग के एईएन राजेश कुमार ने बताया कि जो भी किसानों की मांग उचित है जल्द ही स्थाई समाधान का प्रयास किया जायेगा। खेताराम सारण ने कहा कि किसान कर्जदार हो चुका है। परेशान होकर आत्महत्या करने के मजबूर होने वाला है। अभी बिजली नहीं मिल रही है। जब फसल पकाव की स्थिति में होगी तब ओलावृष्टि हो जायेगी। जिसके कारण किसान कर्जदार होगा। इस मौके पर किसान राकेश देहडू, दौलतराम पूनियां, ओमप्रकाश स्वामी, लालचंद सारण, विजय पूनियां, रमेश सिहाग, श्रीचंद नैण, राजू भंवरियां, संदीप भंवरिया, विक्रमसिंह राठौड़, खेताराम सारण, ख्यालीराम सहू, सुरेंद्र बागड़वा सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

## पीतम गिरी मंदिर परभाजपा की संयुक्त बैठक में बीएलए कार्यकर्ताओं की कार्यशाला

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** भारतीय जनता पार्टी की बैठक में बुधवार को पीतम गिरी पहाड़ी पर BLA 2 कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का सत्र संपन्न हुआ। बैठक में मुख्यवक्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशंभर दयाल शर्मा, राजाखेड़ा विधानसभा की भाजपा BLA 1 नीरजा शर्मा,एस आई आर कार्यक्रम के जिला संयोजक डॉ मनोज शर्मा एवं भाजपा के विधानसभा राजाखेड़ा के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजाखेड़ा भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा ने एस आई आर अभियान वोटर लिस्ट की शुद्धिकरण को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा चलाया जा रहा एक राष्ट्रव्यापी अभियान बताया जो कि फिलहाल राजस्थान समेत 12 प्रदेशों में अपने सैकण्ड फेज में है जिसमें प्रोविजनल लिस्ट पर दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करने का काम चल रहा है। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक बीएलए 2 कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर दावे और आपत्तियों का काम निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो इस बात का विशेष ध्यान रखना है प्रयास रहे कि कोई भी वास्तविक मतदाता वोटर लिस्ट से छूटे नहीं और फर्जी नाम जुड़े नहीं। मुख्य वक्ता विशंभर दयाल शर्मा ने एस आई आर अभियान के तहत बीएलए 2 द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। जिला संयोजक मनोज शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को पूर्ण मनोयोग से काम करने व एस आई आर कार्यक्रम के माध्यम से वोटर लिस्ट शुद्धिकरण के महान कार्य में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मरैना मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा, राजाखेड़ा नगर अध्यक्ष सत्यम गुप्ता, नाहिला मंडल अध्यक्ष जयबीर सिंह, मांगरोल मंडल अध्यक्ष मोहन लोधा,मनियां मंडल अध्यक्ष रामअवतार त्यागी,केदार पोसवाल, मीथल शुक्ला, हुकुम सिंह लोधा,रामू सिकरवार,के के शर्मा,गजेन्द्र परमार,जनवेद पाराशर सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन बृजकिशोर लोधा ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## मंजिल शक्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम हुनर शक्ति फाउंडेशन

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** जिले में हुनरमंद शिक्षा के लिए बच्चियों एवं बच्चों को शीतकालीन सत्र मे दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जरूरतमंद एवं राजकीय विद्यालयों मे अध्यनरत बच्चियों एवं बच्चों के लिए हुनर शक्ति फाउंडेशन की ओर से मंजिल शक्ति अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम दस दिवसीय हुनरमंद व्यावसायिक शिक्षा मे आत्मनिर्भर बनाने के उद्धेश्य से रोजगार उद्यमिता कौशल प्रशिक्षण का कार्यक्रम हुनर शक्ति फाउंडेशन संस्था की ओर से गत चार वर्षों से निरंतर चलाया जा रहा है जिसमें अभी तक आठ हजार से अधिक बच्चों को प्रशिक्षित किया जा चुका है संस्था के उद्धेश्य मे शामिल प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख रूप सशक्त बना कर रोज़गार से जोड़ा जाना है सिलाई गृह साज सज्जा ब्यूटीसियन कंप्युटर पेरिफेरल इलेक्ट्रानिक्स में रोजगार उद्यमिता कौशल विषय मे,स्टार्ट अप, मैनेजमेंट, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, कंप्यूटर शिक्षा में उपकरण रख रखाव विषय मे शिक्षा मे सुधार के लिए प्रयास जारी है संस्था के उद्देश्यों मे शामिल महिला सशक्तिकरण के लिए महिलाओं को जागरूक करने हेतु प्रशिक्षण के साथ साथ संस्था की ओर से आत्मनिर्भर रोज़गार की ओर नयी दिशा में कार्य किया जा रहा है। संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने बताया कि इस अभियान मे संस्था के सहयोगी एव सौजन्य से संचालित सेंटर के माध्यम से यह कार्य सुनिश्चित किया गया है प्रशिक्षण के बाद सफल कार्यक्रम के बाद उन बच्चियों को प्रमाण पत्र वितरण भी किए जाएगें ताकि उन्हें रोजगार से जोड़ा जा सके व्यापक स्तर पर राजस्थान के विभिन्न जिलों तक बच्चों तक पहुंचना व दूरगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सी एस आर फंड एवं संस्था में दान दाताओं के सहयोग से ही सम्भव है जिसके लिए संस्था की ओर से प्रोजेक्ट कोर्पोरेट जगत को अग्रिम किए गए है। हम विश्वास के साथ सामाजिक उत्थान व विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं संस्था सचिव नीरज झा ने बताया कि ब्यूटीसियन क्षेत्र मे गोल्ड मेडलिस्ट पूनम शर्मा को धौलपुर जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी के साथ साथ रीना जैन महिला प्रभार मंत्री सिलाई, गृह साज सज्जा, राधा शर्मा संस्था कोषाध्यक्ष, सुनीता ,पूजा, प्रीति त्यागी, वर्षा शर्मा, रजनी रावत, पिंकी ,गुंजन शर्मा, शिप्रा शर्मा, रागिनी उपाध्याय, शिवानी कुमारी ,विनोद चौहान, दीपक, अजय कुमार झा, आरिफ खान, अभिषेक माहौर, सोनू राजपूत, सरवन कुमार, जिले मे कुशल संपादन के लिए नियुक्त किया गया है। शिक्षित महिला अपने आसपास की अन्य महिलाओं की शिक्षा को बढ़ावा देगी उनका मार्गदर्शन करेगी और अपने बच्चों के लिए एक बेहतर मार्गदर्शक भी होगी। शिक्षा महिलाओं को आत्मविश्वास सम्मान वित्तीय सहायता प्रदान करने की क्षमता हासिल करने में मदद करती है। संस्था सदस्य व दिलीप कुमार निषाद कंप्यूटर ऑपरेटर ब्रजेश कुमार हरिप्रसाद वर्मा आदि सभी लोग कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।

## एनडीपीएस एक्ट के 16 प्रकरणो में जब्त माल का निस्तारण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के विभिन्न पुलिस थानों में एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त मादक पदार्थो का न्यायालय के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक धौलपुर विकास सांगवान की अध्यक्षता में गठित कमेटी की ओर से नष्ट करने योग्य मादक पदार्थो का आज 24 दिसंबर को गठित कमेठी की निगरानी में पुलिस लाइन धौलपुर परिसर में जलाकर नष्ट किया गया। अवैध मादक पदार्थ जब्ती के पुलिस थाना कोतवाली धौलपुर के 03, थाना निहालगंज के 01, सदर धौलपुर के 01, थाना सैंपऊ के 01, थाना मनियां के 03, दिहोली के 02, थाना कौलारी के 01, थाना बाड़ी कोतवाली के 02, थाना कंचनपुर के 01, थाना आंगई के 01 प्रकरण इस प्रकार कुल 16 प्रकरणों में जब्त 5 क्विंटल 39 किलो 120 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को गठित कमेटी की



निगरानी में इलेक्ट्रिक कांटे से वजन करवाया जाकर ताबाद तेल व लकडीयों की सहायता से जलाकर नष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया कि थानो के मालखानो मे लम्बे समय से रखे माल का निस्तारण होने से मालखाना मे पर्याप्त जगह होने से जब्त शुदा अन्य माल को सुरक्षित रखा जा सकेगा। इस कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, संतोष कुमार उप निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहें।


### राजस्थान विधान सभा सचिवालय

क्रमांक:एफ18(1)फर्नी / विस/पार्ट-II/2025-26/ 37510 जयपुर, दिनांक: 11 दिसम्बर, 2025

**बिड सूचना**

**UBN NO- RLA2526GSOB00019**

राजस्थान विधान सभा सचिवालय में फोटोकॉपी मशीन क्रय हेतु निर्माता एवं प्राधिकृत डीलर / एजेन्सी से सीलबन्द बिड्स निर्धारित प्रपत्र में आमन्त्रित की जाती हैं :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित संख्या | अनुमानित लागत (रू लाख में) | बिड प्रतिभूति (रू) | बिड प्रपत्र शुल्क (रू) |
|---|---|---|---|---|
| विधान सभा सचिवालय में फोटोकॉपी मशीन की आपूर्ति हेतु दर (परिशिष्ट 'क' पर उल्लेखित स्पेसिफिकेशन अनुसार) | 01 | 3.80 | 7600/- | 1000/- |

बिड प्रपत्र विक्रय करने की तिथि- 19.12.2025 से 29.12.2025 सायं 3.00 बजे तक
बिड जमा कराने की अंतिम तिथि- 29.12.2025 सायं 4.00 बजे तक
तकनीकी बिड खोलने की दिनांक- 29.12.2025 सायं 5.00 बजे

1. बिड प्रपत्र राजस्थान विधान सभा सचिवालय के कक्ष संख्या 739 से दिनांक 19.12.2025 से 29.12.2025 तक कार्यालय समय में सायं 3.00 बजे तक निर्धारित शुल्क रूपये 1000/- जमा करा कर प्राप्त किया जा सकता है अथवा इस सचिवालय की वेबसाइट https//assembly.rajasthan.gov.in या https// sppp.rajasthan.gov.in प्र 217 डाउनलोड किया जा सकता है। वेबसाइट से डाउनलोड किये गए बिड प्रपत्र का शुल्क बिड के साथ प्रमुख सचिव, राजस्थान विधान सभा, जयपुर के नाम देय डी. डी. / बैंकर्स चैक द्वारा जमा कराना आवश्यक है ।
2. भरी हुई बिड्स दिनांक 29.12.2025 को सायं 4.00 बजे तक राजस्थान विधान सभा सचिवालय के कक्ष संख्या 739 अथवा 740 में जमा कराई जा सकती हैं। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त बिड्स पर विचार नहीं किया जाएगा।

(संजीव कुमार शर्मा)
उप सचिव (प्रशासन)

DIPR/C/19107/2025

## निःशुल्क बीएमडी व विटामिन डी-3 जांच शिविर में 71 मरीजों की जांच



जयपुर टाइम्स

**नीमकाथाना(निस)।** जांगिड़ हॉस्पिटल व ट्रॉमा सेंटर, नीमकाथाना में मंगलवार को निःशुल्क बी.एम.डी. (बोन मिनरल डेंसिटी) व विटामिन डी-3 जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दूर-दराज क्षेत्रों से आए कुल 71 मरीजों की अस्थि घनत्व की निःशुल्क जांच की गई। शिविर के दौरान जिन मरीजों की बोन मिनरल डेंसिटी कम पाई गई, उन्हें वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश जांगिड़ तथा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मौसमी जांगिड़ की ओर से कैल्सियम व विटामिन डी-3 की दवाइयां लिखी गईं। मरीजों को संतुलित आहार, दूध, फल, सब्जियां, मेवे एवं नियमित धूप सेवन की सलाह दी गई। चिकित्सकों ने बताया कि धूप से शरीर में विटामिन डी-3 का प्राकृतिक निर्माण होता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाता है। मरीजों को योग व नियमित व्यायाम अपनाने की सलाह दी गई ताकि भविष्य में कमर दर्द, जोड़ दर्द व अस्थि भंग जैसी समस्याओं से बचाव किया जा सके। शिविर के सफल आयोजन में रमेश, दीपेंद्र, तेजवीर, रणवीर, रोहन, समर्थ, विकास, रविन्द्र, अनिल, रामस्वरूप, महेश सहित अन्य सहयोगियों का योगदान रहा। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि यह निःशुल्क जांच शिविर प्रत्येक माह की 23 तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में खीवणसर में जनसंपर्क अभियान



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के केकेसी पीजी महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में तीसरे दिन गोद लिए गांव खींवणसर में जनसंपर्क अभियान किया गया। जिसमें सभी स्वयंसेवको ने अभियान के दौरान गांव में घर घर जाकर केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मूलभूत सुविधाओं से वंचित परिवारों के आंकड़े एकत्रित किए और इसके साथ ही स्वयं सेवकों ने इस अभियान के माध्यम से गांव के सभी लोगों से सार्वजनिक स्थल व अपने चारों ओर साफ सफाई रखने का आह्वान किया। भारत सरकार की ओर से संचालित उन्नत भारत अभियान के बारे में जानकारी दी। अभियान के लिए स्वयं सेवकों को महाविद्यालय निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़, प्राचार्य डॉ प्रदीप चौहान, उप प्राचार्य महबूब अली चौहान, एनसीसी अधिकारी वीरेंद्र सिंह राठौड़ व सहायक आचार्य पुनीत वर्मा और अन्य संकाय सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी राजकुमार सोनी व जगदीश कुमार और एनसीसी ट्रेनर नरेश कुमार ने स्वयं सेवकों का मार्गदर्शन किया।

## सेवानिवृत्ति पर प्राचार्य ने दिया अनूठा संदेश, बालिका विद्यालय की सभी बालिकाओं को दिए स्वेटर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** अपनी सादगी का परिचय देते हुए सेवनिवृत्ति के अवसर पर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पूलासर की प्रधानाचार्या मीरां कूरिल ने एक प्रेरणादायक और अनुकरणीय कर अनूठा संदेश दिया है। उन्होंने विद्यालय की समस्त बालिकाओं को स्वेटर वितरित किए और इसके पश्चात सरदारशहर स्थित निराश्रित बाल निकेतन में बच्चों के लिए गर्म पानी के लिए लकड़ियों की व्यवस्था करवाई। सभी बालक बालिकाओं को सैंडिल, फल व अल्पाहार प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने निकेतन की व्यवस्थापिका से आवश्यक शिक्षण सामग्री व अन्य जरूरतों की जानकारी लेकर उन्हें पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ व अनेक नागरिक उपस्थित रहे। निराश्रित बाल निकेतन की व्यवस्थापिका ने माल्यार्पण कर प्रधानाचार्या मीरां कुरील का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

## एसएफआई ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** छात्र संगठन एस एफ आई के नारायण शर्मा के नेतृत्व में सुजला महाविद्यालय में अरावली बचाओ हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने भाग लिया।



छात्र मनीष ने बताया कि केंद्र सरकार लगातार सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण करने में लगी हुई है। एक तरफ एक पेड़ मां के नाम की मुहिम के साथ पेड़ लगा रहे है फोटो ले रहे है। वहीं अपने पूंजीपति दोस्तो को जल जंगल जमीन पहाड़ सब का दोहन करने के लिए व प्रकृति को तहस नहस करने में लगे हुए है। हस्ताक्षर अभियान के तहत किशन, नाबिल, मोहम्मद भूटा आदि उपस्थित रहे।

### डाइट चूरू में जिला अकादमिक समूह की बैठक आयोजित

# शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार व प्रशासनिक दक्षता पर विस्तृत चर्चा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान डाइट में बुधवार को जिला अकादमिक समूह डीएजी की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी सीडीईओ संतोष महर्षि रहे। अध्यक्षता चूरू जिला प्रभारी अधिकारी ओमप्रकाश विजय ने की। बैठक में उप निदेशक डाइट डॉ. गोविन्द सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि थे। बैठक के प्रारंभ में पूर्व बैठक के एजेंडा व लिए गए निर्णयों की अनुपालना पर चर्चा की गई, जिसकी प्रस्तुति सीएमडीई प्रभागाध्यक्ष कुसुम शेखावत ने की। इसके पश्चात एडीपीसी सरिता आत्रेय की ओर से समसा कार्यालय से जारी बजट उपयोग के संबंध में निर्देश दिए। डॉ गोविन्द सिंह राठौड़ ने अटल टिंकरिंग लैब के विद्यालयों में प्रभावी संचालन, नवाचार आधारित गतिविधियों एवं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया। कोड योगी कार्यक्रम पर डाइट फैकल्टी दिनेश कुलहरी ने चर्चा करते हुए डिजिटल व कोडिंग कौशल के माध्यम से विद्यार्थियों की तकनीकी दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया। कक्षा 5 वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर भीष्म सारण व ओमप्रकाश बारूपाल ने विस्तार से चर्चा करते हुए परीक्षा की तैयारियों व व्यवस्थाओं पर प्रकाश डाला। एसएचडब्ल्यूपी (स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रोग्राम) पर एसआरजी सुनील शर्मा ने चर्चा की, जिसमें विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य से जुड़ी गतिविधियों को सुदृढ़ करने पर बल दिया गया। बैठक के कार्यक्रम समन्वयक जिला शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य डाइट ओमप्रकाश प्रजापत रहे। उन्होंने प्रशासनिक स्किल्स के विकास पर चर्चा करते हुए शैक्षिक नेतृत्व, योजना निर्माण व क्रियान्वयन की दक्षता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। संचालन सचिन ढांडा ने किया। उन्होंने एचपीसी से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की। इस अवसर पर जिला प्रभारी अधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए बैठक को सार्थक व उपयोगी बताया। बैठक में जिले के सभी ब्लॉकों के सीबीईओ, डाइट फैकल्टी सदस्य, अकादमिक विशेषज्ञ व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## हमारी ओर से कराए गए विकास कार्यों का भाजपा कर रही शिलान्यासः बुडानिया

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस)।** तारानगर में भाजपा की ओर से मंगलवार को उप जिला अस्पताल के नये भवन के शिलान्यास व विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर तारानगर विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने अपने निवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मीडिया से रूबरू होते हुए विधायक बुड़ानिया ने कहा कि भाजपा के लोग जिन कार्यों का आज शिलान्यास लोकार्पण कर रहे हैं वह हमारी ओर से करवाए गए कार्य है, इनका शिलान्यास हम पहले ही कर चुके है। विधायक बुड़ानिया ने कहा कि उप जिला अस्पताल हम लेकर आए थे जिसका 21 मई 2021 को उद्धघाटन किया। इसी उप जिला अस्पताल के नए भवन का 4 अक्टूबर 2023 को शिलान्यास किया था जिसका भाजपा दुबारा शिलान्यास कर रही हैं जो बड़े शर्म की बात है। विधायक बुड़ानिया ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि आज तारानगर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बिना पैसे के कोई काम नहीं हो रहा। भू माफिया पनप रहे है। सर्दी के समय में भी ग्रामीण इलाकों में पानी का संकट चल रहा है। किसानों का बुरा हाल है, सरकार में आमजन अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। गरीब किसान की कहीं सुनवाई नहीं हो रही। विधायक बुड़ानिया ने कहा इन लोगों ने एक ईंट का पत्थर तक नहीं लगाया और बात कर रहे है दो साल बेमिसाल जबकि जनता ये नारा लगा रही है दो साल सब परेशान। इस मौके पर निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, जिप सदस्य विमला कालवा, मोहर सिँह ज्याणी, मदन पांड्या, हरिसिंह बेनीवाल, भागीरथ भामी, कृष्ण सहारण, सुरेन्द्र सहारण, कुंदन सैनी, दिनेश खंडेलवाल, सुरजीत वर्मा, पनालाल कस्वां, सुरेन्द्र पूनियाँ, प्रताप मेघवाल, पप्पु गोस्वामी, विक्रम भालेरी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## बाजोरिया की पुण्य स्मृति में 415 कंबलों का वितरण

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वावधान स्थानीय बैरागड़ा भवन में कामाख्या लाल बाजोरिया चैरिटेबल ट्रस्ट, शिलोंग के सौजन्य से सेठ भगवती प्रसाद बाजोरिया की पुण्य स्मृति में जरूरतमंद व्यक्तियों को 415 कंबलों का वितरण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत अग्रसेन महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। कंबल वितरण लक्ष्मणगढ़ नागरिक परिषद केंद्रीय इकाई के उपाध्यक्ष व अग्रसेन धाम कोलकाता के अशोक चूड़ीवाला, अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय मंत्री विष्णु भूत बाजोरिया, ट्रस्ट प्रतिनिधि गोविंद जाजोदिया, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमावत, पिंजरापोल गौशाला के मंत्री सुशील जाजोदिया, अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष मनोज जालान, उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत चूड़ीवाला, समाजसेवी सुरेश बजाज व राजकुमार खीरवाल ने किया। नागरिक परिषद के अशोक चूड़ीवाला ने कंबल वितरण को सामाजिक जिम्मेदारी बताते हुए सेवा कार्य निरंतर करते रहने की प्रेरणा दी और बाजोरिया ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया। ट्रस्ट प्रतिनिधि गोविंद जाजोदिया व अग्रवाल सम्मेलन के युवा प्रदेश महामंत्री संदीप बजाज ने बताया कि जरूरतमंदों की सहायता करना ही कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।कार्यक्रम में अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश जाजोदिया, कमल तोदी, जिला मंत्री अंकित बजाज, प्रहलाद अग्रवाल, संजीव खाटूवाला, ऋषि जाजोदिया ने सक्रिय सहयोग दिया। वहीं पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा, द्वारकाप्रसाद खींची सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने रथ को रवाना



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर के शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार की ओर से भेजे गए रथ को नगरपालिका परिसर तारानगर से रवाना किया। अध्यक्ष खंडेलवाल ने बताया कि बढ़ता राजस्थान -हमारा राजस्थान के तहत राजस्थान सरकार के 2 साल नव उत्थान नई पहचान के अंतर्गत शहर में पहुंचे रथ को मुख्यमंत्री ने समस्त राजस्थान में विकास कार्यों को बीते 2 वर्ष में जन जन तक व सुझाव पेटिका में क्षेत्र की समस्याओं के बारे में व अपने सुझाव व जानकारी प्राप्त करने के लिए सुझाव आमंत्रित हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महावीर पुनिया, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष जमरदीन तैली, मोहम्मद तैयब, भंवरलाल पुनीया, सरपंच धर्मवीर राठौड़, त्रिलोक रैगर, युवा मोर्चा जिला महामंत्री विशाल शर्मा, पार्षद शिव कुमार शर्मा, पार्षद हरि इंदौरिया, गोपाल स्वामी, मोहम्मद समीर, राकेश टाक, जे के दायमा, शाहरुख खान, गुमान सैनी, मनोहर लाल सैनी, राजेश स्वामी, ओमप्रकाश रैगर, दिलदार सिंह राठौड़, श्यामसुंदर मरदा, जुल्फिक्कार, राकेश दाधिच, सुभाष सहारण, रुपाराम थालौड़, नरेंद्र सिंह तंवर सहित भाजपा के काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## प्रतिभावान बालिकाओं को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जी. एच. एस. महाविद्यालय में छात्राओं की ओर से राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में दोहरी सफलता प्राप्त करने पर पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने राज्य स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।



इस उल्लेखनीय उपलब्धि को प्राप्त करने वाली छात्राओं में योगिता व आंचल शामिल हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और तर्कशक्ति से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महाविद्यालय परिसर में छात्राओं के सम्मान में स्वागत व अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य विनीता चौधरी ने विजेता छात्राओं का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि योगिता व आंचल की यह सफलता न केवल महाविद्यालय बल्कि क्षेत्र के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बेटियों की यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि यदि उन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ मौजूद रहे।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# मोरारका महाविद्यालय में 2 जनवरी से मिड-टर्म परीक्षाएँ

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय से संबद्ध राधेश्याम आर. मोरारका महाविद्यालय में मिड-टर्म परीक्षाओं का आयोजन 2 जनवरी से किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह न्यौला ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारु, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक स्तर पर 2 जनवरी से सेमेस्टर प्रथम, 3 जनवरी से सेमेस्टर तृतीय तथा 5 जनवरी से सेमेस्टर पंचम की मिड-टर्म परीक्षाएँ आयोजित होंगी। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर 6 जनवरी से सेमेस्टर प्रथम तथा 7 जनवरी 2026 से सेमेस्टर तृतीय की परीक्षाएँ संपन्न करवाई जाएँगी। परीक्षाओं की समय-सारिणी से संबंधित समस्त जानकारी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। प्राचार्य प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह न्यौला ने बताया कि मिड-टर्म परीक्षाओं में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बिना वैध कारण के अनुपस्थित रहने वाले विद्यार्थियों के विरुद्ध विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है तथा उन्हें आगामी परीक्षाओं से वंचित भी किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि व समय पर परीक्षा में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय व महाविद्यालय की ओर से जारी निर्देशों का पूर्णतः पालन करें।

# डिप्टी सीएम दिया को ज्ञापन सौंपा




जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के बुधवार को मण्डावा दौरे पर आगमन पर पंचायत समिति सदस्य राहुल कुमास के नेतृत्व में कुमास के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपकर हा॥ 11 से भीमसर होते हुए कुमास, तौलियासर तक डामर सड़क की मांग की। इस दौरान पवन सिंह शेखावत, दलीप सिंह शेखावत, मान सिंह शेखावत, चंद्रपाल सिंह शेखावत, सुमेर पुनिया आदि मौजूद रहे।

# राजस्थान में बनेगी हेरिटेज लाइब्रेरीः भजनलाल

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की समृद्ध विरासत के संबंध में एक हेरिटेज लाइब्रेरी बनाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने बुधवार को मण्डावा स्थित गढ़ परिसर में एनडीटीवी राजस्थान के कॉन्क्लेव में अधिकारियों को इस बार में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मंडावा कॉसल में हुए आयोजन के दौरान राजस्थान के ऐतिहासिक शहरों पर प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इस संबंध में आदेश दिए। सीएम ने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र से बड़े -बड़े उद्योगपति यहां से निकले हैं। हमने यहां की हवेलियों को संरक्षित करने का काम किया। हमने लोगों से बात कर उन्हें तोड़ने से रोका। हमने 660 से ज़्यादा हवेलियों का संरक्षण किया है। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस बारे में कहा कि हम अपनी हेरिटेज पुस्तकों और हमारे इतिहास से जुड़ी सामग्रियों को धीरे-धीरे भूलते जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने एक हेरिटेज लाइब्रेरी बनाने की बात की है, और साथ ही इस लाइब्रेरी को डिजिटल बनाए जाने की भी ज़रूरत है। इस लाइब्रेरी में विशेष रूप से हवेलियों का इतिहास, उनसे जुड़ी कहानियां तथा वहां सहेजकर रखी हुई चीज़ों को रखा जाएगा। राज्य सरकार राजस्थान की हवेलियों के संरक्षण को लेकर संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को से संपर्क करने की तैयारी कर रही है। राजस्थान की हवेलियों को यूनेस्को के संरक्षित धरोहरों की सूची में शामिल करने के लिए सरकार आवेदन करेगी। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की बीजेपी सरकार प्रदेश की विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। हमने अभी 600 से ज़्यादा हवेलियों की पहचान की है। हमने ऐसे क्षेत्रों की भी पहचान की है जहां ऐसी बहुत सारी ऐतिहासिक विरासत हैं। इसके बाद हम यूनेस्को के पास जाएंगे और कहेंगे कि इनका संरक्षण बहुत ज़रूरी है। वहीं, दिया कुमारी ने कहा कि अभी राजस्थान में ऐसी 9 इमारतें हैं जो यूनेस्को की संरक्षित इमारतों की सूची में शामिल हैं और देश में सबसे ज़्यादा यूनेस्को संरक्षित इमारतें राजस्थान में ही हैं। हवेलियों के संरक्षण में सरकार की भूमिका बहुत सीमित हो जाती है क्योंकि इनमें से कई निजी हवेलियां हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उनके संरक्षण के लिए ज़ोर नहीं दे सकती क्योंकि ज़्यादातर हवेलियां निजी हैं लेकिन हम उनके संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा कर सकते हैं और यह किया जा रहा है।

# 250 विद्यार्थियों को वितरित किए स्वेटर



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव हरासर के स्कूल में समाजसेवी हेतराम खिलेरी की प्रेरणा से भामाशाह भंवरलाल खिलेरी के सौजन्य से 250 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरण किया गया। भंवर लाल खिलेरी, पूर्व सरपंच डूंगरमल खिलेरी, पूर्व उपसरपंच पूर्णाराम गोदारा, सुगना राम खिलेरी, पंच मदन लाल, पंडित राकेश शर्मा, सेवानिवृत व्याख्याता गिरधारी मील, मानक खिलेरी, बाबूलाल खिलेरी, प्रताप खिलेरी, अमरचंद गोदारा, नानूराम शर्मा, गोपीनाथ, भगवानराम, किशन लाल दर्जी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल कुमार प्रजापत ने आभार जताया।

# सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की योजनाओं से बदलेगा वंचित वर्गों का जीवन

## राज्य सरकार के दो वर्ष में ऐतिहासिक निर्णय, नवाचार और उपलब्धियाँ

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** राजस्थान के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री और झुंझुनूं जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने सर्किट हाउस, झुंझुनूं में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के दो वर्षों के कार्यकाल में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग की ओर से जनकल्याण की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय, उपलब्धियाँ व नवाचार किए गए हैं, जिनका सीधा लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है। मंत्री गहलोत ने बताया कि राज्य के 10 जिलों–जालोर, बीकानेर, जयपुर, गंगानगर, हनुमानगढ़, बाड़मेर, अजमेर, जैसलमेर, चित्तौड़गढ़ व चूरू में संस्थाओं का चयन कर 25-25 बेड क्षमता के नशामुक्ति केंद्रों का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 7 संभागों व 10 जिलों में स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से स्वयंसेवित आश्रमों का संचालन प्रारंभ किया गया है, जिससे निराश्रित व जरूरतमंद लोगों को संरक्षण मिल रहा है। मंत्री ने कहा कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में चरणबद्ध रूप से हॉस्टल व पेइंग गेस्ट सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके तहत 41 जिलों में कामकाजी महिला छात्रावासों के भवन निर्माण के लिए कार्यादेश जारी किए गए हैं, जिनमें से 32 जिलों में निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने बताया कि अजा,??अजजा, अपिव। ईडब्ल्यूएस वर्ग, सफाई कर्मचारी व दिव्यांगजन को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से अनुजा निगम, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक निगम की ओर से दिए गए ऋणों के निस्तारण के लिए वन टाइम सेटलमेंट - एकमुश्त समाधान योजना वर्ष 2025-26 के लिए लागू की गई है, जिसके दिशा-निर्देश 14 अप्रैल 2025 को जारी किए गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री गहलोत ने यह भी जानकारी दी कि प्रदेश की समस्त राजकीय, अनुदानित व पीपीपी मोड पर संचालित छात्रावासों व आवासीय संस्थानों में महिलाओं, बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को देय मेस भत्ते की राशि में वृद्धि की गई है। उन्होंने बताया कि मेस भत्ता ?2500 से बढ़ाकर वर्ष 2024-25 में ?3000 तथा वर्ष 2025-26 में ?3250 प्रतिमाह किया गया है। मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार सामाजिक न्याय को केवल नारा नहीं बल्कि धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी समाज के वंचित व कमजोर वर्गों के उत्थान और अधिक प्रभावी योजनाएं लागू की जाएंगी। इस दौरान बनवारी लाल सैनी, प्यारेलाल ढूकिया, कमलकांत शर्मा, रोहताश धांगड़ भी मौजूद रहे।

# लोक अदालत और उपभोक्ता अधिकार त्वरित न्याय की अमिट रोशनी है : डॉ महेंद्र सौलंकी

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निस)।** उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील की ओर से उपभोक्ता अधिकारों के प्रति आम भारतीय में जागरूकता लाने के लिए 24 नवंबर से चलाए गए 30 दिवसीय कज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस को सम्पन्न हुआ। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग परिसर में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉ महेंद्र कुमार सिंह सौलंकी ने उपभोक्ता दिवस की प्रिंस स्कुल के विद्यार्थियों की ओर से बनाई गई रंगोली का जिला अभिभाषक संस्था के पदाधिकारियों के साथ अवलोकन किया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि एडीजे डॉ सौलंकी का बैंड वादन से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए न्यायाधीश डॉ महेंद्र कुमार सिंह सौलंकी ने कहा कि लोक अदालत और उपभोक्ता अधिकार त्वरित न्याय की अमिट रोशनी है। हरेक भारतीय को जीवन के लिए अत्यावश्यक सेवाओं के मामले में संवैधानिक अधिकार मिले हुए है। उनका सदुपयोग जागरूकता के साथ करना चाहिए। उन्होंने स्थाई लोक अदालत के प्रारूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 11 अत्यावश्यक सेवाओं के मामले जिला व सत्र न्यायाधीश की पीठ सुनवाई करती है। पीड़ित व्यक्ति आर्थिक रूप से कमजोर होते है, उन्हें विधिक सहायता भी उपलब्ध करवाई जाती है। उल्लेखनीय है कि 30 दिवसीय कंज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव में लिए गए लक्ष्य 1 लाख को मात्र 13 दिवस में हासिल करते हुए ढाई गुणा ज्यादा की संख्या में 250768 भारतीयों ने उपभोक्ता अधिकार जागरूकता की ऑनलाइन/ऑफलाइन शपथ लेकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। कार्यक्रम में जिला आयोग के सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी, जिला अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट सुभाष पुनियाँ, नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता रतन मोरवाल, एडवोकेट विनोद गिल, फूलचन्द सैनी, राजेश बागोरिया, मो. अफरोज,अमजद अली,मो. कुर्बान, आलोक शर्मा, सुभाषचन्द्र शर्मा,विजय सिंह चौधरी, नईम खान, लोकेश सैनी, अजय स्वामी, रविन्द्र लाम्बा, उम्मेद सिंह,संदीप महला, रविन्द्र गोल्याण, राकेश सबल, पूजा कुमारी, अशोक मांजू, ओमप्रकाश सैनी, श्रवण सैनी, सुमेर सैनी, तेजवीर सिंह, राजेन्द्र सैनी अधिवक्ताओं के साथ जिला आयोग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी भीम सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ सहायक चंदन सैनी, एजाज नबी, अमित शर्मा, मोहम्मद आदिल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# राजस्थान की 600 हवेलियों को यूनेस्को लिस्ट में लाने का हो रहा प्रयासः डिप्टी सीएम दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान की बीजेपी सरकार प्रदेश की विरासत के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आजबुद्धवार को एनडीटीवी राजस्थान के कॉन्क्लेव में सरकार की ओर से इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। दिया कुमारी ने मंडावा कॉसल गढ में एनडीटीवी के विशेष आयोजन 'राइजिंग राजस्थानः विकास भी, विरासत भी' में वर्तमान समय में राजस्थान की समृद्ध विरासत की रक्षा के साथ भविष्य के लिए इसके अनुकूल होने के बारे में अपने विचार साझा किए।

### यूनेस्को में भेजा जाएगा आवेदनः

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थान की हवेलियों के संरक्षण को लेकर संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनेस्को से संपर्क करने की तैयारी कर रही है। दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान की हवेलियों को यूनेस्को के संरक्षित धरोहरों की सूची में शामिल करने के लिए सरकार आवेदन करेगी। हमने अभी 600 से ज़्यादा हवेलियों की पहचान की है। हमने ऐसे क्षेत्रों की भी पहचान की है जहां ऐसी बहुत सारी ऐतिहासिक विरासत हैं। इसके बाद हम यूनेस्को के पास जाएंगे और कहेंगे कि इनका संरक्षण बहुत ज़रूरी है। हमें लगता है कि यूनेस्को भी इसे समझेगा. अभी राजस्थान में ऐसी 9 इमारतें हैं जो यूनेस्को की संरक्षित इमारतों की सूची में शामिल हैं, और देश में सबसे ज़्यादा यूनेस्को संरक्षित इमारतें राजस्थान में ही हैं।

### हवेलियों के संरक्षण का प्रयास

दिया कुमारी ने साथ ही स्वीकार किया कि हवेलियों के संरक्षण में सरकार की भूमिका बहुत सीमित हो जाती है क्योंकि इनमें से कई निजी हवेलियां हैं। उन्होंने कहा कि सरकार उनके संरक्षण के लिए ज़ोर नहीं दे सकती क्योंकि ज़्यादातर हवेलियां निजी हैं। लेकिन हम उनके संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा कर सकते हैं और यह किया जा रहा ह। साथ ही प्रशासन भी इसमें कुछ हद तक भूमिका निभा रहा है कि अगर कोई हवेली के मूल स्वरूप के साथ परिवर्तन करता है तो उसे ऐसा करने से रोका जाए।

### हवेलियों के बेहतर इस्तेमाल की कोशिशः

दिया कुमारी ने कहा कि हवेलियों को बेचने पर कोई रोक नहीं है और सरकार ऐसा नहीं करवा सकती। लेकिन उनके मूल स्वरूप को बिगाड़ा नहीं जाना चाहिए, और इसलिए सरकार का ये प्रयास है कि इन हवेलियों का असल स्वरूप बरकरार रहे । साथ ही सरकार यह प्रयास भी कर रही है कि अगर संभव हो तो इन हवेलियों का होम स्टे, पर्यटन, संग्रहालय या कला-संस्कृति के लिए इस्तेमाल किया जाए ताकि उनका बेहतर रखरखाव हो सके।

# भगवान का सभी दिशाओं में होता है वासः अवधेशानंद

जयपुर टाइम्स



**सालासर(निस)।** लक्ष्मणगढ़ रोड़ पर स्थित चमेली देवी अग्रवाल मांगलिक सभागार के पीछे अंजनी माता मंदिर के पास अवधेशानन्द मिशन प्रभु प्रेमी संघ चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सालासर धाम में चल रही सात दिवसीय श्रीराम कथा के छठे दिन जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज ने श्रीराम कथा के अनेक प्रसंग सुनाए। महाराज ने दिशाओ के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि पूर्व व दक्षिण कोण की दिशा अग्नि कोण के लिए सर्वश्रेष्ठ होती है। वाल्मीकि के दारा रचित रामचरितमानस के अनुसार भगवान हर जगह विराजमान है। सभी दिशाओ में भगवान का वास होता है। भगवान ने कहा कि भक्तो की भक्ति ने मुझे भगवान बनाया है। वाल्मीकि के अनुसार भाई भाई का प्रेम कुशलता होता है। राम और भरत दोनो एक जैसे ही थे उनमे कोई अंतर नही था। इनकी भाषा और व्यवहार दोनो का समान बताया गया है। महाराज ने कहा कि भरत अपने गुरू के आदेश से 14 वर्षो तक किसी का भी मुख नही देखा। भरत ने 14 वर्ष तक गौ मूत्र के आर्शीवाद से जीवनयापन किया। अग्नि कभी भी यह नही देखती कि आप कौन है। वह अपनी झलनशीलता व तप से सबकुछ नाश कर देती है। इस दौरान आयोजन समिति के महेन्द्र लोहारिया, सुशील बेरिवाला, सीमा प्रभु, मिठनलाल पुजारी, भीकमचंद पुजारी, श्रीकिशन पुजारी, राकेश पुजारी, विमल पुजारी, सतगुरू पुजारी सहित हजारो श्रोता उपस्थित रहे।

## दानवीर मार्ग सड़क क्षतिग्रस्त, वाहन चालक परेशान

**नवलगढ़(निस)।** सांखू से डूंडलोद जिला झुंझुनू जाने वाले दानवीर मार्ग पर सड़क मार्ग 2 किलोमीटर मे सड़क संपूर्ण क्षतिग्रस्त हो गई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। न पेच वर्क किया जा रहा है कई जगह तो ऐसा लगता है कि कच्चे मार्ग पर चल रहे साधनों के आवागमन के समय मिट्टी उड़ने से पैदल चलने वाले लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क मार्ग खराब होने के कारण दोपहिया वाहनों को विशेष कर परेशानी का सामना करना पड़ता है। बड़ी संख्या में लोग गांव से बाहर शहर की तरफ नवलगढ़ झुंझुनू सीकर जाते हैं


## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने हैः-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 33/2025-26 | Construction of Pakka Bed ( 66 Beds) in Range Sardashahar, Churu, Taranagar,Rajgarh and Ratangarh | 05.87 लाख | FOR 2526A 3055 |

अल्पकालीन ई बोली सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने हैः-

| क्र.सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन ई बोली सूचना संख्या 32/2025-26 | Galvanized Weld mesh size 5 inch X 5 inch Gap, Height 1.5 Mtr, Wire Dia 2 mm 33290 कि.ग्रा | 28.30 लाख | FOR 2526 GL 04090 |

अल्पकालीन ई बोली सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। से संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

## नोटिस

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र प्रसाद पुत्र श्री सावंत राम जाति प्रजापत निवासी लोढसर, तहसील - सुजानगढ जिला - चुरू राज . है ।
अपनी अचल सम्पति ग्राम पंचायत लोढसर द्वारा जारी पट्टा सं. 26 बुक नं. 10 दिनाक 06.01.2007, पट्टा धारी का नाम सावंत राम पुत्र श्री गणेशा राम प्रजापत है उक्त पट्टाधारी की मृत्यु हो गयी है जिसका राजेन्द्र प्रसाद अकेला वारिस है जिसका गोदनामा दिनांक 06-02-2003 सावंत राम के द्वारा राजेन्द्र प्रसाद के पक्ष में किया गया है। उक्त पट्टे का नामान्तरण दिनांक 09-10-2025 को गोद पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद के नाम से किया गया है।
आवासीय सम्पति का क्षेत्रफल :- 460.09 वर्ग मीटर
लिहाजा यह नोटिस दिया जाकर सुचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति या वित्तिय संस्थाओ और बैंक को उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व व मूल दस्तावेज से सम्बधित उजर आपत्ति हो तो इस नोटिस प्राप्ति के सात दिन के भीतर मेरे समक्ष अपना एतराज प्रस्तुत कर देवें व मियाद गुजर जाने के बाद IDFC FIRST BANK LIMITED की कोई जिम्मेदारी नही होगी।
दिनांक 16.12.2025

एडवोकेट राजकुमार दाधीच
केशव टावर बस स्टेण्ड, डीडवाना
मो. नं. 9414414096

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल राजलदेसर जिला चूरू (राज.)

Email-raj.churu.bika@gmail.com Phone number 01567-294504
क्रमांकः- न.पा.रा./2025-26 / 11067 दिनांकः- 23/12/25

### आपत्ति विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि को गैर कृषि प्रयोजन उपयोग के लिए उपयोग की अनुज्ञा और आंवटन ) नियम 2012 के तहत भूमि रूपान्तरण उपरान्त कृषि भूमि के पट्टे के तहत स्वामित्व पट्टे आवंटन व नीचे वर्णित भूमि मे अपने अधिकार राजस्थान नगरपलिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के तहत आवासीय प्रयोजन हेतु पत्रावली प्राप्त हुई है। उक्त वर्णित पत्रावली के पट्टे आवंटन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय दस्तावेजो के अंदर मियाद 03 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजर मियाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

| क्र.स. | नाम आवेदनकर्ता | पता | क्षेत्रफल | प्रयोजन | खसरा सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री झुमरमल नाई | वार्ड न. 08 राजलदेसर | 137.07 वर्गमीटर | 69-क | / |
| 02. | श्रीमती मरीयम पत्नी श्री सलीम व्यापारी | वार्ड न. 18 राजलदेसर | 167.22 वर्गमीटर | 69-क | / |
| 03. | श्रीमती रूबीना बानो पत्नी श्री मोहम्मद आरीफ बगड | वार्ड न. 19 राजलदेसर | 130.05 वर्गमीटर | 69-क | / |
| 04. | श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री हनुमानमल पारीक | वार्ड न. 30 राजलदेसर | 45.92 वर्गमीटर | कृषि भूमि | 1446 |
| 05. | श्रीमती भगवतीदेवी पत्नी श्री राजकरण नाई | वार्ड न. 16 राजलदेसर | 116.12 वर्गमीटर | कृषि भूमि | 1396 |

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका राजलदेसर

## कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी.बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone: -01562-250333
क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/ 3532 दिनांकः- 20.12.25

### -: ई - निविदा आमंत्रण सूचना :-

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री क्रय / वार्षिक दर संविदा / अनुबन्ध किये जाने हेतु इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/ अधिकृत फर्मों/डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दरें आमंत्रित की जाती है। बोली संबंधी विस्तृत विवरण एवं शर्ते वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र.सं. | निविदा सामग्री का विवरण | अनुमानित राशि | प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | UBN No. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ACB प्लांट जनरेटर का मुख्य पैनल क्रय / कार्य हेतु | 3.80 लाख | 26-12-25 | MHS 2526 SSOB 05579 |

DIPR/C/18978/2025

सदस्य सचिव (RMRS)
राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

# राजस्थान में फिल्म बनाना होगा आसान, भजनलाल सरकार ने दिया प्रोत्साहन

## जानें क्या है नई फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति-2025

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** राजस्थान सरकार ने फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 लॉन्च की है। राजस्थान अब फिल्म शूटिंग के लिए सबसे पसंदीदा जगह बनने जा रहा है। सरकार ने राजस्थान फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन नीति 2025 लॉन्च की है जो फिल्म निर्माताओं को बड़े फायदे देगी। इसमें सब्सिडी के साथ कारोबार करने में आसानी के कई नियम जोड़े गए हैं। इससे राज्य अन्य जगहों से ज्यादा आकर्षक बनेगा और फिल्म इंडस्ट्री में नई ऊंचाइयां छुएगा।

### रोजगार और संस्कृति का संरक्षण:

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नीति जारी करते हुए कहा कि राजस्थान के रेगिस्तानी इलाके ऐतिहासिक किले महल और



खूबसूरत प्राकृतिक जगहें दुनिया भर में मशहूर हैं। यह नीति राज्य को फिल्म हब बनाएगी जिससे युवाओं को नौकरियां और स्किल ट्रेनिंग के मौके मिलेंगे। फिल्मों के जरिए राजस्थान की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और पर्यटन भी बढ़ेगा।

### सरल प्रक्रियाएं और मजबूत सपोर्ट

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बताया कि फिल्म बनाने वालों को सिर्फ सब्सिडी ही नहीं बल्कि प्रशासनिक कामों को भी आसान बनाया जाएगा। इससे नीति का पालन आसानी से होगा और फिल्ममेकर्स बिना झंझट के काम कर सकेंगे।

### व्यय पर भारी सब्सिडी, 30 प्रतिशत तक राहत:

नीति में फीचर फिल्म वेब सीरीज टीवी सीरियल और डॉक्यूमेंट्री पर खर्च का 30 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलेगी. अधिकतम सीमा फीचर फिल्म के लिए 3 करोड़ रुपये वेब सीरीज के लिए 2 करोड़ टीवी सीरियल के लिए 1.5 करोड़ और डॉक्यूमेंट्री के लिए 2 करोड़ रुपये रखी गई है। सब्सिडी पाने के लिए फीचर फिल्म पर कम से कम 2 करोड़ रुपये जबकि बाकी पर 1 करोड़ रुपये राजस्थान में खर्च करना जरूरी होगा।

### स्क्रीन टाइम और शूटिंग पर अतिरिक्त फायदे:

अगर फिल्म में राजस्थान की जगहों को 5 से 15 प्रतिशत स्क्रीन टाइम मिला तो 10 प्रतिशत सब्सिडी 16 से 30 प्रतिशत पर 20 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से ज्यादा पर 30 प्रतिशत सब्सिडी दी जाएगी। 50 प्रतिशत शूटिंग दिन राजस्थान में होने पर 30 प्रतिशत तक सब्सिडी मिलेगी। अगर पूरी फिल्म यहां शूट हुई तो 5 प्रतिशत एक्स्ट्रा सब्सिडी मिलेगी।

### सरकारी जगहों पर मुफ्त शूटिंग :

सरकारी और केंद्र नियंत्रित जगहों पर शूटिंग फीस के 5 दिनों तक 100 प्रतिशत पैसे वापस मिलेंगे।अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड वाली फिल्मों को 1 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय अवॉर्ड वाली को 50 लाख रुपये अतिरिक्त मिलेंगे।

### युवाओं के लिए छात्रवृत्ति:

राजस्थान के छात्रों को पुणे के FTII कोलकाता के SRFTI और दिल्ली के ह्रस्ष्ठ में पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति मिलेगी. हर साल 10 छात्रों को 50 हजार रुपये तक ट्यूशन फीस और 5 हजार रुपये महीना स्टाइपेंड दिया जाएगा।

### डायरेक्टरी और पोर्टल, सब कुछ एक जगह:

पर्यटन विभाग शूटिंग जगहों की पूरी लिस्ट वाली डायरेक्टरी बनाएगा। एक ऑनलाइन पोर्टल भी आएगा जहां निर्माता कलाकार तकनीशियन और अन्य प्रोफेशनल्स की जानकारी मिलेगी. यह फिल्ममेकर्स के लिए वन-स्टॉप शॉप बनेगा।

### रिलीज और क्रेडिट के नियम:

हिंदी फिल्मों को कम से कम 200 स्क्रीन राजस्थानी को 25 और अन्य भाषाओं की को 100 स्क्रीन पर थिएटर में रिलीज करना जरूरी होगा। सब्सिडी वाली हर फिल्म में राज्य सरकार और पर्यटन विभाग को क्रेडिट देना अनिवार्य है।

# 50 बालिकाओं को स्वेटर वितरित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय भीवसरिया बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की 50 बालिकाओं को खींवकरण सिंगोदिया की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र हितेश सिंगोदिया व पत्नी चंदा देवी सिंगोदिया की ओर से विद्यालय गणवेश की स्वेटर का वितरण किया गया। भामाशाह हितेश सिंगोदिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि जयप्रकाश पारीक, राकेश पारीक और खुशी पारीक की सामूहिक प्रेरणा से उन्होंने बालिकाओं को स्वेटर वितरण किया है। प्रधानाचार्या शीतल मिश्रा ने आभार जताया और विद्यार्थियों को अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है, विद्यार्थी का जीवन अनुशासित और संयमित होना चाहिए तभी सफलता हासिल की जा सकती है। इस दौरान विद्यालय के नरेश कुमार, हीराराम मेघवाल, ममता सचदेवा, गणपति प्रजापत, सरिता फुलवारिया,सुधा जांगिड़, सुमित्रा चौधरी, रविंद्र ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

# श्री राम कथा में अनेक प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को किया भाव-विभोर



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के माहेश्वरी भवन में आयोजित रामकथा के चौथे दिन की कथा ने श्रोताओं के हृदय को गहराई तक स्पर्श कर दिया। इस दिन भगवान श्रीराम के वनवास का अत्यंत करुण प्रसंग प्रस्तुत हुआ। राजमहल का त्याग, माता कौशल्या का करुण विलाप, भरत-शत्रुघ्न का दुःख और प्रजाजनों की व्याकुलता सुनकर पूरा पंडाल भाव-विव्हल हो उठा। कथा वाचक कृष्णा नन्द महाराज ने बताया कि राम का वनवास केवल त्याग नहीं, बल्कि धर्म और मर्यादा की सर्वोच्च साधना है। कथा में आगे गंगा तट पर केवट की अद्भुत भक्ति का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। भगवान भक्तों के वस में होकर अपनी निर्मल भक्ति प्रदान करते है, केवट ने प्रभु के चरण धोकर गंगा पार कराने की विनती की और निष्काम प्रेम से सेवा की। केवट की यह सरल, निश्छल भक्ति यह संदेश देती है कि प्रभु को पाने के लिए धन या पद नहीं, बल्कि सच्चा भाव ही पर्याप्त है। चौथे दिन की रामकथा ने श्रोताओं को करुणा, त्याग और भक्ति के भाव से भर दिया तथा भगवान श्रीराम की मर्यादा और भक्तवत्सलता को हृदय में स्थापित कर दिया। कथा में अशोक कुमार पेड़ीवाल, पवन कुमार पेड़ीवाल, बसंत सोमानी, नेमचंद चांडक, बिरदीचंद मिमानी, महेश डागा, भगवती प्रसाद लखोटिया, तेजपाल चौधरी, प्रकाश चौहान, महेंद्र डागा, इंद्र प्रजापत, लक्ष्मीनारायण माली, संजय धुत, ललित कर्वा, श्याम लाल बजाज, राधेश्याम झंवर, मनोज सोनी, दीप्ति बजाज, प्रेरणा लखोटिया, सरला मूंदडा, बबीता गौड़, पिंकी करनानी, सोनम पेड़ीवाल, दीपिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।

# शहरी सेवा शिविर में उमड़ रहे लोग, हो रहे लाभान्वित




जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** वर्तमान सरकार के 02 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वायत शासन विभाग के निर्देश पर आयोजित शहरी समस्या शिविर 2025 के अंतर्गत 16 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले शिविर के सफल संचालन के संबंध में पालिका परिसर में ही अभियान के तहत् बुधवार को पालिका परिसर में ही पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 34 से 35 के लिए पालिका के कुन्दन देथा अधिशाषी अधिकारी के निर्देशन में शहरी समस्या शिविर 2025 कैम्प का आयोजन किया गया। पालिका में आयोजित कैम्प में वार्ड 34 से 35 के वासियों की समस्याओं का हल किया गया। कृषि भूमि का 01, 69-क का 01 आवेदन, जन्म के 8, मृत्यु प्रमाण पत्र के 03, प्रधानमंत्री आवास योजना के 05 आवेदनो को प्राप्त किया गया।, पेंशन योजना के 8, जन आधार 15 आवेदन, आधार सीडिंग के 20 आवेदन, स्ट्रीट लाईट 10 साफ-सफाई के 4 आवेदनो का निस्तारण किया गया तथा पी.एम.स्वनिधि के 2, तथा मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना के 3 जन का नाम आवेदन प्राप्त हुए है। इस दौरान पालिका के फायरमैन अर्जुन सिंह एसबीएम के दिलीप सोलंकी एमआइएस इंजिनियर, वेद प्रकाश, चन्दन सिंह बारी, प्रेमरतन नाई, पायल नाई, महेन्द्र कुमार भार्गव, लोकेश शर्मा, जसवन्त कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, महिपाल इस कैम्प में उपस्थित रहे।

# शहरी समस्या समाधान शिविर का लोगों ने उठाया फायदा

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहरी समस्या समाधान शिविर 2025 के अन्तर्गत 24 दिसंबर को वार्ड नं. 52 से 60 तक का शिविर कार्यालय नगर परिषद में आयोजित हुआ। जिसमें 20 पट्टा, नवीनीकरण 06, निर्माण स्वीकृति 03, लीज होल्ड से फ्री-होल्ड पटटे 09 की पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। यू.डी. टैक्स के आवेदन 08, घर-घर कचरा संग्रहण शिकायत 05, जीवीपी. 03, नाली मरम्मत 01, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 44, जनआधार संशोधन व अद्यतन 46, एन.एफ.एस.ए. आधार सिडिंग, ई-केवाईसी. 44, प्रधानमंत्री स्वनिधि 03, स्ट्रीट लाईट मरम्मत 3 के प्रकरण प्राप्त हुए, जो मौके पर निस्तारित किये गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई मे व्यवधान 04, पेयजल पाईलाईन लीकेज 02 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारण किया गया है। शिविर में पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप पार्षद, रिछपाल बिजारणियां, पुरूषोतम शर्मा, रेंवतमल पंवार, पार्षद हरिओम खोड़, विजय बटेसर, पार्षद प्रतिनिधि कमल दाधीच, गणेश मंडावरिया, पन्नालाल सोनी ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर प्रभारी सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, सहायक अभियंता चारवी, फायरमैन बबीता मीणा, रामनिवास जाट, देविका, व कम्प्यूटर ऑपरेटर दिनेश गुर्जर, सोहनलाल मेघवाल, देवेन्द्र दाधीच, प्रीतम फलवाड़िया, दीपक, निकिता, नगर परिषद तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं की हत्या पर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार और दीपू चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में बुधवार को रतनगढ़ में सनातन सेवा न्यास के बैनर तले ज्ञापन सौंपा गया। न्यास के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी एसडीएम कार्यालय में तहसीलदार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि दीपू चंद्र दास की हत्या पुलिस कस्टडी में होने के बावजूद की गई, जो बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था की गंभीर विफलता को दर्शाती है। संगठनों ने प्रधानमंत्री से अपील की कि वह बांग्लादेश सरकार पर कठोर दबाव डालें, हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करें और आवश्यकता पड़ने पर निर्णायक कदम उठाएं। सनातन सेवा न्यास ने इसे पीड़ित हिंदुओं की करुण पुकार और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया। इस अवसर पर विनोद प्रजापति, दिनेश लाहोटी, रमेश मोयल, भरवलाल ट्रेलर, उमाशंकर शर्मा, विनोद चोमाल, पंकज शर्मा, गणेश जोशी, महेश जोशी, तुलसी राम महर्षि, बादल महर्षि, गोविंद खठोड, आकाश हिंदू, अनिल कुमार, रामधन गुर्जर, कमल सोनी, हनुमान सिंह, प्रीतम हिंदू, पंकज हिंदू, एडवोकेट मनीष सीतसर, गौतम कुमार, गजेंद्र कुमार, ओमप्रकाश गाडगिल, रामोतार सेवदा सहित विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल आदि के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस संगोष्ठी का समापन

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निस)।** जिला कलेक्टर सभागार में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दामोदर प्रसाद माटोलिया ने उपभोक्ता कानूनो को वर्तमान में अधिक कठोर और सख्ती से लागू होना आवश्यक बताया। विशिष्ट अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी चंद्र प्रकाश महर्षि ने चाइनीज़ मांजे को उपयोग में नहीं लाने का संकल्प लेने की बात कहते हुए कहा कि उपभोक्ता को गलत को गलत कहने का साहस रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उपभोक्ता जागरण समिति के अध्यक्ष एडवोकेट सत्यनारायण सिखवाल ने उपभोक्ताओं की जागृति के लिए शहर में मुख्य स्थानो पर होर्डिंग लगाने और मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच करने के लिए प्रयोगशाला की स्थापना की बात कही। विचार गोष्ठी की राष्ट्रीय थीम 'एफिशिएंट एंड स्पीडी डिस्पोजल थ्रू डिजिटल जस्टिस' विषय का विस्तृत अर्थ कंज्यूमर कनफेडरेशन ऑफ़ इंडिया की जिलाध्यक्ष तृप्ति त्रिपाठी ने बताते हुए कहा कि ई-जागृति पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ताओं को जल्दी समाधान, कम खर्चे में पेपर लेस वर्क व पारदर्शिता के साथ मिलता है। वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट पुरुषोत्तम शर्मा ने उपभोक्ताओं के अधिकारों के बारे में बताते हुए आम उपभोक्ता का उपभोक्ता न्यायालयों तक पहुंचना कठिन होने की बात कही। बाल कल्याण समिति के सदस्य बिहारी लाल बालान ने कहा कि केवल उपभोक्ता दिवस मनाने से नहीं बल्कि धरातल पर कार्य करने से ही यह सार्थक होगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महावीर पुरोहित ने उपभोक्ता दिवस के इतिहास के बारे में जानकारी दी। जिला रसद विभाग से प्रवर्तन अधिकारी योगेश कुमार ने विभाग की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। एडवोकेट रफीक, वीरेंद्र वर्मा, पूरण सिंह, विजेंद्र खींची, विनोद नायक, कल्पना चौधरी, फिरोज, अखिल भारतीय ग्राहक मंच से पुनीत सैनी व अनिल ढूकिया आदि ने चर्चा में भाग लिया।

# प्रतिबंधित पॉलिथीन पर नगर पालिका की कार्रवाई सवालों के घेरे में

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नगर पालिका प्रशासन की ओर से बुधवार को प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलिथीन के खिलाफ की गई कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। जानकारी के अनुसार एक दिन प्रशासन ने अभियान चलाकर कार्रवाई की, लेकिन अगले ही दिन गुरुवार को यह अभियान ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कार्रवाई के दौरान 50 हजार से अधिक आबादी वाले लक्ष्मणगढ़ शहर से लगभग 20 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन जप्त की गई, जिससे प्रशासन की कार्यशैली पर संदेह खड़े हो रहे हैं। शहरवासियों का कहना है कि इतने बड़े शहर में केवल 20 किलो प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलना अविश्वसनीय प्रतीत होता है। बाजारों में अनेक बड़े व्यापारी खुलेआम पॉलिथीन का व्यवसाय करते हैं, ऐसे में प्रशासनिक अमले को इतनी कम मात्रा मिलना कई सवालों को जन्म देता है। यदि वास्तव में शहर में प्रतिबंधित पॉलिथीन की मौजूदगी इतनी ही सीमित थी, तो फिर आम तौर पर बाजारों में इसका खुलेआम उपयोग कैसे हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पालिका की यह कार्रवाई वास्तविक नियंत्रण के बजाय केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रही। आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि कार्रवाई के नाम पर छोटे व्यापारियों को निशाना बनाया गया, जबकि बड़े व्यापारियों पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनता ने मांग की है कि नगर पालिका निष्पक्ष व प्रभावी अभियान चलाकर प्रतिबंधित पॉलिथीन पर सख्ती से रोक लगाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य सही मायनों में पूरा हो सके ।

# बाड़े में शव मिलने से फैली सनसनी

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बुधवार की शाम को स्थानीय दूलिया बास में टोडूजी की चक्की के पास एक नोहरे में शव मिलने से सनसनी फैल गई। मोहल्ले के बच्चे पतंग लेने नोहरे में घुसे तो उन्होंने शव को देखा और आसपास के लोगों को बताया। मौके पर पहुंचे वार्ड नं. 35 के पार्षद पुरुषोत्तम शर्मा ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद कोतवाली सीआई बेगाराम मीणा टीम के साथ मौक पर पहुंचे मौका निरीक्षण किया। पार्षद ने बताया कि मंगलवार की रात नोहरे के पीछे स्थित घर के मालिक लक्ष्मीनारायण बागड़ा करीब एक बजे जागरण से लौटे थे। तब उन्हें घर के अंदर से कुछ आवाजें सुनाई दी। घर का मुख्य दरवाजा बंद था, जबकि अन्दर कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। बागड़ा को शक हुआ तो गेट बंद करके अपने भाई गोपाल को बुलाने चले गए। वापस लौटने पर जब कमरा चेक किया तो कोई नहीं मिला। इसी समय उन्हें छत की तरफ कुछ आवाजें सुनाई दी। संभवतया चोर घबरा कर सीढ़ियों से छत पर चला गया और पीछे बने विनोद बागड़ा के नोहरे में कूद गया होगा। बुधवार को नोहरे में डेड बॉडी मिली। बॉडी के पास दो पेचकस और कुछ अन्य औजार भी मिले। मृतक के चेहरे समेत शरीर पर कई चोटें भी नजर आई। फिलहाल, पुलिस मामले की हर एंगल से जांच करने में जुटी है। पुलिस शव की शिनाख्त करने के प्रयास कर रही है। मृतक के शव को राजकीय बगड़िया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जिसकी उम्र 30-32 साल बताई जा रही है।

# शिविर में 165 नेत्र रोगियों की जांच

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लायंस क्लब सुजानगढ़ व शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व हितेश ज्वेलर्स, सुजानगढ़ के आर्थिक सौजन्य से बुधवार को नेत्र चिकित्सा शिविर माहेश्वरी सेवा सदन में आयोजित किया गया। चिकित्सा शिविर के भामाशाह सीताराम, पवन मौसूण, लायंस क्लब जोन 1 के चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया, अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक, उपाध्यक्ष एडवोकेट रजनीकांत सोनी एवं शंकरा आई हॉस्पिटल के डॉक्टर हिमांशी गुरनानी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। शंकरा आई हॉस्पिटल की टीम ने 165 रोगियों का परीक्षण किया और ऑपरेशन के लिए 70 रोगियों का चयन किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन प्रशांत पारीक ने आभार व्यक्त किया। लायंस क्लब की ओर से रोगियों को मुफ्त दवाइयां व चश्मे दिए गए। लॉयन एम जे एफ कमल तापड़िया, प्रशांत पारीक, एडवोकेट रजनीकांत सोनी, पवन मौसूण, देवकृष्ण मालपानी, देवेंद्र बेदी, रोहित शर्मा, सहदेव सोनी, कैलाश तंवर, सुषमा मूंदड़ा, सुनीता तापड़िया, ऊषा तंवर, रेखा सोनी, मोनिका सोनी, सुनीता बेदी, चित्रा जगवानी, समाजसेवी सुरेंद्र मिरणका व सहयोगी मोहम्मद अनवर मौलानी, गोपालचंद सोनी, गिरधारी प्रजापत, मालाराम प्रजापत, आदिल भाटी एवम माहेश्वरी सेवा सदन के मैनेजर महावीर शर्मा, विकास, शंकरा आई हॉस्पिटल के अजीत तंवर व टीम, अनुकम्पा नर्सिंग होम के नर्सिंग स्टाफ ने भी अपनी सेवाएं दी।

# अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण की मांग को लेकर चूरू में जनआंदोलन

## राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** अरावली पर्वत श्रृंखला के संरक्षण की मांग को लेकर शहीद भगतसिंह युवा क्रान्तिकारी मंच राजस्थान के तत्वावधान में बुधवार को चूरू में जनआंदोलन आयोजित किया गया। आंदोलन के तहत मंच से जुड़े युवाओं, किसानों, पर्यावरण प्रेमियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने इंद्रमणि पार्क से कलेक्ट्रेट सर्किल तक शांतिपूर्ण रैली निकाली। रैली के दौरान प्रदर्शनकारियों ने 'अरावली बचाओ' 'पर्यावरण बचाओ' और 'आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करो' जैसे नारे लगाए। कलेक्ट्रेट सर्किल पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम सुनील कुमार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में बताया गया कि अरावली पर्वत श्रृंखला भारत की प्राचीनतम पर्वतमालाओं में से एक है, जो राजस्थान सहित उत्तर-पश्चिम भारत के पर्यावरणीय संतुलन की आधारशिला है। यह भू-जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जैव विविधता की रक्षा और मरुस्थलीकरण को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार के पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत अरावली की वर्तमान परिभाषा पर पुनर्विचार की मांग की। साथ ही अरावली पर्वतमाला को उसकी संपूर्ण भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान के साथ स्थायी संरक्षण देने और अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि अरावली को सीमित तकनीकी या संख्यात्मक मापदंडों में बांधा गया तो इसके बड़े भू-भाग के संरक्षण से बाहर होने का खतरा बढ़ जाएगा, जिससे अवैध खनन, वनों का क्षरण और जल संकट और गंभीर हो सकता है।